हनुमानगढ़ जंक्शन
गुरुवार 20 जून 2024
ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी सम्वत् 2081
वर्ष 54 | अंक 166 | ₹ 4.00 | पृष्ठ 12
फोन : 269443, मो. 94140-95543, 99585-95529
Email: dainiktej@gmail.com
आरएनआई रजि. नं. 23549/71, पोस्टल रजि. नं.गंगानगर/29/2024-2026

संस्थापक स्व. डॉ. तेजनारायण शर्मा
राजस्थान, पंजाब, हरियाणा का लोकप्रिय दैनिक
# तेज

**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 77,337.59 | +36.45 |
| निफ्टी | 23,521.60 | -36.30 |
| डॉलर | 83.43 | |

**हनुमानगढ़ का तापमान**

न्यूनतम 28° अधिकतम 40°

# किसानों को सौगात, 14 खरीफ फसलों की बढाई एमएसपी

## केंद्र सरकार ने किया एलान

**नई दिल्ली.** केंद्र सरकार ने बुधवार को 14 खरीफ फसलों के मिनिमम सपोर्ट प्राइज का ऐलान किया। इसमें रागी, बाजरा, बाजरा, मक्का और कॉटन शामिल हैं। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि धान का नया एमएसपी 2,300 रुपए तय किया गया है, जो पिछली एमएसपी से 117 रुपए ज्यादा है। कपास का नया एमएसपी 7,121 होगा। इसकी एक दूसरी किस्म के लिए नया एमएसपी 7,521 रुपए होगा, जो पहले से 501 रुपए ज्यादा है। अश्विनी वैष्णव ने बताया ने कि देश में 2 लाख नए गोदाम बनाए जाएंगे। नई एमएसपी पर 2 लाख करोड़ रुपए खर्च होंगे। यह



पिछले फसल सीजन की तुलना में 35 हजार करोड़ ज्यादा है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि एमएसपी फसल की लागत का कम से कम 1.5 गुना होनी चाहिए।

## क्या है एमएसपी या मिनिमम सपोर्ट प्राइस?

न्यूनतम समर्थन मूल्य वो गारंटेड मूल्य है जो किसानों को उनकी फसल पर मिलता है। भले ही बाजार में उस फसल की कीमतें कम हो। इसके पीछे तर्क यह है कि बाजार में फसलों की कीमतों में होने वाले उतार-चढ़ाव का किसानों पर असर न पड़े। उन्हें न्यूनतम कीमत मिलती रहे। सरकार हर फसल सीजन से पहले सीएसीपी यानी कमीशन फॉर एग्रीकल्चर कॉस्ट एंड प्राइजेस की सिफारिश पर एमएसपी तय करती है। यदि किसी फसल की बम्पर पैदावार हुई है तो उसकी बाजार में कीमतें कम होती हैं, तब एमएसपी उनके लिए फिक्स एश्योर्ड प्राइज का काम करती है। यह एक तरह से कीमतों में गिरने पर किसानों को बचाने वाली बीमा पॉलिसी की तरह काम करती है।

## दो साल में इन फसलों पर यूं बढ़ी एमएसपी

| फसल | 2024-25 | 2023-24 | कितनी बढ़ी |
|---|---|---|---|
| धान (सामान्य) | 2300 | 2183 | 117 |
| धान ( I ग्रेड) | 2320 | 2203 | 117 |
| ज्वार (हाईब्रिड) | 3371 | 3180 | 191 |
| ज्वार (मालदंडी) | 3421 | 3225 | 196 |
| बाजरा | 2625 | 2500 | 125 |
| रागी | 4290 | 3846 | 444 |
| मक्का | 2225 | 2090 | 135 |
| तुअर/अरहर | 7550 | 7000 | 550 |
| मूंग | 8682 | 8558 | 124 |
| उड़द | 7400 | 6950 | 450 |
| मूंगफली | 6783 | 6377 | 406 |
| सूरजमुखी | 7280 | 6760 | 520 |
| सोयाबीन | 4892 | 4600 | 292 |
| तिल | 9267 | 8635 | 632 |
| रामतिल | 8717 | 7734 | 983 |
| कपास (मिडिल स्टेपल) | 7121 | 6620 | 501 |
| कपास (लॉन्ग स्टेपल) | 7521 | 7020 | 501 |

नोट: आंकड़े रुपए प्रति क्विंटल में




# नालंदा एक नाम नहीं बल्कि पहचान और सम्मान है: मोदी

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नालंदा दौरा, विश्वविद्यालय में नए कैंपस का किया उद्घाटन, कहा-आग की लपटें नहीं मिटा सकतीं ज्ञान

**नई दिल्ली.** पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को 1749 करोड़ रुपए से बने नालंदा यूनिवर्सिटी के नए कैंपस का उद्घाटन किया। उन्होंने 21 मिनट तक कार्यक्रम को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ ग्रहण करने के बाद पहले 10 दिनों में ही नालंदा आने का मौका मिला है। यह मेरा सौभाग्य तो है ही, मैं इसे भारत की विकास यात्रा के एक शुभ संकेत के रूप में देखता हूं। नालंदा केवल एक नाम नहीं है। नालंदा एक पहचान है, एक सम्मान है। नालंदा एक मूल्य है, मंत्र है, गौरव है, गाथा है। नालंदा इस सत्य का उद्घोष है कि आग की लपटों में पुस्तकें भले जल जाएं, लेकिन आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं। कार्यक्रम में सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि पुरानी सरकार बात नहीं सुनती थी। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी के लिए कई बार उन्होंने अनुरोध किया था। इससे पहले प्रधानमंत्री ने करीब 15 मिनट तक 1600 साल पुराने प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के खंडहर का दौरा किया। खंडहर में प्रधानमंत्री 10.03 बजे पहुंचे। 10.24 मिनट... शेष पेज 9 पर

# नगरपरिषद आपके द्वार अभियान के तहत वार्ड 46 व 47 का निरीक्षण

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

नगरपरिषद हनुमानगढ़ द्वारा विधायक गणेशराज बंसल के निर्देशानुसार चलाये गये नगरपरिषद आपके द्वार अभियान के तहत बुधवार को टाउन के वार्ड नम्बर 46 व 47 का निरीक्षण किया। निरीक्षण में सभापति सुमित रणवां के नेतृत्व में पार्षद प्रदीप मित्तल, पार्षद अर्चित अग्रवाल, पार्षद मदी, अधिशाषी अभियंता कर्मचन्द अरोड़ा, नोड्ल अधिकारी देवेन्द्र कौशिक, जेईएन आनंद, स्वच्छता निरीक्षक जगदीश सिराव, मुस्कान अरोड़ा, हिना खान, जेईएन



इलैक्ट्रिक कमल, लाईनमैन संजय सहित अन्य विभागों के संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया। निरीक्षण के दौरान वार्ड की छोटीं छोटी गलियों के निर्माण की समस्या सामने आई। सभापति सुमित रणवां ने कहाकि छोटी गलियां होने के कारण यहां प्लांट नही लग सकता, इस कारण मैनवल रूप से उक्त गलियों का निर्माण तुरन्त प्रभाव से शुरू करवाया जायेगा, जिसके लिए उचित निर्देश ... शेष पेज 9 पर

# राजथान के 65 लाख से अधिक किसानों के खाते में 1 हजार 300 करोड़ स्थानांतरित

» प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से लाभान्वित हो रहे किसान

**जयपुर.** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 17वीं किस्त जारी की। प्रधानमंत्री ने बटन दबाकर डीबीटी के माध्यम से देश के 9.26 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में करीब 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी इस कार्यक्रम में जयपुर से वीसी के माध्यम से शामिल हुये। पीएम किसान योजना की 17वीं किस्त से लाभान्वित होने वाले किसानों में राजस्थान के भी 65 लाख से अधिक किसान शामिल है। जिनके बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से लगभग 1 हजार 300 करोड़ रुपए स्थानांतरित किए गए। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने भी राज्य में पीएम किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों को 6 हजार रुपए के अतिरिक्त प्रति वर्ष 2 हजार रुपए मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत देने का निर्णय किया है। इससे राज्य पर प्रतिवर्ष 1300 करोड़ रुपए का वित्तीय भार आएगा। किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी के भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक शक्ति बनाने में कृषि की महत्वपूर्ण भूमिका है। ... शेष पेज 9 पर

# पानी को लेकर मच रहे हाहाकार के बीच पटवारियों के 145 पद किए समाप्त

## मुख्य अभियंता जल संसाधन उत्तर हनुमानगढ़ के अधीन थे उक्त पद

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

पंजाब सरकार की ओर से राजस्थान को शेयर के मुताबिक नहरी पानी नहीं देने को लेकर मचे हाहाकार के बीच राज्य की भजनलाल सरकार ने किसानों को एक और झटका दिया है। राज्य के जल संसाधन विभाग के सहायक शासन सचिव कैलाश चंद मीणा ने 18 जून 2024 को एक आदेश जारी कर मुख्य अभियंता जल संसाधन उार हनुमानगढ़ के अधीन 145 पटवारियों के पदों को समाप्त करने की प्रशासनिक स्वीकृति जारी कर दी है। खास बात यह है कि इनमें से आधे से अधिक पद श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और अनूपगढ़ जिले में सृजित थे।

## 25 कार्यालयों के अधीन 145 पदों को किया समाप्त

सहायक अभियंता जल संसाधन उार उपखंड श्रीगंगानगर में 06, सहायक अभियंता जल संसाधन उपखंड श्रीकरणपुर 08, सहायक अभियंता जल संसाधन उपखंड पदमपुर 07, सहायक अभियंता जल संसाधन दक्षिण उपखंड श्रीगंगानगर 07, सहायक अभियंता...शेष पेज 9 पर

# सिंचाई पानी के लिए किसान कर रहे त्राहि-त्राहि: इंदौरा

## सांसद ने लिखा सीएम भजनलाल शर्मा को पत्र

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

गंगनहर में सिंचाई पानी को लेकर सांसद कुलदीप इंदौरा ने सीएम भजनलाल शर्मा को पत्र लिखा है। पत्र के मुताबिक, गंगनहर क्षेत्र के किसानों के साथ अन्याय हो रहा है। शेयर के अनुरूप सिंचाई पानी नहीं



मिलने से किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सांसद कुलदीप इंदौरा ने कहाकि गंगनहर का इस माह का शेयर 2500 क्यूसेक है जबकि नहर में मात्र 1080 क्यूसेक पानी प्रवाहित हो रहा है। इससे अधिकांश वितरिकाएं बंद हैं, सूख गई हैं। किसान सिंचाई पानी के लिए त्राहि-त्राहि कर रहे हैं लेकिन इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कॉटन बेल्ट के तौर विख्यात यह इलाका बर्बादी की तरफ जा रहा है। करीब 1.25 हेक्टेयर में खड़ी नरमा-कपास की फसलों पर ... शेष पेज 9 पर

# जिला स्तरीय जनसुनवाई आज

**हनुमानगढ़।** जिले में गुरुवार को होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई में जिला कलक्टर कानाराम जंक्शन स्थित कलक्ट्रेट सभागार में सुबह 11 बजे से आमजन की परिवेदनाएं सुनेंगे। जनसुनवाई में सांसद, जिला प्रमुख, विधायकों सहित जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। जिला कलक्टर कानाराम ने बताया कि इस जनसुनवाई में जिले का कोई भी व्यक्ति अपनी परिवेदना प्रस्तुत कर सकता है। जिला कलक्टर ने दर्ज प्रकरणों की समय-समय पर समीक्षा करने, असंतुष्ट परिवादियों को भी जनसुनवाई में बुलाकर उनकी परिवेदनाओं का संतुष्टिपूर्ण निस्तारण करने, जनसुनवाई के दौरान प्राप्त सभी परिवादों को तीन दिवस में सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। जिला कलक्टर ने ग्रामीण क्षेत्र में प्रचार-प्रसार करने, जनसुनवाई में जन-प्रतिनिधियों को आमंत्रित करने, ... शेष पेज 9 पर

# कस्वां के बाद भाटी ने साधा निशाना अमित शाह से मिले राजेंद्र राठौड़

» भाजपा में चुनावी हार के बाद अंदरखाने गरमाई राजनीति, नेताओं के बयान से राठौड़ की बदनामी

**जयपुर.** बीजेपी नेता देवी सिंह भाटी के बयानों के बाद राजस्थान की सियासत का पारा चढ़ा हुआ है। उन्होंने लोकसभा चुनाव में बीजेपी की हार का ठीकरा पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ पर फोड़ दिया। इसके बाद सियासी गलियारों में राठौड़ को बीजेपी की हार का जिम्मेदार बताने के बयान पर हलचल तेज हो गई है। इस बीच चूरू सांसद राहुल कस्वां और देवी सिंह भाटी के बयानों से घायल हुए राजेंद्र राठौड़ दिल्ली पहुंच गए। उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस मुलाकात को लेकर कई मायने निकालने जा रहे हैं। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि जिस तरीके से चूरू सांसद और भाटी के बयानों से उनकी बदनामी हुई है उसको लेकर कहीं ना कहीं राठौड़ बीजेपी हाई कमान...शेष पेज 9 पर

# पेट्रोल-डीजल को जीएसटी में शामिल करे सरकार: कृष्ण जैन

» बजट से पहले व्यापारी नेताओं ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र

**तेज. रिपोर्टर. हनुमानगढ़।** हनुमानगढ़ जिला खाद्य व्यापार संघ ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर बजट में व्यापारियों से जुड़े मुद्दों पर ध्यान देने का आग्रह किया है। जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार जैन, सचिव अजय सर्राफ व कोषाध्यक्ष प्यारेलाल बंसल ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहाकि कोरोना काल में कृषि जिंसों की नीलामी पर एक साल के लिए कृषक कल्याण शुल्क के नाम पर 0.5 फीसद टैक्स लगाया गया था लेकिन वह अब तक जारी है। इसे खत्म करने की जरूरत है। ... शेष पेज 9 पर

# न्यौलखी में रात्रि चौपाल में कलक्टर ने सुनी विद्युत पेयजल सहित विभिन्न विभागों से संबंधित परिवेदनाए

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

दूर दराज होने के कारण कई बार आप दफ्तरों तक नहीं पहुंच पाते, दिन में खेतों में काम कर रहे होते है इसलिए रात में आपकी समस्याएं सुनने के लिए रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया है। जिला कलक्टर काना राम ने यह बात रावतसर ब्लॉक के गांव न्योलखी में मंगलवार रात को रात्रि चौपाल में कहीं। न्योलखी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में जिला कलेक्टर ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ आमजन की परिवेदनाएं सुनी। रात्रि चौपाल में कृषि, विद्युत, पेयजल, चिकित्सा, पशुपालन, आईसीडीएस, सामाजिक अधिकारिता, शिक्षा विभाग, पंचायतीराज सहित सभी विभागों के अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को बताया।



चिकित्सा विभाग के बीसीएमओ डॉ. मननेंद्र सिंह ने बताया कि न्योलखी पीएचसी को सीएचसी में क्रमोन्नत कर दिया गया है, जिससे गांव वासियों को अनेकों जांचे, दवाईयां, चिकित्सकीय परामर्श निशुल्क उपलब्ध हो सकेगा। सीबीईओ दुलीचंद शर्मा ने 1 जुलाई से विद्यालयों में नव प्रवेश तथा शिक्षा विभाग द्वारा छात्रों को दी जाने वाली सुविधाओं और योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। जिला कलेक्टर ने बताया कि पिछले वर्ष इसी दिन जिले में विद्युत खर्च 60 लाख यूनिट था, जो आज 93 लाख यूनिट है। इसलिए विद्युत के अत्यधिक खर्च के कारण, विद्युत इकाइयों पर अधिक भार है। काना राम ने बताया कि न्योलखी में अनुमानित 3.5 करोड़ रुपए की लागत से नवीन जीएसएस का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जो नवंबर में पूरा होगा। जीएसएस का कार्य पूर्ण होने से गांव में विद्युत आपूर्ति की समस्याओं का समाधान हो जाएगा। ग्रामीणों ने अधिकतर पेयजल और विद्युत सप्लाई को लेकर परिवेदनाएं दी, उन्होंने बताया कि अंतिम घरों में पानी नहीं पहुंच पाता। जिला कलेक्टर ने पीएचईडी के एक्सईएन और जेईएन को इसकी जांच कर तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए तथा जिला कलेक्टर ने कहा कि कोई भी घर पेयजल से वंचित नहीं रहना चाहिए, जरूरत हो तो पानी सप्लाई के समय में वृद्धि करें। जल उपभोक्ता संगम के अध्यक्ष ने बताया कि हमीरदेसर गांव में फव्वारा पद्धति से सिंचाई के लिए 15 वर्ष पूर्व डिग्गी बनी थी। डिग्गी से पानी सप्लाई के लिए लगाई गई मोटर और अन्य उपकरण पुराने हो चुके, जिन्हें बदलने की आवश्यकता है। जिला कलेक्टर ने सिंचाई विभाग... शेष पेज 9 पर

# राजन अरोड़ा व प्रवीण परमार महामंत्री व नवीन बाकोलिया प्रवक्ता नियुक्त

**तेज. रिपोर्टर. हनुमानगढ़।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल हनुमानगढ़ जंक्शन के अध्यक्ष प्रकाश तंवर ने प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी एवं जिला अध्यक्ष देवेंद्र पारीक के निर्देश अनुसार नगर मंडल कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नगर मंडल कार्यकारिणी की घोषणा की। जिसमें राजन अरोड़ा एवं प्रवीण परमार को महामंत्री, पुरुषोत्तम सोनी, सौरभ अरोड़ा, सागर शर्मा, नरेश पुरोहित, जितेंद्र तेजवानी, केशव पाल को उपाध्यक्ष, अशोक शर्मा, उदय पाल चिराणिया, रवि सिंगीकाट, अर्जुन विमल, जगजीत सिंह काला, राकेश गोयल को मंत्री, विशंभर कुमार प्रजापत को आईटी सेल संयोजक एवं नवीन बाकोलिया को प्रवक्ता नियुक्त किया।














# जिसे विधायक थाने में आकर ले गए वह बेटे सहित शोरूम खोलने के नाम पर 80 लाख की धोखाधड़ी का आरोपी

## अभी भी गिरफ्तारी की तलवार हटी नहीं

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी



भाजपा विधायक जयदीप बिहानी कल शाम खुद जवाहरनगर थाना में आकर जिस बुजुर्ग व्यक्ति लेखराम बंसल को अपने साथ ले गए वह अपने बेटे अनिल सहित शोरूम खोलने के नाम पर 80 लाख रुपए की धोखाधड़ी का आरोपी है। लेखराम और उसके बेटे अनिल के विरुद्ध कपिल बंसल की रिपोर्ट पर विगत एक मई को धोखाधड़ी तथा जालसाजी की धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर नरेश कुमार लगभग 40 दिन से इस प्रकरण की जांच कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान लेखराम को पूछताछ के लिए कई बार थाने में बुलाया गया था। वे थाने में हाजिर भी हुए। आरोपों की जांच और पूछताछ में दोषी पाए जाने पर ही लेखराम बंसल को कल शाम थाने में लाया गया था। थाने में लाने की रपट दर्ज होने के कुछ ही क्षण बाद विधायक जयदीप बिहानी थाने में पहुंचे और लेखराम बंसल को उसी समय साथ ले जाने पर पड़ गए। थाना प्रभारी सीआई देवेंद्रसिंह राठौड़ तब थाने में नहीं थे।वह बीकानेर गए हुए थे। विधायक के अड जाने का पता चलने पर सहायक पुलिस अधीक्षक (एएसपी) बी. आदित्य थाने में पहुंचे। काफी देर की बातचीत के बाद पुलिस ने सीआरपीसी की धारा 41 के जरिए रास्ता ढूंढा। लेखराम बंसल को इस धारा के तहत 10 दिन में उक्त प्रकरण में अपना जवाब पेश करने का वक्त देकर छोड़ दिया गया तब विधायक उन्हें अपने साथ ले गए। विधायक जयदीप बिहानी अपनी मध्यक्षता में दोनों पक्षों में 10 दिन में राजीनामा करवा देने का आश्वासन पुलिस को देकर लेखराम को ले गए। पुलिस के मुताबिक लेखराम बंसल ने अपने खिलाफ दर्ज हुए इस मामले को खत्म करवाने के लिए जोधपुर हाईकोर्ट में याचिका दायर की है,जिस पर अभी कोई आदेश जारी नहीं हुआ। इस मामले में पुलिस जहां अपनी जांच करती रही, वहीं आरोपी का दूसरा पक्ष से राजीनामा होने का इंतजार भी किया। दोनों पक्ष पारिवारिक रूप से राजीनामा का प्रयास भी करते रहे लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस की जांच में दोषी पाने पर ही लेखराम को थाने में लाया गया था। सीआरपीसी की धारा 41 के तहत भारतीय दंड संहिता की जिन धाराओं में अधिकतम 7 वर्ष की सजा का प्रावधान है,उसमें पुलिस प्रकरण की प्रकृति और जांच अधिकारी के विवेक पर आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद थाने से ही छोड़ देने का प्रावधान है। पुलिस इस प्रावधान का अक्सर इस्तेमाल करती है। अधिकांशतः से नहीं भी करती। जांच अधिकारी एसआई नरेश कुमार ने आज बताया कि अगर 10 दिन में लेखराम बंसल ने अपना जवाब नहीं दिया अथवा जवाब संतोषजनक नहीं हुआ तो उसे गिरफ्तार किया जा सकता है। उसके बेटे अनिल के खिलाफ अभी जांच लंबित है।

### यह है पूरा मामला

पुलिस के मुताबिक जवाहरनगर के सेक्टर नंबर 1 में छिन्नमस्तिका कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर कपिल बंसल द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर उसके ताऊ लेखराम बंसल और ताऊ के बेटे अनिल बंसल पर षडयंत्रपूर्वक अमानत में खयानत और धोखाधड़ी का मामला विगत 1 मई को दर्ज हुआ था।पुलिस को दी रिपोर्ट में कपिल बंसल ने बताया कि अंबिका सिटी निवासी लेखराम बंसल उसका सगा ताऊ और अनिल बंसल उसका बेटा है। सितंबर 2020 में दोनों ने उसके पिता विजयकुमार बंसल को बताया कि उन्होंने एक विदेशी कंपनी से बात की है। विदेशी कंपनी की फ्रेंचाइजी लेकर शिव चौक में हुए शोरूम खोलना चाहते हैं,जिसके लिए उनको रूपयों की आवश्यकता है। शोरूम खोलने पर 100 प्रतिशत मुनाफा होगा। यह झांसा देकर उसके पिता से 80 लाख रुपए ले लिए। यह राशि उसके पिता ने छिन्नमस्तिका कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के खाते से आरटीजीएस द्वारा 29 सितंबर 2020 को ट्रांसफर की गई थी।कपिल बंसल का आरोप है कि इसके 6 महीने बाद तक लेखराम और अनिल ने कोई शोरूम नहीं बनाया। ना ही कंपनी का कोई काम शुरू किया। पूछने पर कहते रहे कि उनकी विदेशी कंपनी से बात चल रही है,जैसे ही बात फाइनल होगी, वे काम शुरू कर देंगे। इसी बीच 27 मई 2023 को उसके पिता विजय बंसल का देहांत हो गया। इसके बाद भी वह लगातार शोरूम खोलने के बारे में लेखराम और अनिल से बात करता रहा। कंपनी के दूसरे डायरेक्टर राकेश गुप्ता तथा कंवलजीत चुघ भी इस संबंध में इन दोनों के पास बात करने के लिए गए। उन्होंने अपनी राशि कंपनी में जमा करवाने को कहा तो उक्त दोनों आरोपी कहने लगे कि उन्होंने तो धोखे में रखकर रुपए लेने थे,जो उन्होंने ले लिए। अब उनके पास कुछ नहीं है।पुलिस ने बताया की धारा 420, 406 और 120-बी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

# गृहक्लेश में पत्नी की कुल्हाड़ी से हत्या गुरुसर मोडिया में सनसनीखेज वारदात

तेज | संजय सेठी. श्रीगंगानगर



श्रीगंगानगर जिले के सूरतगढ़ सदर थाना क्षेत्र में चक 36 एमओडी गुरुसर मोडिया में कल देर रात को एक व्यक्ति ने गृह क्लेश के चलते पत्नी की कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी। उसकी पत्नी की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। सूरतगढ़ सदर थाना प्रभारी सीआई कृष्ण कुमार ने बताया कि कल रात 12:30 बजे पुलिस कंट्रोल रूम के माध्यम से गुरुसर मोडिया में एक महिला की हत्या कर दिए जाने की सूचना मिली। वे दलबल सहित मौके पर पहुंचे तो वीरपाल कौर (38) अपने घर के अंदर चारपाई पर खून से लथपथ पड़ी थी। घर में उसके 13 और 10 वर्ष के दो बच्चे रो रहे थे।आसपास के काफी लोग इकट्ठा थे। घटना स्थल पर बाद में सूरतगढ़ के डीएसपी प्रतीक मील भी पहुंच गए।रात को मौके की कार्यवाही के बाद शव को सरकारी अस्पताल के मुर्दाघर में सुरक्षित रखवा दिया गया। वीरपाल कौर के भाई बिट्टू द्वारा आज दी गई रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज किया गया, जिसमें कुलदीप बाल्मीकि (42) पर हत्या करने का आरोप लगाया गया है। थाना प्रभारी के अनुसार हनुमानगढ़ जिले में पीलीबंगा तहसील क्षेत्र के गांव सरावंसर की निवासी वीरपालकौर की शादी लगभग 18 वर्ष पहले कुलदीप सिंह से हुई थी। कुलदीपसिंह भेड़ बकरियां चराता है।वह अत्यधिक शराब पीने का आदी है। उसकी शराब पीने की लत के साथ-साथ घर गृहस्थी की छोटी-छोटी बातों को लेकर वीरपाल कौर से कहा सुनी होती रहती थी। वीरपालकौर उसकी शराब की लत को छुड़वाने का प्रयास कर रही थी।वह उसे श्रीगंगानगर में इसकी दवा दिलवाने भी लेकर जाती थी। कल मंगलवार को भी पति-पत्नी शगंगानगर जाकर दवा लेकर आए थे। शाम को घर आने के बाद कुलदीप ने शराब का सेवन भी नहीं किया लेकिन रात लगभग 11 बजे दोनों में घर गृहस्थी की छोटी-मोटी बात को लेकर बोलचाल हो गई।दोनों में काफी देर तक तकरार होती रही। इसी बीच दोनों बच्चे सो गए। लगभग 12 कुलदीप दवा लेने के बहाने से कमरे में गया और तेज धारवाली कुल्हाड़ी उठा लाया। उसे समय वीरपालकौर चारपाई पर लेटी हुई थी। एकाएक कुलदीप ने उस पर कुल्हाड़ी से वार कर दिए। उसके चिल्लाने और चीखने की आवाज सुनकर बच्चे जाग गए। बच्चों ने शोर मचाया तो पड़ोसी भाग कर आए। एक पड़ोसी अमरजीतसिंह ने घटना की सूचना पुलिस कंट्रोल को दी,जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। तब तक वीरपालकौर की मौत हो चुकी थी। जिला मुख्यालय से आज सुबह मौके पर पहुंची एफएसएल और एमओबी की टीम ने साक्ष्य जुटाने की कार्यवाही की। इस बीच पुलिस ने कुलदीप को राउंड ऑफ कर लिया।उधर सरकारी अस्पताल में तीन डॉक्टरों के मेडिकल बोर्ड से लाश का पोस्टमार्टम करवाया गया,जिसे बाद में अंतिम संस्कार करने के लिए पीहर वालों के सुपुर्द कर दिया गया।

## सूरतगढ़ रोड़ पर अज्ञात अधेड़ की लाश मिली

**तेज रिपोर्टर. श्रीगंगानगर।** स्थानीय सूरतगढ़ रोड पर जिला अस्पताल के समीप एक दुकान के आगे अधेड़ उम्र के एक व्यक्ति की लाश मिली है। सदर थाना में सब इंस्पेक्टर हंसराज में बताया कि लाश को सरकारी अस्पताल के मुर्दाघर में सुरक्षित रखा हुआ है। उसकी पहचान के प्रयास किया जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कल मंगलवार सुबह लोगों ने अस्पताल के निकट बालाजी इलेक्ट्रिकल्स नाम की एक दुकान के बाहर शटर के समीप लगभग 50 वर्ष के इस व्यक्ति को मृत पड़े देखा। उसके मुंह से खून भी निकला हुआ था।उन्होंने बताया कि मृतक की जेब में 120 रूपए और जर्दा की पुड़िया मिली है।इसके अलावा कोई ऐसी वस्तु नहीं मिली, जिससे उसकी पहचान हो सके। उसकी पहचान के प्रयास किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर मृतक की पहचान नहीं हुई तो पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश का लावारिस के रूप में अंतिम संस्कार करवा दिया जाएगा।



## घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़, पति से मारपीट

**तेज रिपोर्टर. श्रीगंगानगर।** अनूपगढ़ जिले में रायसिंहनगर थाना क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता ने गांव के ही दो आरोपियों के विरुद्ध घर में घुसकर छेड़छाड़ करने व उसके पति से मारपीट करने के आरोप में मामला दर्ज करवाया है। अदालत से प्राप्त इस्तगासा के आधार पर पुलिस ने आरोपी विनोद (पुत्र कृष्ण लाल) व महावीर (पुत्र देवी लाल) के विरुद्ध धारा 452, 354, 323 में मामला दर्ज किया है। पीड़िता का आरोप है कि 5 अप्रैल को रात्रि 9 बजे वह अपने घर में कार्य कर रही थी कि इस दौरान आरोपी विनोद व महावीर जबरदस्ती उसके घर में घुस आए। दोनों ने उसे बुरी नीयत से पकड़ लिया।उसके साथ अश्लील हरकतें कीं। इस दौरान उसके पति ने जब ललकारा तो उससे भी आरोपी ने मारपीट की।

# कीटनाशक कंपनी ने सात कीटनाशक विक्रेताओं पर 78 लाख की धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करवाया

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

एक कीटनाशक दवा कंपनी के डायरेक्टर ने सात कीटनाशक दवा विक्रेता कर्मो के संचालकों पर कंपनी से लगभग 78 लख रुपए की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार मैसेज बांगड़ इंसेक्टिसाइड प्राइवेट लिमिटेड, चंडीगढ़ के डायरेक्टर रामसिंह द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर किसान एग्रो सेंटर और नेशनल कृषि सेवा केंद्र श्रीगंगानगर, शिवशक्ति किसान सेवा केंद्र श्रीविजयनगर, श्याम एग्रो सेंटर रायसिंहनगर,एग्रो सेल्स सेंटर श्रीगंगानगर, हरियाली बीज भंडार अनूपगढ़, अन्नदाता एग्रो सेंटर डूंगरगढ के संचालकों पर कुल मिलाकर लगभग 78 लाख रुपए का भुगतान नहीं करने के आरोप में मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार मैसेज बांगड़ इंसेंटिसाइड के डायरेक्टर रामसिंह ने दी रिपोर्ट में बताया है कि उनकी कंपनी का ऑफिस स्थानीय नई अनाज मंडी के किसान भवन में है। उनकी कंपनी से उक्त फर्मों द्वारा पिछले वर्ष माल मंगवाना शुरू किया था। इन फार्मो के संचालकों में कंपनी को जितने रूपयों का भुगतान किया, उससे 5 गुना ज्यादा कीमत का माल उधर में मंगवा लिया। कुल मिलाकर एक करोड़ 10 लाख रुपए की कीटनाशक दवाइयां उसकी कंपनी से खरीदी। इनके द्वारा सिर्फ 27 लाख रुपए का भुगतान किया गया है। बाकी 78 लाख रुपए का भुगतान तीन-चार महीना से बकाया है। बार-बार मांग करने पर भी इन फार्मो के संचालकों द्वारा भुगतान नहीं किया जा रहा। पुलिस को रिपोर्ट देते हुए रामसिंह ने बताया कि जब भुगतान नहीं होने पर उन्होंने इन फर्मों के संचालकों की अपने स्तर पर जांच की तथा इनके अड़ोस पड़ोस के लोगों से पूछताछ की तो पता चला कि इन लोगों ने फर्जी तरीके से अपनी फार्मो का रजिस्ट्रेशन करवा कर अन्य व्यक्तियों के नाम से लाइसेंस लिए हुए हैं। रामसिंह ने आरोप लगा है कि उन्हें बाद में पता चला कि इन फार्मो के संचालकों ने गिरोह बनाया हुआ है।गिरोह बनाकर यह ठगी की गई है। पुलिस को दिए विवरण में राम सिंह ने बताया कि किसान एग्रो सेंटर की तरफ 3 लाख 94 हजार 85 रुपए,नेशनल कृषि सेवा केंद्र की तरफ 9 लाख 18 हजार 639 रुपए, न्यू हरियाली बीज भंडार अनूपगढ़ की तरफ 16 लाख 37 हजार 239 रुपए, शिव शक्ति सेवा केंद्र श्रीविजयनगर की तरफ 12 लाख 18 हजार 500, श्याम एग्रो सेंटर रायसिंहनगर की तरफ 21 लाख 85 हजार 483 रुपए, एग्रो सेंटर गंगानगर की तरफ 7 लाख 13 हजार 100 रुपए तथा अन्नदाता एग्रो सेंटर डूंगरगढ़ की तरफ 6 लाख 93 हजार 193 रुपए बकाया है।पुलिस ने बताया कि षडयंत्रपूर्वक धोखाधड़ी व अमानत में खयानत की धाराओं में दर्ज किए गए इस मुकदमे की जांच हवलदार निहालचंद कर रहे हैं।

## बेसहारा पशुओं के कारण सड़क हादसों में दो की मौत

**तेज रिपोर्टर. श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर जिले में बीते 24 घंटे के दौरान सड़कों पर विचारने वाले बेसहारा पशुओं के कारण दो सड़क हादसों में दो व्यक्तियों की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सूरतगढ़ में पीलीबंगा फोरलेन रोड पर विगत 16 जून की देर शाम को एक मोटरसाइकिल अचानक सामने आए पशु से टकरा गया। पुलिस के अनुसार मोटरसाइकिल पर सतनामसिंह और उसका भाई मंगलसिंह निवासी चक 25 पीबीएन थाना पीलीबंगा, जिलाहनुमानगढ़ सवार थे। मोटरसाइकिल चला रहे सतनामसिंह के काफी गंभीर चोट लगी। उसे सूरतगढ़ के ट्रोमा सेंटर में लाया गया। जहां डॉक्टरों ने चेकअप किया तो मृत्यु हो चुकी थी।मंगलसिंह द्वारा दी गई रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज की गई है।जांच कर रहे एएसआई विजय कुमार ने बताया कि दोनों भाई सूरतगढ़ में मजदूरी करने के बाद शाम को वापस जा रहे थे। पीलीबंगा फोरलेन रोड पर गांव रंगमहल के समीप यह हादसा हो गया। इसके अलावा लालगढ़ जाटान थाना क्षेत्र के गांव अबोहरिया के पास भी एक मोटरसाइकिल सामने आए पशुओं से टकरा गया।पुलिस के अनुसार मोटरसाइकिल पर सवार बिरमाराम(40) निवासी कुलार थाना बहाववाला, अबोहर (पंजाब) बुरी तरह से जख्मी हो गया। बिरमाराम को आपातकाल सेवा 108 की एंबुलेंस से श्रीगंगानगर के जिला अस्पताल में लाया जा रहा था कि रास्ते में उसकी मृत्यु हो गई।बिरमाराम के भाई मेघराज ने पुलिस को रिपोर्ट देते हुए बताया कि वह मोटरसाइकिल पर कुलार गांव से पदमपुर के नजदीक सांवतसर अपने किसी रिश्तेदार के यहां जा रहा था।पुलिस ने दोनों मृतक व्यक्तियों के शव पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिवार वालों को सौंप दिए।

# ट्रक चालक और परिचालक से पुलिस द्वारा मारपीट करने के खिलाफ केसरीसिंहपुर थाना पर प्रदर्शन

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

सादुलशहर थाना क्षेत्र में पतली चेक पोस्ट पर एक ट्रक चालक व परिचालक से पुलिस द्वारा मारपीट करने मामले को लेकर वामपंथी संगठनों ने केसरीसिंहपुर पुलिस थाना पर प्रदर्शन कर दोषी पुलिसकर्मियों पर निलंबन की कार्रवाई करने की। प्रदर्शनकारियों ने मांग का ज्ञापन थाना अधिकारी को सौपा। माकपा के सोहनसिंह मंडेर के नेतृत्व में प्रदर्शन करते हुए लोग पुलिस थाने पर पहुंचे। लोगों ने सादुलशहर पुलिस की कार्यशैली पर रोष जताते हुए जमकर नारेबाजी भी की गई। मंडेर ने बताया कि पतली चेक पोस्ट पर तैनात पुलिस कर्मियों के द्वारा आते जाते वाहनों के चालकों से अवैध वसूली की जाती है। पिछले दिनों पतली चेक पोस्ट पर तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा एक ट्रक चालक को रोक कर उससे अवैध वसूली की मांग की गई। इस दौरान ट्रक के चालक परिचालक द्वारा वीडियो बनाए जाने से नाराज होकर पुलिसकर्मियों ने उनको सादुलशहर पुलिस थाने में लाकर पट्टे से बेरहमी से पिटा। उन्होंने कहा कि माकपा इसका पुरजोर विरोध करती है।उन्होंने मांग की पुलिस कर्मियों-रामभज, सोहनलाल और पवन कुमार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए निलंबित किया जाना चाहिए । यदि कार्यवाही नहीं हुई तो पूरे जिले में आंदोलन खड़ा किया जाएगा। उनके साथ माकपा से जुड़े विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी और सदस्य लाभसिंह, जीत सिंह व राजू मेहरा आदि शामिल भी थे।

# जमीन पर कब्जा करने के लिए अंधाधुंध फायरिंग

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

श्रीगंगानगर जिले के घमूडवाली थाना क्षेत्र में चक 45-एलएलडब्ल्यू में कृषि भूमि पर कब्जा करने पर उतारू 20-22 व्यक्तियों द्वारा अंधाधुंध फायरिंग किए जाने से एक युवक घायल हो गया। पुलिस के अनुसार दिनेश उर्फ दीनू गोस्वामी (22) निवासी हरदयालपुरा थाना गोलूवाला जिला हनुमानगढ़ के गोली के छर्रे लगे हैं।श्रीगंगानगर के जिला अस्पताल में भर्ती दिनेश गोस्वामी द्वारा दिए बयान के आधार पर देवीलाल जाखड़ और उसके साथ कार, बोलेरो में क्रूजर गाड़ी में सवार होकर आए 20-22 व्यक्तियों पर हत्या का प्रयास करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस को बयान देते दिनेश गोस्वामी ने बताया कि वह गोलूवाला में रामकुमार पूनिया की रेडीमेड कपड़ों की दुकान पर कपड़े खरीदने के लिए दो-तीन बार गया था। विगत 16 जून को जब वह कपड़े खरीदने के लिए गया तो रामकुमार ने उसे चक 45-एलएलडब्ल्यू में चलने के लिए कहा। रामकुमार ने कहा कि उसने वहां पर जमीन काश्त करने के लिए ली है।अगले दिन 17 जून की दोपहर को वह रामकुमार के साथ उक्त जमीन में चला गया। वहां बने पक्के कमरे के बाहर वे पेड़ों की छाया में बैठ गए। दोपहर 2 से 3 बजे के दौरान देवीलाल जाखड़ और 20-22 अन्य व्यक्ति कार, बोलेरो तथा क्रूजर गाड़ी में सवार होकर आए। इनके पास हथियार थे। दिनेश के अनुसार उक्त व्यक्तियों ने उनकी तरफ आते हुए फायरिंग करनी शुरू कर दी। उनके द्वारा 10- 12 फायर किए गए। उसकी दाहिनी आंख के ऊपर गोली का छर्रा लगा। वह और रामकुमार जान बचाकर वहां से भाग गए। देवीलाल जाखड़ और उसके आदमियों ने खेत पर कब्जा करने की नीयत से इस घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास किये जा रहे हैं।

# प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न, थाइलैंड में दिखाएंगे दमखम

तेज. रिपोर्टर | हनुमानगढ़



श्रीगंगानगर मार्ग स्थित रयान कॉलेज फार हायर एज्युकेशन में चल रहे बैंडी खेल के राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का समापन बुधवार को हुआ। छह जून से जारी शिविर में अलग-अलग जिलों से पच्चीस खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। शिविर में तीन बच्चों कमलेश पुत्री बलवीर श्रीगंगानगर, लीना अवाना पुत्री नवल किशोर दौसा व वैभव पारीक पुत्र गिरधारी लाल पारीक हनुमानगढ़ को थाइलैंड में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता के लिए चुना गया। चयनित खिलाड़ियों को कॉलेज प्राचार्य डॉ. सन्तोष राजपुरोहित ने बधाई देते हुए श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की। जनरल सेक्रेटरी रजनी सोनी, जॉइंट सेक्रेटरी दीपक शर्मा, अध्यक्ष सूरजभान गोदारा, उपाध्यक्ष उदाराम मेघवाल, कोषाध्यक्ष सुनील प्रजापत के निर्देशन में प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न हुआ।

# राजियासर थाना क्षेत्र में खेत में काम करते दो व्यक्तियों की मौत

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

श्रीगंगानगर जिले के राजियासर थाना क्षेत्र में खेत में काम करते समय दो व्यक्तियों की मौत हो गई। इनमें एक को करंट लग गया जबकि दूसरे को गर्मी-लू लग गई। पुलिस के अनुसार चक 2-एसपीएन निवासी सुरेंद्र जाट (35) कल मंगलवार को खेत में काम कर रहा था। इस दौरान खेत में लगे ट्यूबवेल की मोटर को चलाते समय अचानक करंट लग गया। सुरेंद्र को तत्काल श्रीविजयनगर के सरकारी अस्पताल में ले जाया गया। डॉक्टरों ने चेकअप किया तो उसकी मृत्यु हो चुकी थी। जांच अधिकारी एएसआई हनुमान प्रसाद ने बताया कि पिछले दिनों इस इलाके में तेज आंधी तूफान आया था। इस दौरान सुरेंद्र जाट के खेत में लगे ट्यूबवेल की तारों में अर्थिंग हो गई।इसी अर्थिंग के कारण उसे ट्यूबल की मोटर चलाते समय करंट लग गया। इस बीच ऐटा गांव के निवासी भगवानाराम सिद्ध जाट (50) की भी कल मंगलवार को खेत में काम करते समय अचानक तबीयत बिगड़ गई।उसे भी तत्काल अस्पताल में ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जांच कर रहे थर्मल पुलिस चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर हरबंसलाल ने बताया कि मृतक के बेटे हेतराम द्वारा दी गई रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज की गई है। हेतराम ने बताया है कि उसके पिता को खेत में काम करते समय लू लग गई, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने दोनों मृतक व्यक्तियों के शव पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिवार वालों को सौंप दिए।

# बारहमासी नहर में डूबे युवक की लाश बरामद

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

स्थानीय एसएसबी रोड बारहमासी नहर पल के पास विगत 16-17 जून की रात को नहर में डूबे जयपाल (21) नामक युवक की लाश बरामद हो गई है। घमूडवाली थाना क्षेत्र में गंग कैनाल के सुलेमान हैड से निकलने वाली एक नहर वितरिका में कल मंगलवार दोपहर को लाश बरामद हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को सरकारी अस्पताल के मुर्दाघर भिजवाया। पुलिस के अनुसार इस संबंध में लालगढ़ जाटान निवासी बलराज नायक द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर मर्ग दर्ज की गई है। पुलिस को बलराज ने बताया कि उसका चचेरा भाई जयपाल 16 जून की शाम को श्रीगंगानगर सरकारी अस्पताल में भर्ती दादा को खाना देने के लिए गया था। वह अस्पताल से रात्रि 9ः30 बजे वापस अपने गांव हाकमाबाद को रवाना हुआ। वह अपने घर नहीं पहुंचा।बाद में उन्हें पता चला कि जयपाल का मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन,पर्स और चप्पलें एसएसबी रोड बारहमासी नहर पुल के पास लावारिस हालत में पड़े हैं। जयपाल वहां नहीं मिला। उल्लेखनीय है कि 16 जून की रात को सूचना मिलने पर सदर थाना से सब इंस्पेक्टर हंसराज मौके पर पहुंचे थे। वहां मिले मोबाइल फोन से नहर में डूबने वाले युवक की पहचान जयपाल के रूप में हुई थी। तब से उसकी नहर में तलाश की जा रही थी। इस संबंध में एक परिजन ने जयपाल के लापता हो जाने की सदर थाना में गुमशुदगी रिपोर्ट भी दर्ज करवाई। घमूडवाली थाना में इस मामले की जांच कर रहे हवलदार शिवाजी राणा ने प्रारंभिक तौर पर आशंका व्यक्त की है कि जयपाल ने आत्महत्या की है लेकिन अभी इसके कारण का खुलासा नहीं हुआ। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश परिवार वालों को सौंप दी।

## अत्यधिक शराब पीने से अधेड़ की मौत

**तेज रिपोर्टर. सूरतगढ़।** अत्यधिक शराब पीने के आदि एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि छगनलाल मोची (45) नामक यह व्यक्ति कल मंगलवार को चौधरी चरणसिंह चौक में बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जिसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जांच कर रहे एएसआई विजय कुमार ने बताया कि छगनलाल अत्यधिक शराब पीने का आदी था। वह मजदूरी करता था। उसके बहनोई शिवलाल द्वारा दी गई रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज की गई है। छगनलाल की लाश पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिवार वालों को सौंप दी गई।

# कॉलेज स्टूडेंट के मोबाइल से गोपनीय व निजी जानकारियां चुरा कर ब्लैकमेलिंग, तीन युवकों पर मुकदमा दर्ज

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

स्थानीय डॉ. भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय में बीएससी के एक छात्र के मोबाइल फोन से उसकी और उसके परिवार की निजी जानकारियां, फोटो और डाटा चुरा कर ब्लैकमेल किए जाने के एक मामले का खुलासा हुआ है। पुलिस के मुताबिक विष्णु कुमार निवासी राजगढ़, चुरु द्वारा पुलिस अधीक्षक को दिए गए एक प्रार्थना पत्र के आधार पर गौरव,मोनू वर्मा और माणिक वर्मा के खिलाफ षडयंत्रपूर्वक ब्लैकमेलिंग तथा धोखाधड़ी के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। विष्णु कुमार ने आरोप लगाया है कि यह युवक उसके नाबालिक भांजे को पिछले वर्ष अगस्त महीने से ब्लैकमेल कर रहे हैं। उसका भांजा बीआर अंबेडकर कॉलेज में बीएससी कर रहा है। पिछले वर्ष जुलाई के महीने में उसकी जान पहचान कॉलेज के ही एक स्टूडेंट गौरव निवासी गोविंदनगर, वार्ड नंबर 50 से हो गई। गौरव ने उसके भांजे की दोस्ती मोनू वर्मा तथा माणिक वर्मा से भी करवा दी। सहपाठी होने के कारण उसका भांजा इन युवकों से मिलने-जुलने लगा। इसी दौरान ही एक दिन गौरव ने उसके भांजे से उसका मोबाइल फोन देखने के बहाने से ले लिया। फिर ना जाने कैसे भांजे के मोबाइल फोन से उसने अनेक निजी गोपनीय जानकारियां तथा फोटो ही अपने मोबाइल में ट्रांसफर नहीं कर ली बल्कि बैंक डिटेल तथा एटीएम का पिन नंबर आदि डाटा भी हासिल कर लिया। विष्णु कुमार के मुताबिक अगस्त 2023 में इन युवकों ने उसके भांजे को नेहरू पार्क में बुलाया।तब उसे बताया कि उसकी और उसके परिवार की तमाम निजी तथा गोपनीय जानकारियां उनके पास हैं। उसके परिवार की फोटो भी उनके पास है। बैंक डिटेल तथा एटीएम का पासवर्ड आदि भी उन्होंने हासिल कर लिया है। विष्णु कुमार ने आरोप लगाया है कि उक्त तीनों युवकों ने उसके भांजे को यह जानकारियां उजागर कर देने के लिए इतना डराया धमकाया कि वह उनको रुपए देने को मजबूर हो गया। चार-पांच महीने में ही उक्त युवकों ने कुल मिलाकर लगभग दो लाख रुपये उसके भांजे से हासिल कर लिए। वे बार-बार उसके भांजे से रुपए मांगते थे, जो वह उनके नंबरों पर ट्रांसफर कर देता था। माणिक वर्मा ने एक बार उसके भांजे से अपने किसी जानकार नारायण वर्मा के अकाउंट में भी कुछ रुपए ट्रांसफर करवाए। माणिक वर्मा ने उसके भांजे के नाम से पंजाब नेशनल बैंक से एक इंटरनेशनल डेबिट कार्ड जारी करवा लिया, जिसे वह अपने पास ही रखता है। डेबिट कार्ड से वह बार-बार खुद ट्रांजैक्शन ही नहीं करता रहा बल्कि अन्य लोगों से भी वह रकमों का लेनदेन कर रहा है। विष्णु कुमार के मुताबिक उसका भांजा डरा तथा सहमा हुआ रहने लगा था। उसके स्वास्थ्य और पढ़ाई पर भी इसका असर पड़ने लगा। जब उसने और उसकी बहन ने दिलासा देकर पूछा तो उसने यह सारी बात बताई। पुलिस ने बताया की धारा 420, 384, 506 और 120-बी के तहत दर्ज मामले की जांच हवलदार निहालचंद बिश्नोई कर रहे हैं।

# किसानों को उन्नत खेती अपनाने के लिए किया प्रोत्साहित

**» पीएम किसान और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की दी जानकारी, गंधेली में कृभकों की ओर से उर्वरक संवर्धन कार्यक्रम आयोजित**

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि कार्यक्रम एवं कृभको की ओर से आयोजित उर्वरक संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत गंधेली में किया गया। कार्यक्रम में जिला कलक्टर कानाराम ने शिरकत की। विदित रहे कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को उत्तरप्रदेश के वाराणसी में आयोजित किसान सम्मेलन में पीएम-किसान योजना की 17वीं किश्त जारी की, इसी कार्यक्रम को जिले भर में सीएससी सेंटर, ई मित्रा, ग्राम पंचायतों के माध्यम से लाइव देखा गया। प्रधानमंत्री ने बटन दबाकर डीबीटी के माध्यम से राज्य के 65 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में करीब 1300 करोड़ रुपए से अधिक की राशि हस्तांतरित की। गंधेली ग्राम सेवा सहकारी समिति में हुए कार्यक्रम में जिला कलक्टर ने पौधारोपण किया।



कार्यक्रम में कृभको के मुख्य राज्य प्रबंधक आरएस राठौड़ ने किसानों को संतुलित उर्वरक का इस्तेमाल करने के लिए जागरूक किया। राठौड़ ने कहा कि किसान मिट्टी की जांच के उपरांत ही संतुलित उर्वरक का इस्तेमाल करें। इससे मिट्टी का उपजाऊपन बना रहेगा, अनावश्यक खर्च में भी कटौती होगी तथा सरकार पर सब्सिडी का अतिरिक्त भार नहीं आएगा। कृभको के क्षेत्रीय अधिकारी राजेश गोदारा ने ग्राम सेवा सहकारी समिति को सीएसआर के माध्यम से 25 हजार का फर्नीचर उपलब्ध करवाने की घोषणा की। जिला कलक्टर कानाराम ने कृषकों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम में जिले के कृषि, उद्यानिकी और सहकारी समिति के अधिकारियों की ओर से विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। इस मौके पर उद्यान उप निदेशक डॉ. रमेश चंद्र बराला, कृषि सहायक निदेशक बीआर बाकोलिया, कृषि सहायक निदेशक बलकरण सिंह, सहायक निदेशक राम प्रताप गोदारा, सहकारी समिति के मुख्य प्रबंधक सुरेश मीणा, ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष राजेश पूनिया मौजूद रहे।

### राज्य सरकार देगी अतिरिक्त दो हजार रुपए की सालाना किश्त

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने भी राज्य में पीएम किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों को 6 हजार रुपए के अतिरिक्त प्रति वर्ष 2 हजार रुपए मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत देने का निर्णय किया है। इससे राज्य पर प्रतिवर्ष 1300 करोड़ रुपए का वित्तीय भार आएगा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना फरवरी, 2019 में शुरू की गई जिसमें प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से देश भर के किसानों के परिवारों के बैंक खातों में हर चार महीने में दो-दो हजार रुपए की तीन बराबर किश्तों में 6 हजार रुपए प्रति वर्ष का वित्तीय लाभ हस्तांतरित किया जाता है।

# पोर्टल शुरू कर खाद्य सुरक्षा लाभार्थियों के नाम जुड़वाने की प्रक्रिया हो शुरू

**» प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम-डीएसओ को सौंपा ज्ञापन**

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



राशन कार्ड में खाद्य सुरक्षा लाभार्थियों एवं खाद्य सुरक्षा योजना में पात्र लाभार्थियों के नाम जुड़वाने की प्रक्रिया शुरू करवाने की मांग के संबंध में जागरूक नागरिकों ने बुधवार को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी व जिला रसद अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। शाहरूख खान ने बताया कि वर्तमान में जिन लाभार्थियों को खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ प्राप्त हो रहा है उन लाभार्थियों के राशन कार्ड में उनके सदस्यों के नाम नहीं जुड़ रहे। इस कारण आमजन एवं आर्थिक रूप से कमजोर तबके के लोग परेशान हो रहे हैं। राशन कार्ड में परिवार के अन्य सदस्यों का नाम न जुड़ने के कारण राशन कम प्राप्त हो रहा है। इस कारण ऐसे परिवारों का गुजर-बसर करना मुश्किल हो रहा है। राशन के अभाव में यह परिवार कुपोषण का शिकार हो रहे हैं जो एक गम्भीर समस्या है एवं विचारनीय विषय है। उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए पीएम गरीब कल्याण योजना शुरू करने की पहल है। इसके तहत हर पात्र परिवार को हर माह राशन उपलब्ध करवाया जाएगा। वहीं दूसरी ओर पोर्टल बंद होने के कारण राशन कार्ड में सदस्यों के नाम नहीं जुड़ने के कारण लोग राशन से वंचित हो रहे हैं। खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जुड़वाने के लिए पोर्टल को पांच साल में मात्र एक माह के लिए खोला जाता है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि पोर्टल चालू कर खाद्य सुरक्षा लाभार्थियों के राशन कार्ड में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया प्रारम्भ की जाए। जिन परिवारों को पात्र होने के बावजूद भी राशन प्राप्त नहीं हो रहा उन्हें खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ देने के लिए पोर्टल को पर्याप्त समय के लिए प्रारम्भ किया जाए ताकि आमजन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर खाद्य सुरक्षा का लाभ प्राप्त कर सके। इस मौके पर दीपक कुमार, करण विमल, विजय, साहिल खान आदि मौजूद रहे।

## श्याम बाबा के भजनों पर झूमे श्रद्धालु



**तेज रिपोर्टर. हनुमानगढ़।** श्री श्याम दीवाने युवा मंडल की ओर से जंक्शन के सुरेशिया में सौ फुटी रोड पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के सामने श्याम बाबा का जागरण आयोजित किया गया। जागरण में स्थानीय कलाकार देव चुघ, करण राज, गोविंद बावरा, दीपक लोट आदि ने बोलो-बोलो प्रेमियो श्याम बाबा की जय, हारे का तू है सहारा श्याम रे सहित कई भजनों पर पूरी रात बाबा का गुणगान किया। श्रद्धालु श्याम बाबा के भजनों पर झूम उठे। कार्यक्रम में पंकज म्यूजिकल ग्रुप का सहयोग रहा। श्याम बाबा का दरबार अशोक गिदवानी की ओर से भव्य रूप से सजाया गया जो मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा। आयोजक समिति के सदस्य विक्की सावलानी ने बताया कि प्रथम बार हुए इस आयोजन में जन सहयोग भी मिला। श्याम बाबा को छप्पन भोग भी चढ़ाया गया। श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम के आयोजन में हरीश सोनी, मुकेश, राम लावा सहित समिति सदस्यों का सहयोग रहा।

## पंजाबी समाज सेवा समिति ने लगाई छबील



**हनुमानगढ़।** पंजाबी समाज सेवा समिति की ओर से बुधवार को जंक्शन के गांधीनगर में झूलेलाल मंदिर के पास मीठे पानी की छबील लगाई गई। समिति के नवदीप राणा के अनुसार 25 वर्षों से लगातार निर्जला ग्यारस के अगले दिन मीठे पानी की छबील लगाई जाती है। इस बार गर्मी भी बहुत ज्यादा है। समिति का प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा राहगीरों को मीठा पानी पिलाकर गर्मी से निजात दिलाई जाए। उन्होंने कहा कि सामाजिक सरोकार को ध्यान में रखते हुए समाज हित में संस्था आगे भी कार्य करती रहेगी। मीठे पानी की छबील लगाने में किशन मुखी, शाहरुख खान, महेश, आमिर खान, मयंक मोदी, शरणदीप सिंह सहित वार्डवासियों का सहयोग रहा।

**पेट्रोलियम मंत्रालय ने जारी किया निर्देश**

## ईकेवाईसी और सेफ्टी इंस्पेक्शन के बिना तीस जून के बाद नहीं मिलेगा गैस सिलेंडर

**हनुमानगढ़।** जिले के रसोई गैस उपभोक्ताओं के लिए तीस जून तक तक ईकेवाईसी करवाना जरूरी है। इसके अलावा अब उपभोक्ताओं के लिए जरूरी कर दिया गया है कि वह अपने गैस कनेक्शन का सेफ्टी इंस्पेक्शन भी अनिवार्य रूप से करवाएं। इसके लिए विभिन्न गैस एजेंसियों ने स्टॉफ नियुक्त कर दिया है। इंडेन गैस एजेंसी हनुमानगढ़ जंक्शन के संचालक रामपाल जाटव के अनुसार हमारे फर्म पर करीब 18000 कनेक्शन हैं। इसमें करीब आठ हजार कनेक्शनों में ईकेवाईसी नहीं हुई है। यानी पचास प्रतिशत उपभोक्ताओं ने ईकेवाईसी नहीं करवाई है। ऐसे में तीस जून तक का समय इन्हें दिया गया है। यदि इस अवधि में उपभोक्ता एजेंसी कार्यालय में आकर ईकेवाईसी नहीं करवाते हैं तो इसके बाद उन्हें गैस सिलेंडर की डिलिवरी मिलने में दिक्कत आ सकती है। गैस उपभोक्ताओं से आग्रह है कि वह निर्धारित अवधि में ईकेवाईसी करवा लें। ईकेवाईसी बायोमैट्रिक्स सिस्टम से किया जा रहा है। ऐसे में उपभोक्ता का एजेंसी पर जाना जरूरी है। पेट्रोलियम मंत्रालय की ओर से जारी निर्देश के अनुसार ईकेवाईसी करवाना जरूरी किया गया है। इसके तहत गैस एजेंसी की टीम घरों में जाकर सेफ्टी इंस्पेक्शन का कार्य कर रही है। ईकेवाईसी के लिए उपभोक्ता को कार्यालय जाना होगा।

## 400 परीक्षार्थियों ने दी यूजीसी-नेट परीक्षा

**हनुमानगढ़।** टाउन के टाइम्स पब्लिक स्कूल में बुधवार को राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा 2024 सम्पन्न हुई। राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी, नई दिल्ली की ओर से नियुक्त फ्लाइंग स्क्वायड प्रभारी डॉ. योगेश भारद्वाज व सिटी कॉर्डिनेटर डॉ. जसविन्द्र कौर के निर्देशन में परीक्षा का संचालन हुआ। केन्द्राधीक्षक हरीश शर्मा ने बताया कि परीक्षा के लिए 480 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 400 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी जबकि 80 अनुपस्थित रहे। केन्द्र पर परीक्षार्थियों की गहन जांच एनटीए की ओर से नियुक्त कर्मचारियों की ओर से की गई। तत्पश्चात परीक्षार्थियों को केन्द्र में प्रवेश दिया गया। केन्द्र पर सीसीटीवी कैमरों व एनटीए की ओर से निर्धारित सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया गया। परीक्षार्थियों के लिए शीतल जल की व्यवस्था केन्द्र में की गई। संस्था चेयरमैन सागरमल लड्ढा ने कहा कि टाइम्स पब्लिक स्कूल में अलग-अलग परीक्षा एजेंसियों की ओर से विभिन्न राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय परीक्षाओं का संचालन वर्षों से किया जा रहा है। केन्द्र निर्धारित सुविधाओं से सुसज्जित है।

# 31 मार्च तक सेवा अभिवृद्धि की मांग

**» मुख्यमंत्री एवं चिकित्सा मंत्री के नाम सीएमएचओ को सौंपा ज्ञापन**

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

यूटीबी कार्मिकों ने 31 मार्च 2025 तक सेवा अभिवृद्धि व सीएसआर रूल्स में शामिल करवाने की मांग प्रदेश सरकार से की है। इस संबंध में यूटीबी कार्मिकों ने बुधवार को राजस्थान यूटीबी कार्मिक एसोसिएशन के बैनर तले मुख्यमंत्री व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री के नाम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा को ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन पदाधिकारियों ने बताया कि कोविड-19 वैश्विक महामारी और उससे पूर्व समय से वित्तीय स्वीकृति अथवा रिक्त पदों पर नियमित भर्ती से नियमित कार्मिक उपलब्ध होने तक जो भी पहले हो तक निर्धारित स्वीकृत दरों पर सरकार के निर्देशानुसार यूटीबी कार्मिक (चिकित्सा अधिकारी, जीएनएम,



फार्मासिस्ट, एएनएम, लैब टेक्नीशियन, लैब सहायक, रेडियोग्राफर) सेवाएं देते आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि सम्पूर्ण राजस्थान में मौसमी बीमारियों का प्रकोप है और हजारों की संख्या में पद रिक्त पड़े हैं। इन रिक्त पदों पर यूटीबी कार्मिक ग्रामीण स्तर तक सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। राजस्थान में कार्यरत सभी यूटीबी कार्मिकों की सेवाएं 30 जून को समाप्त होने जा रही हैं। उन्होंने मांग की कि रिक्त पदों पर स्थाई कर्मचारियों की नियुक्ति होने तक यूटीबी कार्मिकों की भूमिका एवं कार्य को देखते हुए उनकी सेवाएं निरंतर जारी रखते हुए 31 मार्च 2025 तक सेवा अभिवृद्धि की जाए। यूटीबी कर्मचारियों को हटाने की बजाए जिले में रिक्त स्थानों पर लगाया जाए। इस मौके पर लवप्रीत सिंह, लोकेश, लालचन्द, बंसीलाल, ब्रह्मदेव सहित कई अन्य यूटीबी कार्मिक मौजूद थे।

# राजीनामा के बाद भी नहीं लेकर गया घर, खुद पहुंची तो मारपीट-छीनाझपटी

**पति के अन्य महिला के साथ नाजायज संबंध के चलते पीहर रह रही पत्नी ने दर्ज करवाया मुकदमा**

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

पति के अन्य महिला के साथ नाजायज संबंध के चलते पीहर रह रही पत्नी को पंचायत में राजीनामा होने के बावजूद पति अपने घर नहीं लेकर गया। इस पर जब पत्नी खुद अपने ससुराल गई तो पति व ससुराल पक्ष के अन्य लोगों ने उसके साथ मारपीट की व रुपए-मोबाइल फोन तथा गहने छीन लिए। इस संबंध में पत्नी की ओर से पति सहित ससुराल पक्ष के नौ जनों के खिलाफ महिला पुलिस थाना में मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पुलिस के अनुसार अपने पीहर दो एलके लखूवाली में रह रही सतार बीबी (35) पुत्री मोहम्मद रमजान ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि उसकी शादी करीब 17 वर्ष पूर्व इकबाल खान पुत्र अल्लायार निवासी लखूवाली हैड के साथ शादी हुई थी। उसके चार पुत्रियां हैं। उसके पति के दो वर्षों से लखूवाली हैड की ही रहने वाली एक अन्य महिला के साथ नाजायज संबंध हैं। इस बात को लेकर पिछले दो वर्षों से उसका अपने पति के साथ विवाद चल रहा है। उसका पति इकबाल खान उसे व उसकी पुत्रियों को अपनी सम्पति से बेदखल करना चाहता है। पुत्र नहीं होने के कारण भी उसका पति उससे मारपीट करता। इससे तंग आकर वह पिछले करीब छह माह से अपने पिता के घर रह रही है। दस जून को हुई पंचायत में उसका व उसके पति के विवाद का निपटारा कर दिया गया था। उसका पति इकबाल खान पंचायत के समक्ष अपनी गलती मान कर उसे वापस अपने घर लेकर जाने के लिए राजी हो गया था। लेकिन उसके पश्चात भी इकबाल खान उसे अपने घर नहीं लेकर गया। 17 जून को जब वह शाम के करीब 5 बजे अपने ससुराल घर गई तो इकबाल खान ने अपनी तीन बहनों जैता बीबी, जुले खां बीबी व मलकां बीबी, मुन्सफ अली, रजाक पुत्र अहमदयार खां, गुलाम खाजा पुत्र चानण खां, राजा पुत्र सीन खां, जुबेर पुत्र रफीक मौलवी आदि के साथ मिलकर उसके साथ बुरी तरह मारपीट की। जान से मारने की कोशिश की। उससे पांच हजार रुपए, मोबाइल फोन व पहने हुए गहने छीन लिए। इस बात का पता चलने पर उसका भाई हजरत अली छुड़ाने के लिए आया तो इन लोगों ने उसके साथ भी मारपीट की और उसे ले जाने नहीं दिया। उसके बाद उसकी बहन शहनाज बीबी उसे छुड़ाने के लिए आई। इसके बाद उसके भाई व बहन ने मिलकर किसी तरह उसे छुड़ाकर टाउन के राजकीय जिला चिकित्सालय में इलाज करवाया। पुलिस ने दहेज प्रताड़ना, मारपीट व छीनाझपटी के आरोप संबंधी धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। जांच थाना प्रभारी कविता पूनिया कर रही हैं।

## राहुल गांधी के जन्मदिन पर गौवंश को हरा चारा खिलाया

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

प्रदेश कांग्रेस कमेटी व एनएसयूआई द्वारा पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी के जन्मदिन पर बेसहारा गौवंश का हरा चारा व राजकीय अस्पताल में भर्ती मरीजों में फलों का वितरण किया गया। पीसीसी सचिव मनीष मक्कासर ने बताया कि राहुल गांधी युवाओं के प्रेरणास्त्रोत है और अपने रॉल मॉडल के जन्मदिन को युवाओं ने सामाजिक सरोकार के रूप में मनाया, यह युवाओं द्वारा सराहनीय कदम है। एनएसयूआई के प्रदेश सचिव रोहित जावा ने बताया कि कश्मीर से कन्याकुमारी ने भारत जोड़ो यात्रा से राहुल गांधी ने पूरे देश के युवाओं को एक माला में पिरोया है और देश के हर कोने पर राहुल गांधी का जन्मदिन समाजिक सेवा के रूप में मनाया जा रहा है। इस मौके पर पीसीसी सचिव मनीष मक्कासर पूर्व एनएसयूआई प्रदेश सचिव रोहित जावा, शाहरूख खान रोड़ावाली, अमरपुरा थेड़ी सरपंच रोहित स्वामी,



विपुल घोडेला, पियूष मोंगा, राजेंद्र कुमार, मोहित सैनी, निशु, राकेश सोनी, कीर्तन परिहार, सुमित कांडा, गौरव परिहार मौजूद थे।

### चांवरिया को बनाया मरुधरा किसान यूनियन का जिलाध्यक्ष

**पीलीबंगा।** राकेश चांवरिया को मरुधरा किसान यूनियन राजस्थान का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बालियान ने उपाध्यक्ष धीरेश जैन, प्रदेश महामंत्री यशपाल सोलंकी, महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी की सहमति एवम अनुशंसा से राकेश चांवरिया (फतेहगढ़) को मरूधरा किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त नियुक्त किया है। चांवरिया ने प्रदेश कार्यकारिणी एवं वरिष्ठ सदस्यों के मार्गदर्शन में अपने पद की गरिमा से अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने एवम संस्था हित में कार्य करने का भरोसा दिलाया है।

# ऋण राशि भरने के बावजूद भी बता रहे लाखों रुपए बकाया

**» मकान कुर्क करने की धमकी देने का आरोप, कलक्टर से की शिकायत**

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

गांव हरीपुरा के ग्रामीणों ने फाइनेंस कम्पनी प्रतिनिधियों पर ऋण राशि भरने के बावजूद भी लाखों रुपए का ऋण बकाया बता मकान कुर्क करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। इस संबंध में बुधवार को ग्रामीणों ने जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि आवास फाइनेंस कम्पनी से गांव हरीपुरा के 15 से 20 परिवारों ने ऋण लिया था। ऋण की राशि भरने के बाद भी पैनल्टी के नाम पर लाखों रुपए की ऋण राशि बकाया बता राज्य सरकार के नियमों के खिलाफ जाकर मकान कुर्क करने की धमकी दी जा रही है। ग्रामीणों के



अनुसार ऋण की किश्तें मय ब्याज समय-समय पर अदा की गई हैं। इसके बावजूद आवास फाइनेंस कम्पनी प्रतिनिधियों की ओर से ग्रामीणों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। ग्रामीणों ने जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंप फाइनेंस कम्पनी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने की मांग की। इस मौके पर इन्द्रजीत शर्मा, जयमल राम, डॉ. सोमचन्द, परमानराम, रामकुमार, विनोद, मनोहर लाल, राकेश, पवन, विनोद, महेन्द्र, हाकम राम आदि मौजूद थे।

# मानव सेवा व उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए विधायक चाचाण सम्मानित

तेज | रिपोर्टर नोहर

विश्व की सबसे बड़ी सामाजिक संस्था लायंस इंटरनेशनल के जयपुर में आयोजित लायंस प्रांतीय कार्यक्रम में डिस्ट्रिक जीएमटी कॉर्डिनेटर केवल सचदेवा द्वारा नोहर विधायक अमित चाचाण को लॉयन पिन राधे-राधे लगा कर सम्मानित किया गया। प्रांतीय जनसंपर्क अधिकारी आशीष अरोड़ा ने बताया विधायक अमित चाचाण को यह सम्मान लायंस क्लब नोहर के अध्यक्ष व लियो डिस्ट्रिक चेयरमैन पद पर रहते मानव सेवा व उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए दिया गया है। पूर्व रीजन चेयरमैन प्रमोद



खारीवाल ने कहा कि विधायक अमित चाचाण मिलनसार व्यक्तित्व के धनी है। जो मानवता की सेवा को अपना ध्येय मानते है। विधायक अमित चाचाण ने आभार जताते हुये संस्था के माध्यम से हो रहे सेवा कार्यों की प्रशंसा की। इस अवसर पर, पूर्व रीजन चेयरमैन एमजेएफ राजेश नागपाल, हनुमानगढ़ के वरिष्ठ लॉयन कमलजीत सैनी, नरेश कुमार पाहवा, दीपक सिंगला, श्याम रामावत सहित अनेक लॉयन पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# तीस किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद, प्रौढ़ गिरफ्तार

**» दो कट्टों में भरा हुआ था पोस्त**

**हनुमानगढ़।** नशीले व मादक पदार्थों के खिलाफ जारी विशेष अभियान की निरंतरता में कार्रवाई करते हुए पीलीबंगा थाना पुलिस ने तीस किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद कर प्रौढ़ को गिरफ्तार किया है। एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस अनुसंधान में जुटी है। जानकारी के अनुसार उच्चाधिकारियों के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान की निरंतरता में पीलीबंगा पुलिस थाना के एसआई मुकेश कुमार के नेतृत्व में गठित टीम बुधवार तड़के गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान पुलिस टीम पीलीबंगा से हनुमानगढ़ रोड स्थित गांव दुलमाना के बस अड्डा के नजदीक पहुंची तो वहां एक व्यक्ति खड़ा नजर आया। उसके पास ही प्लास्टिक के दो कट्टे रखे हुए थे। उक्त व्यक्ति की



गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस ने शक के आधार पर कट्टों की तलाशी ली तो दोनों में 15-15 किलोग्राम डोडा पोस्त भरा हुआ था। पुलिस ने कुल 30 किलोग्राम पोस्त बरामद कर मौके से निर्मलसिंह (50) पुत्र जीतसिंह जटसिख निवासी बघनीकलां जिला मोगा पंजाब को गिरफ्तार कर लिया। एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान थाना प्रभारी भूप सिंह सहारण की ओर से शुरू किया गया। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में एसआई मुकेश कुमार, कांस्टेबल छोटूराम, राकेश रमाणा व लक्ष्मीनारायण शामिल रहे। इस कार्रवाई में कांस्टेबल राकेश रमाणा की विशेष भूमिका रही। पुलिस के अनुसार बस में सवार होकर आया आरोपी पीलीबंगा थाना क्षेत्र में उतर गया था जबकि उसे हनुमानगढ़ में उतरना था। पुलिस उससे पोस्त की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ कर रही है।

# प्लॉट हड़पने की फिराक में होने का आरोप

**हनुमानगढ़।** सुरेशिया का एक महिला ने शहर के कुछ पार्षदों व अन्य के खिलाफ उसका प्लॉट हड़पने की फिराक में होने का आरोप लगाया है। उक्त महिला ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर उक्त लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश देने की गुहार लगाई। राजविन्द्र कौर पत्नी चरण सिंह निवासी वार्ड 55 सुरेशिया, जंक्शन ने बताया कि वह व उसका परिवार दिहाड़ी-मजदूरी पेशा करने वाला है। उसकी सास गुरदेव कौर की 2022 में मृत्यु हो गई थी। गुरदेव कौर के नाम 11 प्लॉट थे। इनमें से एक प्लॉट घरेलू बंटवारा में मौखिक रूप में उसे व उसके पति को दिया गया था। शेष प्लॉट उसके पति के भाई-बहन के कब्जे में हैं। रमजान खां, पार्षद सींगाराम भाट, राजेन्द्र चौधरी, अशोक गोरी व संजय वगैरा उसके पति के भाइयों पर उनके प्लॉट पर कब्जा करने का दबाव डालते हैं। यह लोग उसके व उसके पति के प्लॉट पर कब्जा करवाना चाहते हैं। यह सभी लोग उनका प्लॉट हड़पने के लिए आए दिन उनके साथ लड़ाई-झगड़ा करते हैं। उसे व उसके परिवार के सदस्यों को इन लोगों से जान-माल का खतरा बना हुआ है। यह लोग कभी भी उनके साथ कोई भी अप्रिय घटना कारित कर सकते हैं। राजविन्द्र कौर ने इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश देने की मांग एसपी से की।



# फरदीन को 14 साल इंडस्ट्री से दूर रहने का अफसोस

एक्टर फरदीन खान ने संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज 'हीरामंडी' से एक्टिंग कमबैक किया है। एक्टर ने एक हालिया इंटरव्यू में कहा कि उन्हें सालों तक इंडस्ट्री से दूर रहने का अफसोस है। फरदीन ने बताया कि इस दौरान वो मुंबई छोड़कर कहीं और शिफ्ट हो गए थे जिसके चलते कई फिल्ममेकर्स को लगा कि वो एक्टिंग करने में इंट्रेस्टेड ही नहीं हैं।

### मैं बस कम लोगों के संपर्क में था

पिंकविला को दिए एक इंटरव्यू में फरदीन ने कहा, 'मेरे पास साल 2014-15 तक ऑफर आते रहे। उसके बाद लोगों को लगा कि मैं देश छोड़कर कहीं जा चुका हूं। यह परसेप्शन मैं आज तक बदलने की कोशिश कर रहा हूं। मैं पूरे वक्त देश में ही था। बस कम लोगों के संपर्क में था।'

### काश यह गैप 6-7 साल कम होता

एक्टर ने आगे कहा, 'जब मेरे पास फिल्मों के ऑफर आने शुरू हुए तब तक मैं काफी वेट गेन कर चुका था। लोगों को फिर लगा कि मैं एक्टिंग करने में इंट्रेस्टेड नहीं हूं। कुल मिलाकर मुझे इंडस्ट्री से 12-14 साल का ब्रेक लेने का अफसोस है। मैंने कुछ भी प्लान नहीं किया था पर कभी-कभी लगता है कि काश यह गैप 6 से 7 साल कम होता।'

### वापस लौटा तो डरावना माहौल था

फरदीन इस दौरान सुपरस्टार सलमान खान के टच में भी रहे। एक्टर ने बताया, 'जब मैंने कमबैक करने का फैसला किया तो उन सभी लोगों से कॉन्टेक्ट किया जिनके साथ पहले काम कर चुका था। जब मैं वापस लौटा, वो वक्त बहुत ही डरावना था। मुझे एक दम न्यूकमर जैसी फीलिंग आती थी। इस पूरे दौर में मैं सलमान खान के साथ टच में रहा। संजय गुप्ता ने भी मुझे एक फिल्म 'विस्फोट' ऑफर की। मैं कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा से भी मिला। अभी भी लोगों से मिलकर उन्हें कन्विंस कर रहा हूं कि मैं वापस आ गया हूं और काम करना चाहता हूं।'

### 14 साल बाद 'हीरामंडी' से लौटे हैं फरदीन

1998 में फिल्म 'प्रेम अगन' से डेब्यू करने वाले फरदीन की आखिरी फिल्म 2010 में रिलीज हुई 'दूल्हा मिल गया' थी। अब उन्होंने 14 साल बाद 'हीरामंडी' से कमबैक किया है। इसके अलावा फरदीन के पास कॉमेडी फिल्म 'खेल-खेल में' भी है जिसमें उनके अलावा अक्षय कुमार और तापसी पन्नू जैसे कलाकार नजर आएंगे।



# जानबूझ कर टीवी से दूर रहीं निया शर्मा

एक हजारों में मेरी बहना है और जमाई राजा जैसे टीवी शो से घर-घर मशहूर हुई निया शर्मा इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं। उनके शो सुहागन चुड़ैल को दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं। निया ने लंबे समय के बाद टीवी सीरियल की दुनिया में वापसी की है। हाल ही में निया ने एक इंटरव्यू के दौरान इस लंबे ब्रेक के पीछे की कहानी को अपने फैंस के संग साझा किया है। निया शर्मा अपने इस ब्रेक के बारे में बातें करते हुए कहती हैं, सबसे पहली बात तो ये है कि मैं किसी भी ऐसे शो का हिस्सा नहीं बनना चाहती थी जो शुरू होने के तीन महीने बाद बंद हो जाए। मैं लंबे और अच्छे शो के साथ जुड़ना चाहती थी इसलिए मैंने सोच-समझ कर यह ब्रेक लिया था। निया शर्मा अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, पिछले कुछ वर्षों में कितने ही शो शुरू हुए और बंद हुए किसी को पता भी नहीं चला। मुझे खुद इनमें से कई शो ऑफर हुए थे जो तीन-चार महीने में बंद हो गए। एक और अहम बात मुझे जो भी रोल ऑफर हो रहे थे मैं उनसे कनेक्ट नहीं फील कर रही थी इसलिए मैंने उन शो में काम नहीं किया।

निया शर्मा अपने शो सुहागन चुड़ैल को लेकर काफी उत्साहित हैं। वे कहती हैं, जैसे ही मैंने इस शो के बारे में सुना मैंने तय कर लिया था कि मुझे यह करना है। इस शो में मेरा किरदार काफी अलग और चैलेंजिंग है। मुझे यह शो करके काफी मजा आ रहा है।

निया शर्मा पिछली बार एकता कपूर द्वारा निर्मित शो नागिन 4 में नजर आई थीं। इस शो में उनके किरदार को दर्शकों ने काफी सराहा था। इसके बाद वे खतरों के खिलाड़ी- मेड इन इंडिया और झलक दिखला जा जैसे रियलिटी शो का हिस्सा बनीं और विजेता बनकर उभरीं।



# बॉर्डर 2 से पहले सूर्या की शूटिंग शुरू करेंगे सनी देओल!

2023 में गदर 2 की भारी सफलता के बाद सनी देओल अपनी रोमांचक आगामी फिल्मों के लिए सुर्खियों में बने हुए हैं। अब, एक हालिया रिपोर्ट से पता चला है कि 66 वर्षीय अभिनेता सूर्या के लिए फिर से फिल्मांकन शुरू करने के लिए तैयार हैं। यह एक क्राइम ड्रामा है, जिसका निर्माण 2022 में शुरू हुआ था। कथित तौर पर लाहौर 1947 के लिए अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के बाद सनी देओल सूर्या की शूटिंग फिर से शुरू करने के लिए तैयार हैं। कमल मुकुट द्वारा निर्मित और एम पद्मकुमार द्वारा निर्देशित, यह फिल्म प्रशंसित मलयालम फिल्म जोसेफ (2018) का हिंदी रूपांतरण है, जिसका निर्देशन भी पद्मकुमार ने किया था। मुकुट के बेटे दीपक मुकुट ने एक इंटरव्यू में बताया, हमने फिल्म का 80 प्रतिशत से अधिक काम पूरा कर लिया है। सनी जल्द ही शूटिंग पूरी करेंगे। अन्य प्रतिबद्धताओं के कारण देओल की उपलब्धता के लिए दो साल के इंतजार के बावजूद, दीपक ने अभिनेता के व्यस्त कार्यक्रम के प्रति समझ और धैर्य व्यक्त किया। इसके अलावा, दीपक ने साझा किया कि मूल फिल्म जोसेफ को देखने के बाद सनी देओल एक शर्त पर रीमेक में भाग लेने के लिए सहमत हुए कि फिल्म अपनी मूल गंभीरता बरकरार रखेगी। दीपक मुकुट ने कहा, सनी भी रचनात्मक प्रक्रिया में शामिल हैं। हमारे साथ उनका रिश्ता एक फिल्म से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। हम उनका इंतजार करेंगे। क्राइम ड्रामा जोसेफ में जोजू जॉर्ज कथा का नेतृत्व करते हैं क्योंकि यह चार सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के जीवन को उजागर करता है।

# इंडियाज बेस्ट डांसर 4 की नई जज बनेंगी करिश्मा कपूर!

लोगों का पंसदीदा मशहूर डांस रिएलिटी शो इंडियाज बेस्ट डांसर के चौथे सीजन को लेकर प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं। इस शो की जज अब बदल सकती हैं। सोनाली बेंद्रे इस डांस शो के सीजन तीन में जजों की टीम का हिस्सा रह चुकी हैं, जबकि पहले दो एपिसोड को मलाइका अरोड़ा ने जज किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अब इस बार डांस रिएलिटी शो में सोनाली बेंद्रे की जज की कुर्सी को करिश्मा कपूर संभाल सकती हैं। करिश्मा कपूर का नाम बॉलीवुड की नामचीन अभिनेत्रियों की सूची में शुमार है। करिश्मा को मनोरंजन जगत में कई साल हो गए। 1992 में फिल्म प्रेम कैदी से अपने हिंदी फिल्म करियर की शुरुआत करने वाली करिश्मा का जादू अब इंडियाज बेस्ट डांसर 4 शो पर भी दिखाई दे सकता है। करिश्मा बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत अभिनेत्रियों में से एक है, लाजवाब अभिनय और बेहतर डांस उनकी कुछ खासियतों में से है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार करिश्मा इंडियाज बेस्ट डांसर के चौथे सीजन की जज की कुर्सी संभाल सकती हैं। करिश्मा डांस शो के निर्माताओं के साथ बातचीत कर रही हैं। भले ही उन्होंने अभी तक कॉन्ट्रैक्ट साइन नहीं किया है, लेकिन वह इस ऑफर से खुश हैं और इसे स्वीकार करने के लिए उत्साहित हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सोनाली बेंद्रे को इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 4 में वापसी के लिए अभीतक संपर्क नहीं किया है, बल्कि इस शो के निर्माताओं ने करिश्मा कपूर से जज की कुर्सी संभालने के लिए बातचीत की हैं। उन्हें डांस शो के लिए फाइनल कर लिया गया है। जल्द ही करिश्मा आने वाले दिनों में अपना कॉन्ट्रैक्ट भी साइन कर लेंगी।ꀀ अगर सबकुछ सही रहता है तो इस डांस के चौथे सीजन को करिश्मा कपूर, गीता कपूर और टेरेंस लुईस एकसाथ जज करेंगे।

### सीजन 3 की जज रह चुकी हैं सोनाली

सोनाली बेंद्रे इंडियाज बेस्ट डांसर 3 के जजों के पैनल का हिस्सा रह चुकी हैं, जबकि इससे पहले दो एपिसोड को मलाइका अरोड़ा ने जज किया था। इंडियाज बेस्ट डांसर 3 पिछले साल सितंबर में खत्म हुआ था। इस डांस रियलिटी शो को समर्पण लामा ने जीता था। उन्होंने अंजलि ममगई, अनिकेत चौहान, विपुल खंडपाल और शिवांशु सोनी को पीछे छोड़ते हुए ट्रॉफी अपने नाम की थी।





# ताहिरा कश्यप के डेब्यू प्रोजेक्ट शर्माजी की बेटी का एलान





प्राइम वीडियो ने हाल ही में, कॉमेडी फिल्म शर्माजी की बेटी की अनाउंसमेंट की है। ताहिरा कश्यप खुराना द्वारा लिखित और निर्देशित यह फिल्म पांच महिलाओं के जीवन पर आधारित है। फिल्म महिलाओं के सपनों को एक नए पंख देने का काम करेगी और अपने सपनों को पाने के लिए सामने आने वाली चुनौतियों को भी बखूबी दिखाएगी। फिल्म में साक्षी तंवर, दिव्या दत्ता और सैयामी खेर मुख्य भूमिकाओं में हैं, साथ ही वंशिका तपारिया, अरिस्ता मेहता, शारिब हाशमी और परवीन भी हैं। बता दें कि यह फिल्म ताहिरा का डेब्यू प्रोजेक्ट है।

यह है फिल्म की कहानी एक हल्की-फुल्की और दिल को छू लेने वाली फिल्म, शर्माजी की बेटी महिला सशक्तिकरण और उनके सामने आने वाली चुनौतियों के विषयों की पड़ताल करती है। तीन मध्यवर्गीय महिलाओं और दो छोटी लड़कियों - जिनका एक ही सरनेम शर्मा है, उनके जेनरेशन गैप को दिखाते हुए फिल्म उनके अनूठे अनुभवों और संघर्षों पर प्रकाश डालती है। फिल्म का पहला पोस्टर भी सामने आ गया है, जिसमें साक्षी और सैयामी समेत तमाम सितारों की झलक दिख रही है। निर्माताओं ने लिखा, साहसी दिल और बड़े सपने! क्या आप इन सुपरवुमेन से मिलने के लिए तैयार हैं? शर्माजी की बेटी का प्रीमियर 28 जून, 2024 से अमेजन प्राइम वीडियो पर होने जा रहा है। कॉमेडी से भरपूर है फिल्म एलिप्सिस एंटरटेनमेंट के पार्टनर तनुज गर्ग और अतुल कस्बेकर ने कहा, शर्माजी की बेटी सहजता से हास्य और भावुक क्षणों को जोड़ती है, जो दर्शकों को तीन नायिकाओं के जीवन के माध्यम से एक रोलर कोस्टर यात्रा पर ले जाती है, जो अपने अलग तरीकों से चुनौतियों पर काबू पाती है। हमें ताहिरा जैसे निपुण नए निर्देशक के साथ विश्वास के इस प्रोजेक्ट पर बेहद गर्व है।

### फिल्म में दिखेगा ताहिरा का विजन

उन्होंने आगे कहा, यह एक मासूम, सरलता से बताई गई कहानी है, जो दर्शकों को मुस्कुराने पर मजबूर कर देगी। साथ ही पीढ़ियों से चली आ रही महिलाओं के लचीलेपन और सपनों को भी स्क्रीन पर दिखाएगी। हमारा मानना है कि ताहिरा का विजन सभी को गहराई से प्रभावित करेगा, जिससे यह प्राइम वीडियो पर दर्शकों के लिए एक पारिवारिक मनोरंजन बन जाएगा।



# रोशन परिवार की विरासत आगे बढ़ाना चाहती हैं पश्मीना

रोशन परिवार का बॉलीवुड का मशहूर फिल्मी घराना है। इस घराने से राजेश, राकेश और ऋतिक जैसी मशहूर संगीतकार,निर्देशक और अभिनेता देश को मिले हैं। अब इस घराने से एक और अभिनेत्री दर्शकों के दिल में जगह बनाने आ रही हैं। पश्मीना रोशन जल्द ही फिल्मी दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। इस बीच उन्होंने रोशन परिवार की विरासत को लेकर बात की है।

### इश्क विश्क रिबाउंड से डेब्यू करने वाली हैं पश्मीना

ऋतिक रोशन की चचेरी बहन पश्मीना जल्द ही इश्क विश्क रिबाउंड से बतौर अभिनेत्री डेब्यू करने वाली हैं। इस वक्त पूरा रोशन परिवार उन पर गर्व महसूस कर रहा है। रोशन परिवार को विश्वास है कि पश्मीना इस परिवार की शाख को और बढ़ाएंगी। अब अभिनेत्री ने लोगों को उनसे जो उम्मीदें हैं, उसे लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है और साथ ही इस परिवार की विरासत को आगे बढ़ाने की इच्छा जाहिर की है।

### खुद पर गर्व करने लायक काम करना चाहती हैं पश्मीना


पश्मीना ऋतिक रोशन के चाचा और मशहूर संगीतकार राजेश रोशन की बेटी हैं। एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कहा कि ऋतिक रोशन जैसी डेब्यू के करीब पहुंचना भी काफी मुश्किल है। पारिवारिक विरासत पर उन्होंने कहा कि ऋतिक अपने मूल्यों के लिए खड़े हैं और पारिवारिक विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। ऐसे में उन्हें भी यह उम्मीद है कि वह भी ऐसा कर पाएंगी। इसके अलावा उन्होंने कहा कि वह ऐसा काम करना चाहती हैं, जिसकी वजह से वह खुद पर गर्व कर सकें।

### 21 जून को रिलीज होगी इश्क विश्क रिबाउंड

बताते चलें कि इश्क विश्क रिबाउंड आज के समय की एक प्रेम कहानी होगी। इसमें पश्मीना रोशन, रोहित सर्राफ, और जिब्रान मुख्य भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। हाल में ही फिल्म का ट्रेलर जारी किया गया था, जिसे दर्शकों की अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। फिल्म के ट्रेलर को देखने के बाद ऋतिक रोशन और उनकी प्रेमिका सबा आजाद ने भी फिल्म को लेकर उत्साह जताया है। फिल्म को टिप्स फिल्म्स द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है। इस फिल्म का निर्देशन निपुण अविनाश धर्माधिकारी ने किया है। वहीं, फिल्म का निर्माण रमेश तौरानी और जया तौरानी ने किया है। इश्क विश्क रिबाउंड 21 जून, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# बिग बॉस होस्ट करने से पहले अनिल कपूर ने शुरू की सूबेदार की शूटिंग

बॉलीवुड एक्टर अनिल कपूर इन दिनों रियलिटी स्ट्रीमिंग शो बिग बॉस ओटीटी को होस्ट करने को लेकर चर्चाओं में हैं। सलमान खान के बिजी होने के चलते अनिल कपूर को बिग बॉस ओटीटी 3 का होस्ट चुना गया है। इससे पहले अनिल कपूर ने अपनी अपकमिंग फिल्म सूबेदार की शूटिंग शुरू कर दी है। अनिल कपूर ने सोमवार को फिल्म सूबेदार से अपनी तैयारी की एक तस्वीर शेयर की। तस्वीर में वह एक शख्स का गला पकड़ते हुए नजर आ रहे हैं। यह एक फाइट ट्रेनिंग सेशन है। इससे पहले अमेजन प्राइम ने अनिल कपूर का फर्स्ट लुक शेयर किया था, जिसमें एक्टर हाथ में बंदूक लिए बैठे नजर आए थे। यह फिल्म अबुंदंतिया एंटरटेनमेंट, ओपनिंग इमेज और अनिल कपूर फिल्म एंड कम्युनिकेशन नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित है। फिल्म की कहानी त्रिवेणी और प्रज्वल चन्द्रशेखर ने मिलकर लिखी है।



# सांस्कृतिक गरिमा का गवाह इलाहाबाद




**इलाहाबाद मौर्य और गुप्त साम्राज्य से लेकर मुग़ल साम्राज्य तक समृद्धशाली इतिहास से भरा हुआ है। कुम्भ के महान जन समूह में शामिल होने के अलावा इलाहाबाद में आपको भारतीय धर्म और संस्कृति के बारे में जानने का अवसर मिलेगा। आपको इलाहाबाद के और उसके आस-पास के कई पर्यटन स्थलों को देखने का अवसर मिलेगा । जब आप एक पर्यटक के रूप में यहाँ आयेंगें तब आपको यहाँ आकर असीम संतुष्टि मिलेगी ।**



देश के हर हिस्से से लाखों यात्री इलाहाबाद पूरे वर्ष गंगा-यमुना के संगम में स्नान करने और मुक्ति की कामना लेकर आते रहते हैं। इस नगर ने युगों की करवट देखी है, बदलता हुआ इतिहास देखा है। इलाहाबाद भारत की सांस्कृतिक गरिमा का गवाह रहा है और राजनीति तथा साहित्य का केंद्र भी रहा है। यह शहर व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण नहीं हुआ किन्तु शिक्षा में पूर्व का कैंब्रिज माना गया विश्वविद्यालय यहीं है साथ ही अनकों सांस्कृतिक, राजनीतिक, साहित्यिक धरोहरों के कारण भी पर्यटक यहां खिंचे चले आते हैं।

इलाहाबाद शहर की भौगोलिक सीमा तो पंद्रह किलोमीटर है जिसमें अनेक दर्शनीय स्थल हैं। यहां कुछ खास पौराणिक, ऐतिहासिक स्थल अब भग्न अवस्था में हैं। यहां के कुछ गौरवपूर्ण स्थानों में कौशांबी, श्रृंगवेरपुर, झूंसी या प्रतिष्ठानपुर, लाक्षागिरि, भीटा, पातालपुरी आदि के नाम लिये जा सकते हैं। यदि आप इलाहाबाद के औद्योगिक विकास के बारे में जानना चाहते हैं तो आपको नैनी जाना होगा।

इलाहाबाद रेलवे स्टेशन से लगभग पांच किलोमीटर दूर भारद्वाज आश्रम है। वर्तमान में यह आश्रम एक मंदिर का रूप ले चुका है। यह जवाहरलाल नेहरू रोड़ पर आनंद भवन से कुछ पहले ही स्थित है। इस मंदिर की भव्यता आपको अवश्य रोमांचित करेगी। आप आनंद भवन और स्वराज भवन देखने जरूर जाइये। स्वराज भवन अब कांग्रेस पार्टी के पास है। यह नेहरू परिवार का पैतृक आवास है अब इसमें जवाहरलाल नेहरू की चित्रमय झांकी प्रदर्शित की गई है। आनंद भवन में नेहरू जी की जीवन स्मृतियां धरोहर के रूप में सुरक्षित हैं। इसके परिसर में एक प्लेनिटोरियम भी खुला हुआ है।

आनंद भवन से एक किलोमीटर दूर 1887 ईसवी में स्थापित विश्वविद्यालय है। सन् 1921 में इसे आवासीय रूप दिया गया था। इसका सीनेट हाल वास्तुकला का श्रेष्ठ नमूना है। विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग में एक संग्रहालय भी है। इस विश्वविद्यालय में दूरदराज के छात्र भी पढ़ने आते हैं।

रेलवे स्टेशन से आठ किलोमीटर दूर संगम तट पर सम्राट अशोक द्वारा बनवाया गया किला मौजूद है, इसका जीर्णोद्धार अकबर ने करवाया था। किले में अशोक स्तंभ इस का संकेत देता है। यह भी हो सकता है कि पहले अशोक स्तंभ रहा हो जिसे घेरे में लेकर अकबर ने यह किला बनवाया हो। अधिकतर लोगों का ऐसा ही मानना है। इस किले का निर्माण 1583 में आरम्भ हुआ था। सन् 1838 में अंग्रेजों ने इस किले का लगभग पुनर्निमाण कराया और वर्तमान रूप दिया। इस किले में भारतीय ईरानी वास्तुकला का मेल आज भी स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। इस विशाल किले में 23 महल, 3 शयनागार, 25 द्वार, 23 बुर्ज, 270 भवन, 176 कमरे, 2 खासेआम, 70 तहखाने, 7 दालानें, 20 तबेले, 1 बावड़ी, 1 कुआं और 1 नहर भी है। किले के भूतल में पातालपुरी मंदिर है जो बड़ा भव्य और विशाल है। इसमें 50 मूर्तियां और 100 प्रस्तर स्तंभ हैं। किले में घूमने के लिए पास लेना पड़ता है। कुछ खास स्थान देखने को नहीं मिलते। माघ मेले के दौरान अक्षयवट का मार्ग खोल दिया जाता है।

आप खुसरो बाग भी देखने जा सकते हैं। यह रेलवे स्टेशन से मात्र आधा किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। जहांगीर के पुत्र खुसरो द्वारा इस बाग का निर्माण कराया गया था। यह सत्रह बीघा विस्तार में है। यहां खुसरो और उसकी बहन सुलतानुन्निसा की कब्रें हैं। ये मकबरे काव्य और कला के सुंदर नमूने हैं। फारसी भाषा में जीवन की नश्वरता पर जो कविता यहां लिखी गई है, वह मन को भीतर तक स्पर्श कर जाती है। आप आजाद पार्क भी देखने जा सकते हैं। यह स्टेशन से लगभग तीन किलोमीटर दूर है। पहले विक्टोरिया पार्क के नाम से जाना जाने वाला यह पार्क अब चंद्रशेखर आजाद पार्क के नाम से जाना जाता है। यहां एक ब्रिटिश कालीन लाइब्रेरी भी है और साथ में ही एक स्पोटर्स स्टेडियम भी है।

यदि आप रोमांचित करने वाली वस्तुओं को देखने के शौकीन हैं तो म्यूजियम देखने भी जा सकते हैं। आजाद पार्क के बगल में ही कमला नेहरू मार्ग में एक म्यूजियम है। यहां 13वीं सदी की दुलर्भ वस्तुएं सुरक्षित हैं। यहां पर मूर्ति निर्माण कला का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। आप मिंटो पार्क, सरस्वती घाट, नेहरू गार्डन आदि स्थल भी देखने जा सकते हैं।

इलाहाबाद में दिसंबर-जनवरी तथा मई-जून को छोड़कर बाकी महीनों में सीजन ठीक रहता है। वैसे तीर्थयात्री तो मौसम की भी परवाह नहीं करते। इलाहाबाद उत्तर रेलवे का प्रमुख जंक्शन है इसलिए यहां पर पूरे देश से रेलमार्ग द्वारा आने की सुविधा है।

## इलाहाबाद के दर्शनीय स्थल

### इलाहाबाद का किला

यह भव्य किला अकबर ने 1583 ईसवी में बनवाया था। यह किला संगम तट के निकट यमुना के किनारे है ।यह किला अपने शिल्प और निर्माण के लिए प्रसिद्ध है ।यह किला तीन शानदार दीर्घाओं में बंटा हुआ है ।वर्तमान में यह किला सेना द्वारा इस्तमाल किया जाता है केवल कुछ क्षेत्र ही पर्यटकों के लिए खुले है । किले की बाहरी दीवार जल की सतह के ऊपर प्रतीत होती है । पर्यटकों को अशोक स्तम्भ और सरस्वती कूप देखने के लिए अनुमति लेनी पड़ती है ।सरस्वती कूप को सरस्वती नदी का स्त्रोत माना जाता है ।यहीं पर पातालपुरी मंदिर और अक्षय वट भी है ।



### पातालपुरी मंदिर

इस भूमिगत मंदिर में ही अक्षय वट है ।ऐसी मान्यता है कि यहाँ की यात्रा भगवान् राम ने की थी ।इस स्थान का भ्रमण ह्वेन त्सांग द्वारा भी किया गया था।

### अशोका स्तम्भ

अशोका स्तम्भ बलुआ पत्थर का बना हुआ है। इसकी ऊचाई 10.6 मीटर है। इस स्तम्भ पर कई शिलालेख हैं। जहाँगीर द्वारा लिखवाया गया शिलालेख इस पर फारसी में हैं सिंहासन के लिए अपने परिग्रहण के उपलक्ष्य में।

### अक्षय वट

पातालपुरी मंदिर के भीतर अमर वृक्ष है ।इस वृक्ष का उल्लेख प्राचीन ग्रंथों में मिलता है । यह वृक्ष बहुत नीचे की ओर स्थित है । यात्रियों को पातालपुरी मंदिर, अक्षय वट और अशोका वृक्ष देखने के लिए अनुमति लेनी पड़ती है।

### हनुमान मंदिर

यह मंदिर संगम के पास है । इस मंदिर में हनुमान जी की मूर्ति है जोकि सारे उत्तर भारत में प्रसिद्ध है ।यहां भगवान हनुमान की बड़ी मूर्ति को एक मनमोहक मुद्रा



में देखा जा सकता है। जब गंगा नदी में बाढ़ आती है , यह मंदिर जलमग्न हो जाता है।

### शंकर विमान मंडपम

यह मंदिर 130 फुट ऊंचा है। यह चार स्तम्भों पर टिका है। यहाँ कुमारिल भट्ट, जगतगुरू शंकराचार्य, कामाक्षी देवी (लगभग 51 शक्तिपीत्हस के साथ), योग्सहस्त्र सहस्त्रयोगा लिंगा (लगभग 108 शिव के साथ) की मूर्तियां हैं ।

### मनकामेश्वर मंदिर

यह सरस्वती घाट के पास यमुना नदी के तट पर स्थित है। यह इलाहाबाद के प्रसिद्ध शिव मंदिरों में से एक है।

### मिंटो पार्क

यह सरस्वती घाट के पास स्थित है। इसमें एक पत्थर का स्मारक है इसके शीर्ष पर चार शेरो का प्रतीक लगा हुआ है । मिंटो पार्क की नींव लॉर्ड मिंटो ने 1910 में रखी थी ।








### स्वराज भवन

यह पुराना आनंद भवन है, जो वर्ष 1930 में मोती लाल नेहरू ने कांग्रेस समिति के मुख्यालय के रूप में इस्तेमाल करने के लिए राष्ट्र को दान कर दिया था । मोती लाल नेहरु ने इसे स्वराज भवन का नाम दिया । भारत के स्वर्गीय प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी यहाँ पैदा हुई थी । प्रकाश और ध्वनि प्रदर्शन की सुविधा 11.00 से 5.00 बजे तक 5 रुपये प्रति व्यक्ति के टिकट पर उपलब्ध है। यह सोमवार को बंद रहता है ।

### आनंद भवन

यह तत्कालीन नेहरू परिवार का पैतृक घर है। इसे अब संग्रहालय में बदल दिया गया है। यह स्वतंत्रता संग्राम से सम्बन्धित महत्वपूर्ण निर्णय , घटनाओं का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है । मुख्य भवन एक संग्रहालय है जो नेहरू परिवार की यादगार है । इसके खुलने का समयः 9.30 से 5.00 तक व टिकट~ 2 .00 रुपये है। सोमवार और सरकारी छुट्टियों पर बंद रहता है।

### जवाहर तारामंडल

वैज्ञानिक खगोलीय यात्रा के लिए यह तारा मंडल बनाया गया है ।तारामंडल खुलने का समय~ 11 ~00 से 4 ~00 , टिकट~ 20 .00 रुपये । सोमवार को बंद रहता है । फोन~ 0532-2467093

### साई धाम मंदिर

शिरडी साई बाबा का यह नया मंदिर एजी कार्यालय के निकट ड्रमंड रोड पर स्थित है। यहाँ पर्यटक बड़ी संख्या में बृहस्पतिवार को आते है।

### इलाहाबाद विश्वविद्यालय

भारत के सबसे प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों में से एक है। इसके परिसर में विक्टोरियन और इस्लामी स्थापत्य शैली की इमारते हैं।

### इलाहाबाद संग्रहालय

इस संग्रहालय में मूर्तिकला का एक उत्कृष्ट संग्रह है।

### म्योर कॉलेज

विलियम एमर्सन द्वारा बनाया गया था। यह गोथिक और भारतीय वास्तु तत्वों की एक उत्कृष्ट मिश्रण है।इसे 1874 में शुरू किया और 1886 में खोला गया है । इसमें एक 200 फुट ऊँची चतुष्कोणीय मीनार है जो बलुआ पत्थर, संगमरमर और मोज़ेक से बनी हुई है। । इसके गुम्बद भारत - अरबी संरचना के पत्थरों से बना हुआ है ।

### चन्द्र शेखर आजाद पार्क

संग्रहालय से सटे इस शानदार पार्क को कंपनी बाग के रूप में जाना जाता था । यहाँ इमारतों के अतिरिक्त सार्वजनिक पुस्तकालय,जी.एन. झा अनुसंधान संस्थान और चन्द्र शेखर आजाद की मूर्ति है । इस पार्क का नाम महान शहीद स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद के नाम पर रखा गया है।

### पत्थर गिरजाघर

यह शानदार गिरजाघर 1870 में सर विलियम एमर्सन द्वारा डिजाइन किया गया और 1887 में निर्मित किया गया ।इस गिरजाघर की खूबसूरती प्रत्येक आगंतुक को प्रभावित करती है।

### खुसरो बाग

एक बड़ा बगीचा है जिसमें खुसरो, सम्राट जहागीर और शाह बेगम के बेटे की कब्रें स्थित हैं ।

### पब्लिक पुस्तालय

चन्द्र शेखर आजाद पार्क (अल्फ्रेड पार्क) में स्थायी एक स्मारक,एक बुलंद टावर और तोरणयुक्त मठ है। 1879 में, पुस्तकालय चन्द्र शेखर आजाद पार्क (अल्फ्रेड पार्क) परिसर को स्थानांतरित कर दिया गया था ।इसमें 75 000 किताबें मौजूद हैं ।इसमें पांडुलिपियों और पत्रिकाओं का एक खजाना है ।

### मेयो मेमोरियल हॉल

थॉर्नहिल और मेयो मेमोरियल के पास यह हॉल स्थित है। इस बड़े हॉल में एक 180 फुट ऊँचा टॉवर है।इस मेमोरियल हॉल के इंटीरियर डिजाइन साथ दक्षिण केंसिंग्टन संग्रहालय, लंदन के प्रोफेसर गैंबल से अलंकृत किया गया। 1879 में बना यह हॉल सार्वजनिक बैठकों, वायसराय की स्मृति में और स्वागत के लिए बनाया गया था ।

# भारतीय रिजर्व बैंक को अब ब्याज दरों में कटौती के बारे में गम्भीरता से विचार करना चाहिए



प्रहलाद सबनानी

**मुद्रा स्फीति की दर भारत में लगभग नियंत्रण में है एवं भारतीय अर्थव्यवस्था में विकास की गति को और अधिक तेज करने के उद्देश्य से भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में कमी करने पर गम्भीरता से विचार किया जाना चाहिए।**

भारतीय रिजर्व बैंक ने लगातार 8वीं बार रेपो दर में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं करते हुए इसे 6.50 प्रतिशत पर ही जारी रखा है। हालांकि, हाल ही में, जून 2024 के प्रथम सप्ताह में सम्पन्न हुई मोनेटरी पॉलिसी कमेटी (एमपीसी) की बैठक में दो सदस्यों ने रेपो दर को 25 आधार अंको से घटाकर 6.25 प्रतिशत पर नीचे लाने की सिफारिश की थी। अभी तक मोनेटरी पॉलिसी कमेटी द्वारा लिए गए 48 निर्णयों में से 32 निर्णय सर्वसम्मत आधार पर लिए गए हैं और केवल 16 निर्णयों की स्थिति में ही कुछ सदस्यों द्वारा अपनी अलग राय रखी गई है। और, इस बार भी दो सदस्यों की राय अन्य सदस्यों की राय से कुछ भिन्न रही है।

भारतीय रिजर्व बैंक ने भारत में मुद्रा स्फीति के सम्बंध में भी अपनी राय प्रकट की है और इसके अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024-25 में मुद्रा स्फीति की दर 4.5 प्रतिशत पर बनी रहेगी और इस वित्तीय वर्ष की प्रथम तिमाही में मुद्रा स्फीति की दर 4.9 प्रतिशत, द्वितीय तिमाही में 3.8 प्रतिशत, तृतीय तिमाही में 4.6 प्रतिशत एवं चतुर्थ तिमाही में 4.5 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति की दर में खाद्य पदार्थ सामग्री का विशेष योगदान रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है। हालांकि, बाजार में खाद्य पदार्थ सामग्री की कीमतें यदि बढ़ती हैं तो इसे ब्याज दर बढ़ाकर अथवा घटाकर प्रभावित नहीं किया जा सकता है क्योंकि खाद्य पदार्थों की कीमतें बाजार में मांग एवं आपूर्ति के आधार पर ही निर्धारित होती हैं। जैसे, सब्जी एवं फलों की आपूर्ति यदि बाजार में कम है और मांग अधिक है तो इन वस्तुओं की कीमतें बाजार में आसमान छूती नजर आती हैं और इन वस्तुओं की बाजार में यदि आपूर्ति बढ़ जाए तो इनकी कीमतें भी कम होने लगती है। अतः ब्याज दरों में वृद्धि अथवा कमी का इन वस्तुओं की कीमतों पर प्रभाव नगण्य सा ही रहता है। कुल मिलाकर, खाद्य पदार्थों की बाजार में आपूर्ति बढ़ाकर ही इन वस्तुओं की मुद्रा स्फीति पर नियंत्रण स्थापित किया जा सकता है। और फिर, भारत में मुद्रा स्फीति की दर भी 4.5 प्रतिशत के आसपास ही बनी रही है जो मोनेटरी पॉलिसी में वर्णित 2.5 प्रतिशत से 6.5 प्रतिशत के बीच की सीमा के अंदर ही है। बैंक आफ कनाडा, स्विस बैंक एवं स्वीडिश रिस्कबैंक ने भी पूर्व में ही अपने अपने देशों की ब्याज दरों में कमी करने की सिफारिश की है। अतः क्या अब भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा भी रेपो दर में कमी करने के बारे में विचार नहीं किया जाना चाहिए।




भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में कमी संभवतः अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा फेड दर में कमी को घोषणा के बाद की जाय, क्योंकि यदि भारत रेपो दर में कमी की घोषणा करता है एवं फेडरल रिजर्व फेड दर में कमी नहीं करता है तो इससे अमेरिकी डॉलर के रूप में पूंजी का भारत से पलायन हो सकता है। परंतु, हाल ही के समय में भारतीय अर्थव्यवस्था अपने आंतरिक मजबूती के चलते ही अपने आर्थिक विकास को गति देने में सफल रही है। भारतीय अर्थव्यवस्था, अन्य देशों के आर्थिक क्षेत्र में हो रहे विभिन्न परिवर्तनों के बावजूद वित्तीय वर्ष 2023-24 में अपने आर्थिक विकास की दर को 8 प्रतिशत से अधिक रखने में सफल रही है। यदि भारतीय रिजर्व बैंक रेपो दर में कमी करता है तो इससे भारत में उद्योग, कृषि एवं सेवा क्षेत्र को वित्त/पूंजी की उपलब्धता कम ब्याज दरों पर होने लगेगी, इससे इन क्षेत्रों में कार्य कर रही इकाईयों की उत्पादन लागत कम होगी एवं इनकी लाभप्रदता में सुधार होगा। जिससे अंततः इन इकाईयों के विस्तार में आसानी होगी। देश में रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित होंने लगेंगे। और फिर, अभी तो भारत के पास 65,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक का विदेशी मुद्रा भंडार भी उपलब्ध है, यदि ब्याज दर कम करने से कुछ विदेशी पूंजी पलायन भारत से अन्य देशों के ओर होता भी है तो (हालांकि इसकी सम्भावना बहुत ही कम है क्योंकि भारत में विदेशी निवेश एवं विदेशी मुद्रा का आंतरिक प्रेषण भी भारी मात्रा में होता दिखाई दे रहा है) यह विदेशी मुद्रा भंडार भारत के आड़े वक्त में काम आएगा।

भारत में हाल ही के समय में विभिन्न बैंकों के ऋण में वृद्धि दर 15 से 20 प्रतिशत के बीच बनी हुई है जबकि जमाराशि में वृद्धि दर 10-12 प्रतिशत के बीच बनी हुई है। आज भारत के कई बैंकों का वार्धिक ऋणःजमा अनुपात 100 प्रतिशत के आसपास पहुंच गया है। इससे विभिन्न बैंकों की तरलता पर दबाव बनता हुआ दिखाई दे रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक को विभिन्न बैंकों की तरलता सम्बंधित समस्याओं को हल करने के लिए विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पड़ेगी। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक ने इस संदर्भ में कई प्रयास करना शुरू भी कर दिए हैं।

भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 7.20 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है। पहिले यह अनुमान 7 प्रतिशत का लगाया गया था परंतु वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान 8.20 प्रतिशत की वृद्धि दर को देखते हुए इसमें 20 आधार अंको की वृद्धि की गई है। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 7.3 प्रतिशत, द्वितीय तिमाही में 7.2 प्रतिशत, तृतीय तिमाही में 7.3 प्रतिशत एवं चतुर्थ तिमाही में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि होने की सम्भावना व्यक्त की गई है। इस वर्ष मानसून भी सामान्य से कुछ अधिक ही रहने की सम्भावना है एवं भारत में 'अल नीनो' के स्थान पर 'ला नीना' का असर होने की प्रबल सम्भावना व्यक्त की गई है। अल नीनो के प्रभाव से सामान्यतः मानसून कमजोर हो जाता है एवं ला नीना के प्रभाव से मानसून मजबूत रहने की सम्भावना बढ़ जाती है। भारत में कृषि क्षेत्र अभी भी मानसून की बारिश पर ही टिका हुआ है, अतः मानसून के दौरान ला नीना के प्रभाव को कृषि क्षेत्र के लिए बहुत अच्छा माना जा रहा है। दूसरे, भारत की अर्थव्यवस्था में मंदिर की अर्थव्यवस्था एवं धार्मिक पर्यटन का सकारात्मक प्रभाव वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी जारी रहेगा। इस मुख्य कारण के चलते, वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। यदि यह प्रभाव भी वर्ष 2024-25 के दौरान इसी स्तर पर बना रहता है तो बहुत सम्भव है कि इस वर्ष के दौरान भी भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 8 प्रतिशत से अधिक वृद्धि दर हासिल की जा सके। तीसरे, इस वर्ष अच्छे मानसून के चलते ग्रामीण इलाकों में विभिन्न उत्पादों की मांग में भी वृद्धि होगी और यह कृषि क्षेत्र के साथ ही उद्योग एवं सेवा क्षेत्र को भी गति देने का काम करेगा, और इससे निजी क्षेत्र में निवेश बढ़ने की भी प्रबल सम्भावना रहेगी और अंततः विकास दर 7.2 प्रतिशत के स्थान पर 8 प्रतिशत की रह सकती है।

अतः कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि अब चूंकि मुद्रा स्फीति की दर भारत में लगभग नियंत्रण में है एवं भारतीय अर्थव्यवस्था में विकास की गति को और अधिक तेज करने के उद्देश्य से भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में कमी करने पर गम्भीरता से विचार किया जाना चाहिए।

## संपादकीय

### रूस यूक्रेन युद्ध की शांति की राहें

रूस यूक्रेन युद्ध की समाप्ति का रास्ता तलाशने के उद्देश्य से इस सप्ताह के अंत में स्विट्जरलैंड में एक शांति शिखर सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमें करीब 90 देशों ने हिस्सा लिया। विश्लेषकों का मानना है कि दो वर्षों के बाद युद्ध विराम को लेकर आयोजित इस शांति शिखर सम्मेलन का उद्देश्य यथार्थपरक है, लेकिन यह आकलन वास्तविकता से कई अर्थों में भिन्न है। सम्मेलन में करीब 100 प्रतिनिधिमंडल आये थे, जिनमें से ज्यादातर पश्चिमी देशों से थे और ये सभी रूस विरोधी थे। यह शिखर सम्मेलन युद्ध विराम और शांति स्थापित करने के उद्देश्य से कोसों दूर इसलिए भी रहा है इसमें रूस को आमंत्रित ही नहीं किया गया। रूस सबसे महत्त्वपूर्ण हितधारक है और जब तक रूस और यूक्रेन वार्ता की मेज पर एक साथ नहीं बैठेंगे तब तक शांति का कोई परिणाम ही सामने नहीं आएगा। इस शांति शिखर सम्मेलन से ठीक पहले जी-7 देशों के सम्मेलन में दुश्मन देश रूस की जब्त 4177 अरब रुपए की संपत्ति यूक्रेने को देने की घोषणा की गई है। यूक्रेन को एक तरफ नाटो देश हथियार दे रहे हैं और दूसरी ओर अमेरिका लगातार फंड दे रहा है। अमेरिका बार-बार कह रहा है कि यूक्रेन को इस तरह की मदद लगातार मिलती रहेगी। अब अगर जी-7 देशों की घोषणा के मुताबिक रूस की जब्त संपत्ति यूक्रेन को दी गई तो एक नया मोर्चा खुल जाएगा। यह दो दिवसीय शांति सम्मेलन था। अंतिम दिन यानी रविवार को एक साझा बयान जारी किया गया जिसमें यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता बरकरार रखने की शर्त को मुख्य आधार बनाया गया है। भारत सहित 12 देशों ने इस शर्त को नामंजूर करते हुए साझा बयान पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। इन देशों का मानना है कि इस शर्त से टकराव की स्थिति बनी रहने की आशंका है। भारत ने सार्वजनिक रूप से कभी भी रूस को आक्रामक देश नहीं कहा है जैसा कि पश्चिमी देश मानते हैं। पिछले दिनों एक जनमत सर्वेक्षण में यह बात सामने आई थी कि यूक्रेन की एक बड़ी आबादी का विजय के संदर्भ में निराशावादी रुख है। वे सीमित युद्ध परिणामों को स्वीकार करने के लिए तैयार हैं। यह भी सत्य है कि दो साल से जारी इस भीषण युद्ध के बाद भी जेलेंस्की और पुतिन दोनों के लिए विजय मृगतृष्णा बनी हुई है। युद्ध विराम और शांति स्थापित करने के लिए पश्चिमी देशों को स्वप्नद्रष्टा होने की बजाय जमीनी हकीकत को समझना होगा।


**नाइट्रस ऑक्साइड़ उत्सर्जन/अली खान**

### कटौती करने में ही भलाई

हालिया एक अध्ययन में बेहद चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि दुनियाभर में नाइट्रस ऑक्साइड का उत्सर्जन बड़ी तेजी से बढ़ रहा है। इस अध्ययन से जुड़े वैज्ञानिकों का मानना है कि जिस स्तर पर नाइट्रस ऑक्साइड का उत्सर्जन बढ़ा है, उससे ग्लोबल वॉर्मिंग कम करने के लिए तय किए गए लक्ष्य भी खतरे में हैं। बता दें कि 1980 से 2020 के बीच नाइट्रस ऑक्साइड के उपयोग में 40 फीसद की वृद्धि हुई है।

दरअसल, 15 देशों के 55 संगठनों के 58 शोधकर्ताओं की एक टीम द्वारा ग्लोबल कार्बन प्रोजेक्ट की नई रिपोर्ट से यह पता चला है कि चीन, भारत और अमेरिका शीर्ष 10 उत्सर्जकों में शामिल हैं। इस बीच आम-आदमी के मस्तिष्क में इस सवाल का कौंधना स्वाभाविक है कि आखिर नाइट्रस ऑक्साइड का उत्सर्जन इतनी तेजी से क्यों बढ़ रहा है? कार्बन डाईऑक्साइड और मीथेन के अलावा तीसरी प्रमुख ग्रीनहाउस गैस है, जो इंसानी गतिविधियों से पैदा होती है। इस गैस के उत्सर्जन में सबसे बड़ी भूमिका कृषि क्षेत्र की है। इसके बाद जीवाश्म इृधन, कूड़ा, गंदा पानी और बायोमास जलाने जैसे स्रोत हैं। यह फसल पर रासायनिक उर्वरकों व पशु अपशिष्ट के उपयोग से उत्सर्जित होती है। जलवायु वैज्ञानिकों ने माना है कि नाइट्रस ऑक्साइड में वृद्धि का कारण नाइट्रोजन आधारित उर्वरक है, जो मिट्टी में मौजूद सूक्ष्मजीवों को सामान्य से अधिक तेज गति से नाइट्रोजन को नाइट्रस ऑक्साइड में परिवर्तित करने के लिए उत्तेजित करता है। अतिरिक्त नाइट्रोजन के प्रयोग से मिट्टी, पानी और वायु प्रदूषण होता है और ओजोन परत भी नष्ट होती है। जो कि हमारी चिंताओं को बढ़ाने वाला है। नाइट्रस ऑक्साइड पृथ्वी के वातावरण को कार्बन डाईऑक्साइड से 300 गुना ज्यादा गर्म करती है और एक बार वातावरण में पहुंचने पर यह एक सदी से भी ज्यादा समय तक मौजूद रह सकती है। नाइट्रस ऑक्साइड के उत्सर्जन पर अंकुश लगाने के लिए वैश्विक स्तर पर निगरानी तंत्र को विकसित किए जाने की आवश्यकता है। नाइट्रस ऑक्साइड के उत्सर्जन में कटौती के लिए वैश्विक रणनीति बनाए जाने की आवश्यकता है।

# रेल हादसों का जिम्मेदार कौन, कहां है रेल मंत्री का सुरक्षा कवच



सनत जैन

त्रिपुरा के अगरतला से बंगाल के सियालदाह जा रही यात्री ट्रेन कंचनजंगा एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना स्थल पर 9 लोगों की मौत हो गई। 41 से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। जलपाईगुड़ी रेलवे स्टेशन से 10 किलोमीटर पहले कंचनजंगा एक्सप्रेस खड़ी हुई थी। उसी ट्रैक पर एक मालगाड़ी पीछे से आई और उसने यात्री ट्रेन को टक्कर मारी। यात्री गाड़ी के चार डिब्बे क्षतिग्रस्त हो गए। इसी तरह की एक बड़ी दुर्घटना पिछले साल उड़ीसा के बालासोर में भी हुई थी। जिसमें 3 ट्रेनों के बीच टक्कर हुई थी। सैकड़ों रेलवे यात्री घटनास्थल पर मारे गए थे। सेकड़ों गंभीर रूप से घायल हुए थे।

जब उड़ीसा में रेल दुर्घटना हुई थी, उस समय भी रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ही थे। उन्होंने दावा किया था, ट्रेनों में सुरक्षा सिस्टम लगाया जा रहा है। उन्होंने सुरक्षा सिस्टम को सुरक्षा कवच का नाम दिया था। उन्होंने दावा किया था, भविष्य में दुर्घटनाएं नहीं होगी। अभी जो जानकारी प्राप्त हुई है। अभी तक केवल 1500 किलोमीटर के ट्रैक पर ही यह सुरक्षा सिस्टम लगाया जा सका है। बाकी सारे रेल ट्रैक भगवान भरोसे हैं। 02 जून 2023 को उड़ीसा के बालासोर में एक साथ तीन ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त हुईं थीं। जिसमें 293 लोगों की मौत हो गई थी। मानवीय भूल बताकर इस घटना को भुला दिया गया। 29 अक्टूबर को आंध्र प्रदेश में सिग्नल खराब हो जाने के कारण तीन ट्रेनें दुर्घटना की शिकार हुईं। रेलवे मंत्रालय ने इसके लिए मृतक ट्रेन चालक और सहायक चालक को दोषी बताकर पल्ला झाड़ लिया। सिग्नल खराबी की वजह से अब तीसरा हादसा जलपाईगुड़ी स्टेशन के 10 किलोमीटर पहले हुआ। जहां एक मालगाड़ी ने यात्री ट्रेन को टक्कर मार दी। पिछले कुछ वर्षों से रेलवे का आधुनिकीकरण का कार्य किया जा रहा है। रेलवे के जो कर्मचारी रिटायर होते गए, वह पद भरे नहीं गए। रेलवे मंत्रालय यात्री गाड़ियों और मालगाड़ियों की संख्या निरंतर बढ़ाता जा रहा है। पिछले वर्षों में तेज रफ्तार वाली वंदे मातरम ट्रेन, राजधानी एक्सप्रेस, शताब्दी ट्रेन की रफ्तार बढ़ाई गई है।


पिछले वर्षों में रेलवे की कमाई भी कई गुना बढ़ी है। रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों को सजाने संवारने का काम किया जा रहा है। आधुनिकीकरण के नाम पर रेलवे मंत्रालय द्वारा पानी की तरह पैसा बहाया जा रहा है। जब रेलवे में काम करने वाले अधिकारी और कर्मचारी ही नहीं होंगे। ऐसी स्थिति में ट्रेनों की देख-रेख में लापरवाही तो होगी ही। रेलवे की व्यवस्था में सुधार किस तरह से किया जायेगा, इसका कोई प्लान भी रेलवे के पास दिखता नहीं है। लंबी दूरी की जो यात्री ट्रेन चल रही हैं उसमें भेड़ बकरियों की तरह यात्री, यात्रा करने के लिए मजबूर हैं। कई महीनो की वेटिंग लगी होती है। सामान्य अथवा वेटिंग टिकट पर 75 यात्री वाले कोच में 2 से 3 गुना यात्री सफर करने को विवश हैं। रेलवे टिकट के पैसे कई दिनों पहले एडवांस में ले लिए जाते हैं। उसके बाद भी उन्हें कोई सुविधा नहीं मिल पाती है। जान जोखिम में डालकर लोगों को नारकीय यात्रा करनी पड़ती है। पिछले 10 वर्षों में रेल मंत्रालय ने एकाधिकार के बल पर रेलवे को कमाई का जरिया बना लिया है। वेटिंग टिकिट कंफर्म नहीं होती है। तब भी रेलवे पैसा काट लेता है। टिकट बुक करते हैं, जीएसटी और अन्य शुल्क वसूल कर लिए जाते हैं। अंतिम समय पर 2 से 3 गुना महंगी तत्काल में टिकट खरीदना पड़ती है। महीनों पहले कराई गई वेटिंग टिकट यात्रा करने की तारीख तक कंफर्म नहीं होती है। जब रेलवे वेटिंग में टिकट इशू करता है, ऐसी स्थिति में उसे अतिरिक्त ट्रेन या अतिरिक्त कोच लगाए जाने की व्यवस्था भी करनी चाहिए। रेलवे कुछ भी नहीं करती है। एकाधिकार के बल पर लोगों को लूटने का काम, रेलवे खुलेआम कर रही है। वंदे मातरम और तेज रफ्तार वाली अन्य ट्रेनों को हवाई जहाज की तर्ज पर चलाया जा रहा है। हवाई जहाज की तरह अब रेलवे भी किराए की वसूली कर रहा है। रेलवे में पिछले कई वर्षों से लाखों पद खाली पड़े हुए हैं। उन्हें नहीं भरा जा रहा है। जिसके कारण यात्रा में दिनों दिन जोखिम बढ़ता चला जा रहा है। पिछले 10 वर्षों में गुड्स ट्रेनों की संख्या बढ़ी है। तेज रफ्तार वाली ट्रेनों की संख्या बढ़ी है। इसके बाद भी रेलवे की कोई जिम्मेदारी यात्रियों की सुरक्षा को लेकर नहीं है। पिछले वर्षों में संपूर्ण भारत में 1 दिन में कम से कम तीन रेल दुर्घटनाएं हो रही हैं। इनमें आर्थिक नुकसान होता है। रेल दुर्घटनाओं को रोकने के लिए रेलवे मंत्रालय द्वारा ऐसा कोई काम नहीं किया गया, जिससे दुर्घटनाओं में रोक लगे। जब कोई बड़ी दुर्घटना होती है, तब कहा जाता है, रेलवे ने सुरक्षा कवच लगा लिए हैं। तेज रफ्तार की ट्रेनों को चलाने के लिए सिग्नल व्यवस्था को मजबूत कर दिया गया है। कोहरे से बचाव के लिए ट्रेनों में नई डिवाइस लगा दी गई है। इस तरह के बड़े-बड़े दावे रेल मंत्रालय द्वारा किए जाते हैं।

वास्तविक हकीकत में वह दावे कहीं नजर नहीं आते हैं। पहले इस तरह की दुर्घटनाएं होती थीं तो रेल मंत्री अपना इस्तीफा देकर नैतिक जिम्मेदारी लेते थे। इसका असर रेलवे के अधिकारियों और कर्मचारियों में होता था। पिछले 10 साल में इतनी बड़ी-बड़ी रेल दुर्घटनाएं हुई हैं। सरकार के मंत्री और रेलवे के बड़े अधिकारी ना तो जिम्मेदारी लेते हैं, नाही दोषियों पर कोई कार्रवाई करते हैं। नीतिगत और नैतिक जिम्मेदारी रेल मंत्री की होती है। रेलवे की दुर्घटनाओं को लेकर अब लोगों का गुस्सा बढ़ने लगा है। सोशल मीडिया में लोग प्रधानमंत्री को जिम्मेदार बताने लगे हैं। 26 मई 2014 को नरेंद्र मोदी ने जब प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी, उसी दिन गोरखधाम एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त हुई थी। उस दुर्घटना में 25 से अधिक यात्रियों की मौत हुई थी, सैकड़ो लोग घायल हुए थे। पिछले 10 वर्षों में हुई रेल दुर्घटनाओं का ठीकरा सोशल मीडिया में प्रधानमंत्री के ऊपर फोड़ा जा रहा है। रेल मंत्री और केंद्र सरकार को समय रहते दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस प्रयास करने होंगे। ऐसा नहीं हुआ, तो भविष्य में बड़ा जनाक्रोष देखने को मिल सकता है।

# मुद्दा : पाठ्य पुस्तकों में सकारात्मक बदलाव



प्रमोद भार्गव



राष्ट्रीय शैक्षिक एवं अनुसंधान और प्रषिक्षण परिषद् (NCERT) की पुस्तकों में पढ़ाए जाने वाले पाठों में बदलाव की शुरूआत साकारात्मक नजरिए से हो गई है। अब 12वीं कक्षा की राजनीति विज्ञान की किताब में से बाबरी मस्जिद, हिंदुत्व की राजनीति 2002, गुजरात दंगों से जुड़े पाठ को हटा दिया है। इसकी जगह 'राम जन्मभूमि आंदोलन की विरासत क्या है' इस पाठ को जोड़ा गया है। इससे पहले इतिहास की पुस्तकों में राखीगढ़ी और आर्यों के मूल स्थान से जुड़े पाठ जोड़े गए हैं।

एनसीआरटी की पुस्तकों में वाकई सकारात्मक बदलाव हो रहे हैं। इसके पहले भारतीय ज्ञान प्रणाली के संदर्भ में महरौली के लौह स्तंभ के बारे में भी बताया गया है। ऋग्वेद में लोहे के आविष्कार के बारे में बताया गया है। इसी क्रम में सोना, तांबा और कांसा धातुओं के अविष्कार किए गए। अतएव ऐसे पाठों को जोड़ना भारतीय विज्ञान की विरासत को छात्रों के सामने लाना है। इसी क्रम में भारत के इतिहास में आर्य अब आक्रामणकारी नहीं, बल्कि भारतीय मूल के रूप में दर्शाए गए हैं।

21 वर्ष की खींचतान और दुनियाभर में हुए अध्ययनों के बाद आखिरकार यह तय हो गया कि 'आर्य सभ्यता' भारतीय ही थी। राखीगढ़ी के उत्खनन से निकले इस सच को देश के पाठ्यक्रमों में शामिल करने का श्रेय 'राखीगढ़ी मैन' के नाम से प्रसिद्ध हुए प्राध्यापक वसंत शिंदे को जाता है। एनसीईआरटी की कक्षा 12वीं की किताब में बदलाव किया गया है। इसमें इतिहास की पाठ्य पुस्तक में 'ईट, मोती और हड्डियां : हड़प्पा सभ्यता' नामक पाठ में आर्यों को मूल भारतीय होना बताया है। इसके अलावा कक्षा 7, 8, 10 और 11 के इतिहास और समाजशास्त्र के पाठ्यक्रमों में भी बदलाव किया गया है। इतिहास तथ्य और घटना के सत्य पर आधारित होता है।

इसलिए इसकी साहित्य की तरह व्याख्या संभव नहीं है। विचारधारा के चश्मे से इतिहास को देखना उसके मूल से खिलवाड़ है, परंतु अब आर्यों के भारतीय होने के संबंधी एक के बाद एक शोध आने के बाद इतिहास बदला जाने लगा है। इस सिलसिले में पहला शोध स्टेनफोर्ड विविद्यालय के टॉमस कीवीशील्ड ने किया था। 2003 में 'अमेरिकन जर्नल ऑफ ह्यूमन जेनेटिक्स' में प्रकाशित इस शोध-पत्र में सबसे पुरानी जाति और जनजाति के वशांणु (जीन) के आधार पर आर्यों के भारत का मूल निवासी बताया गया था। हालांकि वर्ष 2009 में वाराणसी हिंदू विविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो लालजी सिंह और प्रो. थंगराज ने भी आनुवांशिक परीक्षण के बाद आर्यों को मूल भारतीय बताया था।

2019 में प्रो. वसंत शिंदे द्वारा राखीगढ़ी उत्खनन से मिले 4000 साल पुराने वंशाणु की जांच में सबसे बड़ा सच सामने आया। शोध में पाया गया कि राखीगढ़ी से मिला जीन वर्तमान के प्रत्येक भारतीय व्यक्ति में उपलब्ध है। इसके आधार पर यह तथ्य स्थापित हुआ कि भारतीय सभ्यता और संस्कृति आर्यों द्वारा निर्मित है। एनसीआरईटी के इतिहास पाठ्यक्रम निर्धारण समिति के अध्यक्ष बनने पर प्रो. शिंदे ने इस तथ्य के आधार पर पाठ्यक्रम में संशोधन कराए हैं। इसी पुस्तक में मराठा शासक छत्रपति शिवाजी के नाम के साथ छत्रपति और महाराज जोड़ा गया है। इसी तरह कक्षा 12वीं के समाजशास्त्र विषय के पाठ्यक्रम से सांप्रदायिक दंगों के चित्र हटाए गए हैं। इतिहास पुस्तकों में यह बदलाव सिनौली-राखीगढ़ी में हुए उत्खननों में मिले साक्ष्यों के आधार पर संभव हुआ है। प्रोफेसर शिंदे ने राखीगढ़ी के उत्खनन के समय बताया था कि अलग-अलग खुदाई में 106 से भी ज्यादा नर-कंकाल मिले हैं।

साथ ही भिन्न आकार व आकृति के हवन-कुंड और कोयले के अवशेष मिले हैं। तय है भारत में 5000 साल पहले हवन होते थे। यहीं सरस्वती और इसकी सहायक दृश्यवंती नदी के किनारे हड़प्पा सभ्यता के निशान मिले हैं। ये लोग सरस्वती की पूजा करते थे। आनुवांशिक संरचना के आधार पर हैदराबाद की संस्था 'सेंटर फॉर सेल्युलर एंड मॉलिक्यूलर बायोलॉजी' के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए इस शोध से जो निष्कर्ष सामने आए थे, उनसे स्पष्ट हुआ था कि मूल भारतीय ही 'आर्य' थे।

पाश्चात्य इतिहास लेखकों ने पौने दो सौ साल पहले जब प्राच्य विषयों और प्राच्य विद्याओं का अध्ययन शुरू किया तो बड़ी कुटिल चतुराई से जर्मन विद्वान व इतिहासविद् मैक्समूलर ने पहली बार 'आर्य' शब्द को जाति सूचक शब्द से जोड़ दिया। वेदों का संस्कृत से जर्मनी में अनुवाद भी पहली बार मैक्समूलर ने ही किया था। ऐसा इसलिए किया गया जिससे आर्यों को अभारतीय घोषित किया जा सके। जबकि वैदिक युग में 'आर्य' और 'दस्यु' शब्द पूरे मानवीय चरित्र को दो भागों में बांटते थे। प्राचीन साहित्य में भारतीय नारी अपने पति को 'आर्य-पुरुष' अथवा 'आर्य-पुत्र' नाम से संबोधित करती थी। इससे यह साबित होता है कि आर्य श्रेष्ठ पुरुषों का संकेत-सूचक शब्द था। ऋग्वेद, रामायण, महाभारत, पुराण व अन्य संस्कृत ग्रंथों में कहीं भी आर्य शब्द का प्रयोग जातिसूचक शब्द के रूप में नहीं हुआ है। आर्य का अर्थ 'श्रेष्ठि' अथवा 'श्रेष्ठ' भी है। यदि आर्य भारत में बाहर से आए होते तो प्राचीन विपुल संस्कृत साहित्य में अवश्य इस घटना का उल्लेख व स्पष्टीकरण होता।

## केन्या में रोटी पर लगा टैक्स, विरोध में सड़क पर उतरे हजारों लोग



नायरोबी। केन्या में आर्थिक संकट से उबरने के लिए राष्ट्रपति विलियम रूटो ने देश की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए कुछ अहम कर सुधार किए थे। इसके लिए कर अधिनियम 2023 पारित किया था। इस अधिनियम में ब्रेड पर भी 16 फीसदी कर लगाने का प्रावधान किया गया था। इसके खाद्य तेलों, मोबाइल मनी सर्विस और गाड़ियों पर भी भारी-भरकम कर लगाने की बात कही गई थी। लेकिन, केन्या के लोगों को सरकार के ये कर सुधार बिल्कुल पसंद नहीं आए। सरकार के इन कदमों के खिलाफ लंबे समय से केन्या में हिंसक विरोध प्रदर्शन हो रहे थे। इसी को देखते हुए सरकार ने अब प्रस्तावित कुछ करों को वापस लेने का ऐलान किया है। विवादित कर अधिनियम 2023 के जिस प्रावधान पर सबसे ज्यादा हंगामा मचा है, वो है ब्रेड पर 16 फीसदी टैक्स लगाने का प्रस्ताव। लोगों का कहना है यह भारी-भरकम टैक्स लागू होते ही लोगों के भूखे मरने की नौबत आ जाएगी। केन्या में कॉस्ट ऑफ लिविंग पहले ही बहुत ज्यादा है। ऐसे में ब्रेड पर 16 फीसदी टैक्स लगाना सही नहीं है। इसके अलावा पेट्रोलियम पदार्थों पर भी टैक्स की दर को भी दोगुना करके 16 फीसदी कर दिया गया। खाद्य तेलों पर भी टैक्स में भारी इजाफा किया गया।ये जनता को बिल्कुल पसंद नहीं और पिछले करीब एक साल से केन्या में सड़कों पर हर रोज पुलिस और लोगों के बीच झड़प हो रही थी। आम लोगों के साथ ही केन्या की विपक्षी पार्टियां भी सरकार के कर अधिनियम 2023 का विरोध कर रही हैं। लंबे समय से चल रहे विरोध प्रदर्शनों में अब तक कई लोग मारे गए हैं और बहुत से घायल हुए हैं। सबसे ज्यादा हिंसक झड़पें राजधानी नैरोबी में हुई। हाल ही में नैरोबी में प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। करीब 200 लोगों को हिरासत में लिया गया। गौरतलब है कि केन्या पर भारी-भरकम कर्ज है। इस समय उस पर 80 बिलियन डॉलर का ऋण है। देश की अर्थव्यवस्था काफी खराब है। महंगाई बढ़ने से लोगों के लिए जीवन-यापन करना बहुत मुश्किल हो रहा है। देश की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए राष्ट्रपति विलियम रूटो की सरकार पर भारी दबाव है। अपनी आमदनी बढ़ाने को सरकार ने नये टैक्स लगाए।

## भीषण गर्मी का सितम- हज के दौरान 550 से अधिक लोगों की मौत

रियाद। भीषण गर्मी और लू के चलते अब तक 550 हज यात्रियों को मौत हो चुकी है। मरने वालों में कम से कम 323 मिस्र के थे। इनमें से अधिकांश की मौत गर्मी से होने वाली बीमारियों के कारण हुई है। अरब के दो राजनयिकों ने इसकी जानकारी दी है। इनमें से एक ने कहा कि मिस्र के जितने भी तीर्थयात्रियों की मौत हुई है, उनमें से अधिकांश ने भीषण गर्मी के कारण दम तोड़ा। हालांकि, एक की मौत भगदड़ के दौरान घायल होने के कारण हुई है। राजनयिकों ने कहा कि मरने वालों में कम से कम 60 जॉर्डन के नागरिक भी शामिल हैं। इसके साथ ही मरने वालों की कुल संख्या 577 हो गई है। सऊदी राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने कहा कि सोमवार को मक्का की ग्रैंड मस्जिद में तापमान 51.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। सऊदी अधिकारियों ने गर्मी के से परेशान 2000 से अधिक तीर्थयात्रियों के उपचार की बात कही है। आपको बता दें कि पिछले साल विभिन्न देशों के कम से कम 240 तीर्थयात्रियों के मरने की खबर सामने आई थी। सबसे अधिक इंडोनेशियाई नागरिकों की जान गई थी।पिछले महीने प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, जलवायु परिवर्तन के कारण हज यात्रा भी प्रभावित हो रही है। मुसलमानों के इस पवित्र शहर का तापमान हर 10 साल में में 0.4 डिग्री सेल्सियस (0.72 डिग्री फारेनहाइट) बढ़ रहा है।बता दें कि इस्लामिक मान्यताओं के मुताबिक, हज इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक है। सभी मुसलमानों की यह जरूर इच्छा होती है कि कम से कम एक बार वह जरूर हज के लिए मक्का की यात्रा करे।

## इम्यूनोथेरेपी दवाओं से कैंसर मरीजों के बचने की दर में वृद्धि, अमेरिका की यूनिवर्सिटी में किए अध्ययन में किया दावा

लंदन। अमेरिका स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ सिनसिनाटी की तरफ से किए गए क्लिनिकल परीक्षण में पाया गया है कि मध्यम जोखिम वाले सिर व गर्दन के कैंसर पीड़ितों के इलाज में जब इम्यूनोथेरेपी दवाओं का इस्तेमाल किया गया तो उनके बचने की दर में वृद्धि हुई। यूनिवर्सिटी ऑफ सिनसिनाटी में इंटरनल मेडिसिन की एसोसिएट प्रोफेसर तृषा वाइज-ड्रेपर ने इस क्लिनिकल ट्रायल को लीड किया है। प्रोफेसर तृषा वाइज-ड्रेपर का कहना है कि ये परीक्षण मरीजों के इलाज में पेंब्रोलिजुमाब दवा को शामिल करने पर केंद्रित रहा। यह दवा कीट्रूडा के नाम से बेची जाती है, जो कैंसर इम्यूनोथेरेपी में इस्तेमाल की जाने वाली एक एंटीबॉडी है।पेंब्रोलिजुमाब उन रिसेप्टर्स को निशाना बनाती है, जो बीमारी से लड़ने में मददगार ह्यूमन इम्यून सिस्टम को नुकसान पहुंचाते हैं। इसका विकास कई प्रकार के कैंसर के इलाज के लिए किया गया है।ये प्रारंभिक तौर पर सिर व गर्दन के कैंसर के इलाज में भी कारगर साबित हुई है।इस स्टडी के प्रारंभिक निष्कर्षों ने बताया है कि ये दवा इलाज में 20 प्रतिशत असरदार है।वाइज-ड्रेपर के अनुसार, 'हम दावा नहीं कर सकते कि इसके इस्तेमाल से मरीज ठीक हो जाएगा, लेकिन इसने दीर्घकालिक प्रतिक्रिया दी है.' कैंसर के खतरे को काफी हद तक जीवन शैली में बदलाव कर टाला जा सकता है।इसके लिए आपको अपनी इच्छा, लाइफस्टाइल और डाइट पर कंट्रोल करने के साथ-साथ रेगुलर एक्सरसाइज करना भी जरुरी है। अनियंत्रित जीवन शैली जिस तेजी से बढ़ी है, उसी तेजी के साथ कैंसर के मरीज बढ़े हैं।ज्यादातर कैंसर के मामले और मौत विश्व के कम विकसित क्षेत्रों में सामने आए हैं। बता दें कि कैंसर वैसे तो किसी भी प्रकार का हो, शरीर पर इसका काफी बुरा असर पड़ता है। लेकिन कुछ मामलों में पीड़ित इस गंभीर बीमारी से जीत जाते हैं, हालांकि ज्यादातर मामलों में ये जानलेवा साबित होता है।

## मंगाफ अग्निकांड में मरने वालों को 12.5 लाख रुपये देगी कुवैत सरकार

दुबई। कुवैत सरकार दक्षिणी अहमदी प्रांत के मंगाफ में लगी भीषण आग में मृत लोगों के परिवारों को 15-15 हजार अमेरिकी डॉलर (करीब 12.5 लाख रुपये) देगी। बता दें कि इस अग्निकांड में 46 भारतीयों सहित 50 लोगों की मौत हो गई थी। कुवैती अधिकारियों के अनुसार, मंगाफ शहर में 12 जुलाई को भीषण आग भूतल पर स्थित गार्ड के कमरे में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी। इस इमारत में 196 प्रवासी कामगार रहते थे, जिसमें ज्यादातर भारतीय थे। रिपोर्ट के अनुसार, कुवैत के अमीर शेख मेशल अल-अहमद अल-जबर अल-सबाह के आदेश पर मृतकों के परिवारों को 15-15 हजार अमेरिकी डॉलर का मुआवजा मिलेगा। मुआवजे के भुगतान की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी और इस मृतकों के देशों के दूतावासों को दिया जाएगा।

## समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देगा थाईलैंड

बैंकाक। थाईलैंड की संसद के उच्च सदन 'सीनेट' ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने वाले एक विधेयक को मंगलवार को भारी बहुमत के साथ मंजूरी प्रदान कर दी। इसके साथ ही थाईलैंड दक्षिण-पूर्वी एशिया में ऐसा कानून लागू करने वाला पहला देश बन गया है।अब इस विधेयक को थाईलैंड के राजा महा वजिरालोंगकोर्न की औपचारिक स्वीकृति मिलने की आवश्यकता है, जिसके बाद इसे सरकारी राजपत्र में प्रकाशित किया जाएगा। सरकारी राजपत्र 120 दिनों के भीतर एक तिथि निर्धारित करेगा जब विधेयक कानून के रूप में लागू हो जाएगा। सीनेट में विधेयक पर हुए मतदान के दौरान 152 सदस्य मौजूद थे, जिनमें से 130 सदस्यों ने विधेयक के पक्ष में मतदान किया जबकि चार सदस्यों ने इसके खिलाफ मतदान किया।



बैंकाक में एलजीबीटी समुदाय के सदस्य यहां मैरिज इक्वेलिटी बिल के पास होने की संभावनाओं को लेकर उत्साहित होते हुए।

## भारत-अमेरिका में गहरे संबंध स्थापित हों और दोनों अच्छे दोस्त बनें

वाशिंगटन। अमेरिका के सीनेटर के साथ व्यापार जगत के दिग्गजों ने भारत के साथ रक्षा समेत कई क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत बनाने का आह्वान किया है। सीनेटर स्टीव डैनेस ने कहा कि हम चाहते हैं कि भारत और अमेरिका के बीच गहरे संबंध स्थापित हों और दोनों देश अच्छे दोस्त बनें। डैनेस, यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक एंड पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) के शिखर सम्मेलन में जॉन चैंबर्स और सीनेटर डैन सुलिवन साथ मौजूद थे। मोंटाना के सीनेटर ने कहा कि वैश्विक स्तर पर यह बहुत जरूरी है कि हमें पता हो कि अच्छे लोग कौन हैं और हम उनके साथ संबंधों को कैसे बनाए रखें या फिर संबंधों को कैसे मजबूत करें। अच्छे लोगों से मतलब अमेरिका और भारत हैं। डैनेस ने कहा कि भारत के साथ हमारे संबंधों पर चीन की नजर है।

सुलिवन ने कहा कि बहुत से देश ऐतिहासिक शिकायतों का शिकार हैं। उन्होंने कहा, यह नया युग वास्तव में सत्तावादी आक्रामकता के युग की वापसी है, जो आने वाले सालों तक हमारे साथ रहने वाला है। उन्होंने अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के समूह का जिक्र करते हुए कहा कि क्वाड के कई क्षेत्रों में संबंधों को गहरा, व्यापक और अधिक मजबूत बनाने की जरूरत है।

यूएसआईएसपीएफ के अध्यक्ष जॉन चैंबर्स ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमता यानी एआई दोनों देशों को एक साथ आने और आगे क्या होने वाला है, इसका पूरा दृष्टिकोण प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह पहचानना जरूरी है कि हम सत्तावादी आक्रामकता के एक ऐसे नये युग में हैं, जिसका अगुवाई शी चिनफिंग व पुतिन और ईरान में अयातुल्ला और उत्तर कोरिया में किम जोंग-उन कर रहे हैं। वे सभी एक साथ काम कर रहे हैं।

# 24 साल बाद पुतिन उत्तर कोरिया यात्रा पर, किम जोंग से मांगेंगे हथियार

### -19-20 जून को वियतनाम भी जाएंगे पुतिन, अमेरिका चिंतित

**मास्को (एजेंसी)।** रुस और यूक्रेन के बीच जारी जंग को दो साल से ज्यादा हो चुके हैं इस जंग को खत्म कराने भरपूर प्रयास भी किए जा रहे हैं। इसी बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 24 साल में पहली बार उत्तर कोरिया का दौरा कर रहे हैं। दोनों देशों ने कहा कि यह यूक्रेन पर हमले के बाद से परमाणु-सशस्त्र राज्य के साथ रुस की बढ़ती साझेदारी को रेखांकित करता है। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने पिछले सितंबर में रूस के सुदूर पूर्व की यात्रा की थी उस दौरान किन ने पुतिन को उत्तर कोरिया आने का निमंत्रण दिया था। पुतिन ने पिछली बार जुलाई 2000 में प्योंगयांग का दौरा किया था। अमेरिका के व्हाइट हाउस ने कहा कि वह रूस और उत्तर कोरिया के संबंधों से परेशान है और अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि यह काफी निश्चित है कि पुतिन यूक्रेन में अपने युद्ध का समर्थन करने के लिए हथियार मांगेंगे। पुतिन के विदेश नीति सलाहकार यूरी उशाकोव ने कहा कि रूस और उत्तर कोरिया एक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर कर सकते हैं जिसमें सुरक्षा मुद्दे शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह समझौता किसी अन्य देश के विरुद्ध नहीं होगा, बल्कि आगे सहयोग की संभावनाओं को रेखांकित करेगा। हाल के वर्षों में हमारे देशों के बीच जो कुछ हुआ है, उसे ध्यान में रखते हुए इस पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। अंतर्राष्ट्रीय



राजनीति के क्षेत्र में अर्थशास्त्र के क्षेत्र में जिसमें, निश्चित रूप से, सुरक्षा मुद्दों को भी ध्यान में रखा जाएगा। क्रेमलिन ने कहा कि उत्तर कोरिया के बाद पुतिन 19-20 जून को वियतनाम का दौरा करेंगे। दोनों यात्राओं की उम्मीद थी, हालांकि तारीखों की घोषणा पहले नहीं की गई थी। यूक्रेन में युद्ध की शुरुआत के बाद से रूस ने उत्तर कोरिया के साथ अपने संबंधों के पुनर्जागरण को प्रचारित करने के लिए अपने रास्ते से हटकर काम किया है, जिससे यूरोप और एशिया में अमेरिका और उसके सहयोगियों को चिंता सताने लगी है। अमेरिका का कहना है कि उत्तर कोरिया ने यूक्रेन से लड़ने के लिए रूस को हथियार सप्लाई किए हैं, हालांकि प्योंगयांग और मॉस्को ने बार-बार इसका खंडन किया है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने आरोप लगाया कि उत्तर कोरिया ने यूक्रेन में इस्तेमाल के लिए रूस को दर्जनों बैलिस्टिक मिसाइलें और 11,000 से ज्यादा कंटेनर गोला-बारूद की आपूर्ति की है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने पुतिन को पिछले कुछ महीनों में अविश्वसनीय रूप से हताश होते देखा है। मिलर ने कहा कि उनको पूरा यकीन है कि वह यही करने जा रहा है। अमेरिकी उप विदेश मंत्री कर्ट कैंपबेल ने पिछले सप्ताह कहा था कि वाशिंगटन इस बात से चिंतित है कि रूस उत्तर कोरिया को बदले में क्या देगा।

## बाइडन सरकार ने अवैध अप्रवासियों को कर लिया बड़ा फैसला... भारतीयों को राहत

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका की जो बाइडन सरकार ने अवैध अप्रवासियों से जुड़ी एक नई नीति की घोषणा की है। अमेरिका में अवैध अप्रवासियों को अमेरिकी नागरिकों से शादी करने पर कानूनी दर्जा प्राप्त करने की अनुमति देने के लिए कानूनों में बदलाव किया गया है। ये नीति उन लोगों पर लागू होगी, जो करीब 10 साल से अमेरिका में हैं और 17 जून 2024 से पहले अमेरिकी नागरिक से शादी कर चुके हैं। व्हाइट हाउस का मानना है कि इससे करीब पांच लाख लोगों को फायदा होगा। इसके अलावा अमेरिकी नागरिकों के करीब 50 हजार बच्चों को भी फायद होगा। अमेरिका में अनुमानित 11 लाख आप्रवासियों ने अमेरिकी नागरिकों से शादी की है। इन नए नियमों का वीजा पर अमेरिका गए लोगों पर कोई असर नहीं होने जा रहा है।

नए नियम आवेदन प्रक्रिया के हिस्से के रूप में देश छोड़ने की आवश्यकता को हटा देते हैं। दरअसल अमेरिकी नागरिक से शादी करने पर अमेरिकी नागरिकता की सुविधा मिल जाती है लेकिन जो लोग बिना वीजा अवैध रूप से सीमा पार कर ऐसा करते हैं, उन्हें ग्रीन कार्ड की प्रक्रिया पूरी करने के लिए अपने देश लौटना आवश्यक होता है। नए नियम में इसमें बदलाव होगा और परिवारों को कानूनी स्थिति हासिल करने के दौरान देश में रहने की इजाजत दे देगा। व्हाइट हाउस की ओर से बयान में कहा गया है कि नए नियम से पारिवारिक एकता को बढ़ावा मिलेगा। अमेरिकी नागरिकों और उनके गैर-नागरिक परिवार के सदस्यों को एक साथ रहने में मदद मिलेगी।

अमेरिका में भारतीय भी बड़ी संख्या में रहते हैं। अब सवाल उठ रहा है कि बाइडन प्रशासन के कदम का अमेरिका में रहने वाले भारतीयों पर क्या असर पड़ेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, नीति से अमेरिकी में रहने वाले भारतीयों के बीच निर्वासन का डर कम होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका में बिना डॉक्यूमेंट के रह रहे अप्रवासियों का तीसरा सबसे बड़ा समूह भारतीयों का है। 2011 के बाद से अमेरिका में गैर-दस्तावेजी भारतीयों की संख्या में 70 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो किसी भी दूसरे देश की तुलना में सबसे तेज वृद्धि है। इसके बाद बाइडेन प्रशासन की ये नीति भारतीयों के लिए राहत बन सकती है।

## पाक की सरजमीं पर भारत के एक और दुश्मन आमिर हमजा का अंत?

**कराची (एजेंसी)।** भारत के एक और कट्टर दुश्मन आमिर हमजा की हत्या कर दी गई है। आईएसआई एजेंट आमिर हमजा की पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में सोमवार की देर शाम गोली मारकर हत्या कर दी गई। हालांकि, उसकी हत्या के पीछे कौन है, यह साफ नहीं हो पाया है। आमिर हमजा भले ही पाकिस्तान का ब्रिगेडियर था, मगर वह आतंकियों का बाप था। वह भारत का दुश्मन था। आमिर हमजा वही शख्स है, जिसने जम्मू-कश्मीर के सुंजवान आर्मी कैंप पर साल 2028 में आतंकी हमला करवाया था। उस हमले में हमारे 6 जवान शहीद हो गए थे। उस आतंकी हमले का मास्टरमाइंड हमजा ही था।

खबर के मुताबिक, पिछले साल नवंबर में लश्कर कमांडर ख्वाजा शाहिद उर्फ ??मिया मुजाहिद को पीओके में एलओसी के पास सिर कलम कर दिया गया था। मिया मुजाहिद भी सुंजवान आर्मी कैंप का अन्य मुख्य साजिशकर्ता था। जब हमजा पर गोलीबारी की गई, तब हमजा की पत्नी और बेटी उसके साथ कार में थी। उन्हें भी चोटें आई हैं। हमजा की पत्नी ने पुलिस को बताया कि हमलावरों ने कोई सामान नहीं लूटा। हमजा की पत्नी और बेटी ने पुलिस को बताया कि आईएसआई एजेंट आमिर हमजा का किसी से भी कोई पर्सनल दुश्मनी नहीं थी। वहीं, पाकिस्तानी पुलिस का कहना है कि यह टारगेट किलिंग है। यह हमला पंजाब के झेलम जिले में हुआ। हमजा की कार पर मोटरसाइकिल पर सवार चार अज्ञात लोगों ने घात लगाकर हमला किया। पाकिस्तानी मीडिया ने बताया कि कार झेलम में लीला इंटरचेंज पर पहुंची थी, तभी दो बाइक पर सवार चार लोगों ने उसे दोनों तरफ से घेर लिया। झेलम पुलिस के अनुसार, पीछे बैठे हमलावरों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उनका टारगेट मारा जा चुका है। और फिर वे घटनास्थल से भाग गए। पाकिस्तानी आर्मी से रिटायरमेंट से पहले वह पाकिस्तानी इमरजेंसी सर्विस एकेडमी का डायरेक्टर जनरल था। उसकी हत्या की शक की सुई उसके भाई पर भी लटक गई है। आमिर हमजा जब अपनी पत्नी और बेटी के साथ कार में जा रहा था। उसके पीछे बाइक से उसका भाई अयूब आ रहा था। पुलिस को अब उस पर शक है।

## निज्जर की बरसी पर कनाडा की संसद में रखा गया मौन

**टोरंटो (एजेंसी)।** बीते साल 18 जून को निज्जर की हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। कनाडा के सरी में हुए इस हत्याकांड की जांच जारी है। निज्जर खालिस्तान टाइगर फोर्स का चीफ था। खास बात है कि कनाडा सरकार ने इस हत्याकांड में भारत सरकार के शामिल होने की आशंका जताई थी। इसके बाद दोनों देशों के राजनयिक संबंधों में तनाव आ गया था। इसके बाद भी कनाडा की संसद ने निज्जर की बरसी पर मौन रखा और उसे याद किया। खास बात है कि यह सब ऐसे समय पर हुआ, जब कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो भारत सरकार के साथ बातचीत के अवसर देखने की बात कही है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कनाडाई समकक्ष ट्रूडो से जी7 शिखर सम्मेलन में मुलाकात की थी।

कनाडा के हाउस ऑफ कॉमन्स में मंगलवार को मौन रखा गया। मंगलवार को ही वैंकूवर में भारतीय कॉन्सुलेट के बाहर बड़ी संख्या में लोग बड़ी संख्या में भीड़ जुटी और विरोध प्रदर्शन भी हुए। खबर है कि एसएफजे यानी सिख्स फॉर जस्टिस के आह्वान पर भारतीय पीएम नरेंद्र मोदी का मॉक ट्रायल किया गया। एसएफजे के गुरपतवंत सिंह पन्नू ने कहा, कनाडा के न्याय से बच गए भारतीय मंत्रियों और राजनयिकों को निश्चित रूप से खालसा जस्टिस का सामना करना पड़ेगा, क्योंकि खालिस्तान समर्थक सिख अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत निज्जर के कातिलों को पकड़ेंगे।साथ ही पन्नू ने 23 जून से एयर इंडिया का बहिष्कार करने का भी आह्वान किया है। खास बात है कि खालिस्तानी आतंकवादियों ने 39 साल पहले कनिष्का बमबारी को



अंजाम दिया था। उस घटना में 329 लोगों की मौत हो गई, जिसमें 86 बच्चे भी शामिल थे। वैंकूवर में हुए प्रदर्शन के दौरान उस आतंकवादी घटना का मास्टरमाइंड माने जाने वाले तलविंदर सिंर परमार की तस्वीर भी मौजूद थी।

ट्रूडो ने भारत और कनाडा के संबंधों में खटास के बीच इटली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ अपनी पहली बातचीत के कुछ दिनों बाद कहा है कि भारत के साथ कई बड़े मुद्दों पर समन्वय है और वह भारत की नयी सरकार के साथ आर्थिक संबंधों और राष्ट्रीय सुरक्षा सहित विभिन्न मुद्दों पर बातचीत करने का एक अवसर देखते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर दोनों नेताओं के हाथ मिलाते हुए एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें एक लाइन में कहा गया था कि जी 7 शिखर सम्मेलन में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से मुलाकात हुई। दक्षिणी इटली के अपुलिया में जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान हुई यह बैठक खालिस्तानी चरमपंथ को लेकर दोनों देशों के राजनयिक संबंधों में तनाव आने के बीच पहली थी। पिछले साल ट्रूडो के आरोपों को विदेश मंत्रालय (एमईए) ने बेतुका और प्रेरित बताकर दृढ़ता से खारिज कर दिया था। भारत यह कहता रहा है कि दोनों देशों के बीच मुख्य मुद्दा यह है कि कनाडा, कनाडा की धरती से संचालित खालिस्तान समर्थक तत्वों को जगह दे रहा है। भारत ने कई बार कनाडा को अपनी गंभीर चिंताओं से अवगत कराया है और नयी दिल्ली को उम्मीद है कि ओटावा उन तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगा। निज्जर की हत्या की जांच रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) द्वारा की जा रही है। आरसीएमपी ने इस संबंध में चार भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है।

# पाकिस्तानी सेना का काम व्यापार करना नहीं है वह इससे दूर रहे: अब्बासी

### - शहबाज सरकार ने पेश किया बजट, रक्षा खर्च बढ़ाने पर अब उठने लगे सवाल

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान इस समय महंगाई और कर्ज से दो चार हो रहा है। इससे निपटने के लिए वह अपने दोस्त देशों से कर्ज मांगने से भी नहीं शरमा रहा है। इसी बीच पाकिस्तान में शहबाज शरीफ सरकार ने देश का बजट पेश किया था। पाकिस्तान ने अपने 2024-25 के बजट में रक्षा खर्च के लिए 2,122 अरब रुपए की भारी भरकम रकम तय की है। भले ही पाकिस्तान देश में खर्च चलाने के लिए आईएमएफ से कर्ज मांग रहा है लेकिन सेना के लिए उसने अपना बजट पिछले साल के मुकाबले 278 अरब रुपए बढ़ा दिया है।

देश की कमजोर अर्थव्यवस्था और महंगाई के बीच सेना के लिए भारी भरकम रकम खर्च करने पर अब आवाज उठने लगी हैं। इनमें सबसे मजबूत आवाज है पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री शाहिद खाकान अब्बासी की, जिन्होंने सेना की भूमिका पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं। अब्बासी ने कहा कि सेना का काम व्यापार करना नहीं है, क्योंकि व्यापारिक गतिविधियों में शामिल होने से और ज्यादा मुश्किलें आ सकती हैं।

शाहिद खाकान अब्बासी ने एक साक्षात्कार में कहा कि मुख्य रूप से सेना का काम व्यापार करना नहीं है। संस्था को इससे दूर रहना चाहिए क्योंकि इससे कई परेशानियां आ सकती हैं। पूर्व पीएम अब्बासी सेना द्वारा किए जाने वाले कई व्यवसायों की बात कर रहे थे। अब्बासी की तरह ही फरवरी में पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा ने एक मामले की सुनवाई के दौरान सरकार से तय करने को कहा था कि सशस्त्र बल वाणिज्यिक गतिविधियों के बजाय रक्षा संबंधी मामलों पर ध्यान केंद्रित करें।

अब्बासी ने आगे कहा कि सरकार को रक्षा खर्च पर लोगों से बातचीत करनी चाहिए। बजट पर कम से कम समिति स्तर पर बहस होनी चाहिए। कुछ बातें सार्वजनिक रूप से नहीं कही जा सकती हैं। उस पर राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में बातचीत की जा सकती है। कम से कम सांसदों को इस बात पर भरोसे में लिया जाना चाहिए कि हम 2100 अरब रुपए की राशि कहां खर्च करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि अगर आप अर्थव्यवस्था को मजबूत रखते हैं तो ही बंदूकें रख पाएंगे और सरकार चला पाएंगे। उन्होंने कहा सरकार का हर कदम अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने पर होना चाहिए।

देश में सरकार चलाने में सेना की भूमिका पर उन्होंने कहा कि अगर संविधान इसकी इजाजत नहीं देता है तो इस तरह का शासन नहीं चलना चाहिए।



अब्बासी ने सामंजस्य की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि देश में तीन स्वतंत्र और निष्पक्ष होने दीजिए, आपकी व्यवस्था ठीक हो जाएगी। उन्होंने कहा कि राजनेताओं, न्यायपालिका और सेना को मिलकर काम करना चाहिए।

# टी20 विश्व कप: सुपर आठ में अफगानिस्तान पर जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

**ब्रिजटाउन (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम टी20 विश्व कप में गुरुवार को अफगानिस्तान के खिलाफ सुपर आठ के अपने पहले मुकाबले में उतरेगी। इस मैच में भारतीय टीम का लक्ष्य बड़ी जीत दर्ज कर अपने अभियान को आगे बढ़ाना रहेगा। अमेरिकी पिचों पर भारतीय बल्लेबाज रन नहीं बना पाये थे। ऐसे में उनका लक्ष्य इस पिच पर बड़े स्कोर बनाना रहेगा। अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली पर भी सबकी नजरें रहेंगी। वह अबतक के मैचों में विफल रहे हैं। ऐसे में सुपर आठ में उनसे बड़ी पारी की उम्मीदें हैं। वेस्टइंडीज की पिचों पर स्पिनरों का मिलने वाली सहायता को देखते हुए भारतीय टीम बायें हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव भी अंतिम एकादश में शामिल कर सकती है हालांकि टीम में ज्यादा बदवाव होने की कोई संभावना नहीं है।

इस टूर्नामेंट की शुरूआत में कप्तान रोहित शर्मा ने चार ऑलराउंडरों हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल और रविंद्र जडेजा को अंतिम एकादश में रखने पर जोर दिया था। न्यूयॉर्क में गेंदबाजों की मददगार पिच पर यह रणनीति भारत के लिये कारगर भी साबित हुई। इससे आठवें नंबर तक बल्लेबाजी को गहराई मिलती है और कप्तान इस संयोजन में छेड़छाड़ नहीं करना चाहेंगे। ऐसे में कुलदीप को टीम में लाने के लिए मोहम्मद सिराज या अर्शदीप सिंह को बाहर रखना होगा। ऐसा होने पर सिराज को बाहर रहना पड़ सकता है। भारतीय टीम के दो अभ्यास सत्रों को देखें तो पिच से स्पिनरों को मदद मिलने के कारण कुलदीप की दावेदारी पक्की हुई है। केनसिंग्टन ओवल के आसपास ठंडी हवाओं से पावरप्ले में तेज गेंदबाजों को स्विंग मिलना चाहिए।

भारतीय प्रशंसकों की नजरें विराट पर लगी होंगी जो अभी तक इस टूर्नामेंट में रन नहीं बना पाये हैं। ऐसे में वेस्टइंडीज में उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। बीच के और डैथ ओवरों में छक्के लगाने के लिए टीम में शामिल किए गए शिवम अभी तक प्रभावी नहीं दिखे हैं। अमेरिका की पिचों पर वह खुलकर नहीं खेल सके लेकिन अब वह बड़े शॉट खेलना चाहेंगे।



सूर्यकुमार यादव ने अमेरिका के खिलाफ अपने अंदाज के विपरीत खेलकर रन बनाए। वहीं गेंदबाजी में अच्छ प्रदर्शन कर रहे हार्दिक पांड्या भी रन नहीं बना सके हैं। अर्शदीप का प्रदर्शन लगातार बेहतर हुआ है और वह जसप्रीत बुमराह का अच्छी तरह से साथ दे रहे हैं। स्पिनरों की सहायक पिच पर अक्षर और जडेजा भी उपयोगी साबित होंगे। वहीं दूसरी ओर अफगानिस्तान टीम ग्रुप चरण के आखिरी मैच में वेस्टइंडीज से हारकर यहां पहुंची है जिससे उसका मनोबल गिरा हुआ रहेगा। उसके पास हालांकि अच्छे गेंदबाज है पर भारत के खिलाफ अब तक हुए सभी मुकाबलों में उसे हार मिली है। कप्तान राशिद खान और तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी से भारतीय बल्लबाजों को सावधान रहना होगा। इसके अलावा उसके बल्लेबाजों रहमानुल्लह गुरबाह और इब्राहिम जदरान पर भी अंकुश लगाना होगा।

### टीम

**भारत** =रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेट कीपर), सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह।

**अफगानिस्तान** = रहमानुल्लह गुरबाज, इब्राहिम जदरान, राशिद खान (कप्तान), अजमतुल्लह उमरजई, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नैब, नजीबुल्लह जदरान, नवीन-उल-हक, करीम जनत, फजलहक फारूकी

# एडक्टर में दिक्कत, ओलंपिक के बाद डॉक्टर की सलाह लेंगे नीरज चोपड़ा



**तुर्कु (फिनलैंड) (एजेंसी)।** ओलंपिक और विश्व चैम्पियन भारतीय भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने कहा है कि वह पेरिस ओलंपिक के बाद 'एडक्टर' (जांघ के भीतरी हिस्से की मांसपेशियों) में होने वाली तकलीफ के इलाज के लिए डॉक्टरों से सलाह लेंगे। एक महीने के ब्रेक के बाद ट्रैक और फील्ड पर लौटे चोपड़ा ने पावो नुरमी खेलों में तीसरे प्रयास में 85.97 मीटर के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। चोपड़ा ने पिछले महीने एहतियात के तौर पर ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक से नाम वापस ले लिया था चूंकि वह जांघ के भीतरी हिस्से की मांसपेशी में असहज महसूस कर रहे थे। उन्होंने जीत के बाद कहा, 'आज मौसम अच्छा था और थोड़ी ठंडक थी। अब मैं बेहतर महसूस कर रहा हूं क्योंकि सभी छह थ्रो फेंक सका।' उन्होंने कहा, 'हर साल मुझे एडक्टर में दिक्कत होती है। ओलंपिक के बाद मैं डॉक्टरों से राय लूंगा।' पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण के दावेदार चोपड़ा ने दो साल पहले इस टूर्नामेंट में 89 . 30 मीटर के साथ रजत पदक जीता था। उन्होंने सत्र की शुरूआत मई में दोहा डाइमंड लीग में 88.36 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहकर की। उन्होंने भुवनेश्वर में फेडरेशन कप राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भी भाग लेकर 82.27 मीटर के साथ स्वर्ण पदक जीता। अब वह सात जुलाई को पेरिस डायमंड लीग में भाग लेंगे। पंचकूला में 27 जून से होने वाली राष्ट्रीय अंतर प्रांत एथलेटिक्स में वह नहीं खेलेंगे। वह यूरोप में कोच क्लाउस बर्तोनीज और फिजियो ईशान मारवाहा के साथ तीन अलग-अलग स्थानों पर अभ्यास करेंगे। उन्होंने फिनलैंड के कुओर्ताने में तैयारियों का आगाज किया और अब जर्मनी के सारब्रकेन जाएंगे।इसके बाद वह तुर्किये में अभ्यास करेंगे और 28 जुलाई तक वहीं रहेंगे।

# स्मृति मंधाना ने रचा इतिहास, महज 84 मैचों में की मिताली राज के बड़े रिकॉर्ड की बराबरी



**फ्लोरिडा (एजेंसी)।** भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने बुधवार को साउथ अफ्रीका इतिहास रच दिया। मंधाना ने महिला वनडे में सर्वाधिक शतकों के पूर्व कप्तान मिताली राज के सर्वकालिक भारतीय रिकॉर्ड की बराबरी की। स्मृति ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की 3 मैचों की सीरीज के दूसरे मैच में एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में एक और स्ट्रोक भरी पारी में अपनी 7वां वनडे शतक पूरा किया।

स्मृति मंधाना ने 16 जून रविवार को एकदिवसीय सीरीज के शुरुआती मैच में दक्षिण अफ्रीका पर भारत की जीत में 117 रन बनाकर एक के बाद एक शतक लगाए हैं। स्मृति थ्री-फिगर स्कोर तक पहुंचने के बाद रोमांचित हो गई, उन्होंने अपना हेलमेट उतारने से पहले खुशी में हवा में मुक्का मारा और भीड़ से मिले प्यार को स्वीकार किया।

### वनडे में भारतीय महिलाओं के लिए सर्वाधिक शतक

मिताली राज- 232 मैचों में 7
स्मृति मंधाना- 84 मैचों में 7
हरमनप्रीत कौर- 132 मैचों में 5

स्मृति मंधाना ने सिर्फ 103 गेंदों में अपना शतक पूरा किया और वह पूरी तरह नियंत्रण में दिखीं, जिससे भारत 40वें ओवर में 200 रन के पार पहुंच गया। मंधाना को पहले पावरप्ले में दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने शांत रखा, लेकिन बाएं हाथ की इस बल्लेबाज ने अपना जादू ढूंढ लिया और विपक्षी गेंदबाजों पर हावी हो गई।

# टी20 विश्वकप के सुपर आठ में आज होगा वेस्टइंडीज और इंग्लैंड का मुकाबला

**सेंट लूसिया (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज टीम गुरुवार को टी20 विश्वकप के सुपर आठ में इंग्लैंड के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर जीत के साथ शुरुआत करने उतरेगी। पिछले मैच में अफगानिस्तान के खिलाफ बड़ी जीत से उसका हौंसला बढ़ा हुआ है। ऐसे में अब वह जीत का सिलसिला जारी रखना चाहेगी।

आंकड़ों पर नजर डालें तो इंग्लैंड और वेस्टइंडीज दोनों दो बार टी20 विश्व कप में जीते हैं। वेस्टइंडीज टीम इस बार टूर्नामेंट में अभी तक एक भी मैच नहीं हारी है जबकि इंग्लैंड बड़ी मुश्किल से सुपर आठ में पहुंची है। अब कप्तान जोस बटलर और उनकी टीम के पास नये सिरे से शुरूआत करने का मौका है। वहीं लगातार इस मैदान पर जीत रही इस लय को बनाये रखना चाहेगी। कप्तान रोवमैन पॉवेल ने मैच से पूर्व कहा, ''अफगानिस्तान को हराकर इंग्लैंड को कोई संदेश नहीं देना था। उन्हें बस इतना बताना था कि वह अच्छा खेल रहे हें तो हम भी कुछ कम नहीं हैं। यह शानदार मैच होगा।'




वेस्टइंडीज की टीम ने अब तक एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया है। जरूरत पड़ने पर उसके बल्लेबाज चले हैं, फिर चाहे शेन रदरफोर्ड हो या निकोलस पूरन। इसी तरह गेंदबाजों ने भी अपना काम अच्छे से किया है। सपाट पिचें और छोटी सीमारेखा होने से मैदान बल्लेबाजों के लिए लाभप्रद रहे हैं।

इंग्लैंड के आक्रामक बल्लेबाजी क्रम के सामने वेस्टइंडीज को अकील हुसैन और गुडाकेश मोती जैसे स्पिनरों से उम्मीद रहेगी। पिच भले ही बल्लेबाजों की मददगार हो लेकिन तेज गेंदबाजों को भी अतिरिक्त उछाल मिलेगा और ऐसे में मध्यम तेज गेंदबाज ओबेद मैकॉय की भूमिका अहम होगी। इंग्लैंड के पास तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड हैं जिनका सामना भी वेस्टइंडीज के बल्लेबाज कैसे करते हैं ये देखना होगा।

### दोनो टीमें इस प्रकार हैं

**इंग्लैंड-** जोस बटलर (कप्तान), मोइन अली, जोफ्रा आर्चर, जोनाथन बेयरस्टो, हैरी ब्रुक, सैम कुरेन, बेन डकेट, टॉम हार्टले, विल जैक्स, क्रिस जॉर्डन, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, फिल साल्ट, रीस टॉपले, मार्क वुड।

**वेस्टइंडीज-** रोवमैन पॉवेल (कप्तान), अल्जारी जोसेफ, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, शाई होप, अकील होसेन, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, गुडाकेश मोटी, निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड।

## हमने अपनी गलतियों से अब तक सबक नहीं लिया : हसरंगा

ग्रोस आइलेट (ईएमएस)। श्रीलंकाई क्रिकेट टीम इस बार टी20 विश्व कप में खराब प्रदर्शन के कारण सुपर आठ तक का सफर भी नहीं तय कर पायी है। उसी को लेकर टीम के कप्तान वानिंदु हसरंगा ने कहा है कि टीम ने लगातार गलतियां की हैं जिन्हें अब सुधारना है। ताकि आगे के टूर्नामेंटों में वह बेहतर प्रदर्शन कर सके। पिछले साल श्रीलंकाई टीम एकदिवसीय विश्व कप में नौवें स्थान पर रही थी पर इसके बाद भी उसने कोई सुधार नहीं किये। इसी कारण वह इस टी20 विश्वकप में सुपर आठ में भी नहीं पहुंच पायी। हसरंगा ने कहा, 'इस स्थिति के लिए मै निराश हूं। हमने इस विश्व कप और इससे पहले एकदिवसीय विश्व कप में की गयी गलतियों पर चर्चा की थी पर उससे कुद सीखा नहीं। इसी कारण टीम की बल्लेबाजी तब भी खराब भी और अब भी है हालांकि हमारे गेंदबाजों का प्रदर्शनर अच्छा रहा है। हसरंगा ने टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण में दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के खिलाफ अपने मैच हारने के बाद नीदरलैंड के खिलाफ अपनी टीम को मिली जीत को देर से मिली सफलता बताया है। श्रीलंका ने ग्रुप डी के इस अंतिम मैच में छह विकेट पर 201 रन बनाने के बाद नीदरलैंड को 118 रन पर आउट कर दिया था।



## पांड्या और ऋषभ का फार्म में होना टीम के लिए फायदेमंद : हरभजन

फ्लोरिडा। भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या और विकेटकीपर के अलावा बल्लेबाज ऋषभ पंत का तीसरे नंबर पर शानदार प्रदर्शन टीम के लिए एक सकारात्मक संकेत है। पांड्या ने आईपीएल में खराब प्रदर्शन से उबर कर वापसी की है। वहीं ऋषभ ने कार हादसे के बाद पहले ही अंतरराट्रीय टूर्नामेंट में पुरानी लय हासिल कर ली है। इसी कारण भारतीय टीम आसानी से सुपर आठ में पहुंच गयी है। हरभजन ने कहा, 'टीम के लिए सबसे बड़ी सकारात्मक बात यह है कि पांड्या विकेट ले रहे हैं। अगर आप उनके विकेटों की संख्या पर नजर डालें तो उन्होंने उम्मीद से कहीं बेहतर प्रदर्शन किया है। विश्व कप से पहले आईपीएल में पांड्या का प्रदर्शन खराब था लेकिन उन्होंने अमेरिका में ग्रुप चरण के तीन मैचों में सात विकेट लेकर अच्छी वापसी की। वहीं ऋषभ ने इस साल आईपीएल से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की। टी20 विश्व कप में उन्होंने तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए बेहद कठिन पिच पर 124.67 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। हरभजन ने कहा, 'पांड्या के अलावा ऋषभ ने तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी से अंतर पैदा किया है। उनकी भूमिका पूरी तरह से बदल गयी। विश्व कप से पहले हम संजू सैमसन को टीम में शामिल करने के लिए कह रहे थे क्योंकि उन्होंने काफी रन बनाये थे पर अब वह संभव नहीं लग रहा है। हरभजन ने कहा, 'ऋषभ को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी कराना बड़ी सकारात्मक बात है। जब वह तीसरे नंबर पर खेलते है तो दायें और बायें हाथ के बल्लेबाजों का संयोजन बनता है। भारत सुपर आठ में अपने अभियान की शुरुआत 20 जून को बारबाडोस में अफगानिस्तान के खिलाफ करेगा। हरभजन ने कहा कि टीम के पास नयी परिस्थितियों की चुनौती का सामना करने की क्षमता है। उन्होंने कहा, 'टीम के साथ बहुत सारी सकारात्मक चीजें हैं। बेशक, चुनौतियां और कठिनाई है पर चुनौतियां उनके सामने आती हैं जो निडर होते हैं।



# इंग्लैंड के पास टी20 विश्व कप जीतने का अच्छा अवसर: वॉन

**-बटलर और आर्चर को निभानी होगी अहम भूमिका**

**ग्रोस आइलेट (एजेंसी)।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा है कि उनकी टीम के पास टी20 विश्व कप क्रिकेट टूर्नामेंट फिर जीतने का अच्छा अवसर है पर इसके लिए कप्तान जोस बटलर और तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। इंग्लैंड की टीम के कई खिलाड़ी लय में नहीं है और उसने बड़ी मुश्किलों से सुपर आठ में जगह बनायी है। उसे अब सुपर आठ में सह-मेजबान वेस्टइंडीज और अमेरिका के अलावा दक्षिण अफ्रीका का भी मुकाबला करना है। वॉन ने कहा, सेमीफाइनल और उससे भी आगे तक पहुंचने के लिए इंग्लैंड को अपने सर्वश्रेष्ठ दो खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। उन्होंन कहा कि आर्चर इंग्लैंड के लिए बहुत अहम हैं। वह ऐसे गेंदबाज हैं जो 20 ओवरों में से हर ओवर में गेंदबाजी कर सकते हैं और उनकी वापसी अब तक काफी अच्छी रही है।

वॉन ने साथ ही कहा, बटलर को भी सुपर आठ के लिए फॉर्म में आना होगा। कप्तान को बल्ले से बेहतर प्रदर्शन की जरूरत है क्योंकि वह अपने बल पर टीम को मैच जिता सकते हैं। इंग्लैंड को उनकी जरूरत पड़ने वाली है। उन्होंने कहा कि अगर इंग्लैंड टीम अपने खिताब को बचाने के लिए पूरी तरह से एकजुट होकर प्रयास करती है किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिये। अगर इंग्लैंड टूर्नामेंट जीतता है तो मुझे आश्चर्य नहीं होगा। ऑस्ट्रेलिया में हुए पिछ्ले टी20 विश्व कप में इंग्लैंड टीम आयरलैंड से हार गयी थी और तब भी इसी प्रकार लगा था कि हम बाहर हो जाएंगे पर उन्होंने वापसी करते हुए खिताब जीता। - लेकिन उन्होंने इसे पीछे छोड़ दिया, लगातार चार गेम जीते और खिताब अपने नाम किया।

वॉन ने साथ ही कहा, इंग्लैंड एक बहुत ही खतरनाक टीम है। वे अविश्वसनीय रूप से अच्छा खेल सकते हैं। उनका आगे जाना दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाफ दो बड़े खेलों पर निर्भर करता है। इसमें से इंग्लैंड को कम से कम एक जीतना होगा। उन्होंने विस्तार से बताया कि यह बिल्कुल भी सबसे खराब स्थिति नहीं है।

वॉन ने कहा कि कैरीबियाई पिचों की धीमी प्रकृति के कारण सुपर आठ चरण में लेग स्पिनर आदिल राशिद इंग्लैंड के लिए अधिक से अधिक महत्वपूर्ण होते जाएंगे और वह विपक्षी स्पिनरों के खिलाफ टीम की कमान संभालने के लिए मोईन अली को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा, टूर्नामेंट के अंतिम चरण में स्पिन एक बड़ी भूमिका निभाने जा रहा है, क्योंकि हम कुछ इस्तेमाल की गई पिचों पर खेलते हैं, खासकर दिन के खेलों में। खेल के साथ आदिल राशिद अधिक से अधिक महत्वपूर्ण होते जाएंगे।



# यूरो 2024 : पुर्तगाल ने चेक गणराज्य को हराकर जीत के साथ किया आगाज



लीपजिग। स्टॉपेज टाइम में सब्स्टीट्यूट फ्रांसिस्को कोंसिकाओ के गोल की मदद से पुर्तगाल ने यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के मैच में चेक गणराज्य को 2-1 से हराकर जीत के साथ आगाज किया। मैदान पर 90वें मिनट में उतरे कोंसिकाओ ने 92वें मिनट में गोल दागा। चेक गणराज्य के लिए लुकास प्रोवोड ने 62वें मिनट में गोल दागा। इसके आठ मिनट बाद पुर्तगाल के लिए रानाक ने रिबाउंड पर बराबरी का गोल किया। इससे करीब 24 साल पहले कोंसिकाओ के पिता सर्जियो ने हैट्रिक लगाकर गत चैम्पियन जर्मनी को यूरो 2000 से बाहर किया था। छह यूरो चैम्पियनशिप खेलने वाले पहले खिलाड़ी बने सुपरस्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो कोई गोल नहीं कर सके। वह पुर्तगाल के लिये टूर्नामेंट के इतिहास में 14 गोल कर चुके हैं।

# इगोर स्टिमैक की बर्खास्तगी के बाद एआईएफएफ को नए हेड कोच की तलाश, मांगे आवदेन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने इगोर स्टिमैक की मुख्य कोच पद से बर्खास्तगी के बाद नए कोच की तलाश शुरू कर दी है। बोर्ड ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल के जरिए आवेदन की जानकारी शेयर की। दरअसल, हाल ही में हुए फीफा वर्ल्ड कप 2024 क्वालिफायर में टीम इंडिया का प्रदर्शन खराब रहा था। इसके बाद एआईएफएफ ने स्टिमैक को हेड कोच पद से बर्खास्त कर दिया था। भारतीय टीम ने दूसरे राउंड में कुवैत से ड्रॉ खेला था, जबकि कतर से अहम मुकाबले में हार झेली। ऐसे में टीम इंडिया ने पहली बार फीफा वर्ल्ड कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में जगह बनाने का मौका गंवा दिया था।



### नए युग की हो रही शुरुआत

स्टिमैक और पूर्व भारतीय कप्तान सुनील छेत्री के संन्यास के बाद भारतीय फुटबॉल युग की नई शुरुआत होने जा रही है। पूर्व मुख्य कोच स्टिमैक की बर्खास्तगी से टीम में बदलाव की लहर शुरू हो गई है। फीफा रैंकिंग में 121वें स्थान पर काबिज भारतीय टीम को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के लिए काफी संघर्ष करना है। फिलहाल वर्ल्ड कप का सपना उनकी पहुंच से दूर है।

वहीं एआईएफएफ की तरफ से जारी की गई विज्ञप्ति में कहा गया है कि, इस पद का प्राथमिक उद्देश्य फीफा वर्ल्ड कप / एएफसी एशियाई कप/ एसएएफएफ चैंपियनशिप और एएफसी अंडर-23 चैंपियनशिप के लिए योग्ता के सात कई मैचों और प्रतियोगिताओं के लिए सीनियर पुरुष राष्ट्रीय टीम और अंडर-23 पुरुष राष्ट्रीय टीम का चयन, निगरानी और तैयारी करना है और प्रमुख लक्ष्यों में एशियाई खेल 2026 में उल्लेखनीय तैयारी और प्रदर्शन करना है। एआईएफएफ ने साफ किया है कि उन्हें इस पद के लिए ऐसे व्यक्ति की तलाश है जिसके पास 10-15 साल का कोचिंग का अनुभव हो। इसके अलावा ऐसे खिलाड़ी को प्राथमिकता दी जाएगी जिसके पास पहले से ही राष्ट्रीय टीम की कोचिंग का अनुभव है।

# कोच दिनेश लाड के कारण यहां तक पहुंचा हूं : हरमीत



न्यूयार्क। अमेरिकी टीम ने अपने पहले ही टी20 विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन कर सभी को प्रभावित किया है। अमेरिकी टीम में भारतीय मूल के कई खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने अपने प्रदर्श्नन से टीम को जीत दिलायी है। इन्हीं में शामिल बाएं हाथ के स्पिनर हरमीत सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय कोच दिनेश लाड को दिया है। लाड भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा के भी कोच रहे हैं। हरमीत ने अमेरिका जाने से पहले दो अंडर-19 विश्व कप में भारत की ओर से खेला था। इसके बाद आगे अवसर नहीं मिलने के कारण वह अमेरिका चले गये थे। हरमीत ने कहा, 'मैं यहां तक पहुंचने में मेरा साथ देने वाले सभी लोगों और विशेष रूप से कोच लाड का आभारी हूं। उन्होंने सबसे पहले मेरी प्रतिभा को पहचाना। वह मेरे स्कूल के दिनों में कोच और मेंटर थे। उन्होंने कहा, 'असल में उन्होंने ही मुझे अपने स्कूल में शामिल होने की सलाह दी थी। वहां उन्होंने मुझे वह सब कुछ उपलब्ध कराया जो उनके नियंत्रण में था। हरमीत ने कहा कि ऐसे कोच के बिना मैं यहां तक नहीं पहुंच सकता था। उन्होंने कहा, 'मैंने स्वामी विवेकानंद स्कूल में दाखिला लिया। हमने कई रिकॉर्ड तोड़े, तब उपनगरों में क्रिकेट प्रचलित नहीं था, मैंने स्कूल में जो कुछ भी हासिल किया, वह कोच लाड के सहयोग के बिना संभव नहीं था। साथ ही कहा, ' उन्होंने हमने सिखाया और पद्माकर शिवालकर सर तथा प्रवीण आमरे सर के अंतर्गत बेहतर प्रशिक्षण के लिए भी भेजा।

# टी20 वर्ल्ड कप में मार्कस स्टोइनिस का बड़ा कमाल, दुनिया के नंबर 1 ऑलराउंडर बनें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप के बीच ऑस्ट्रेलिया ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस ने बड़ा कारनामा किया है। दरअसल, वह टी20 फॉर्मेट में दुनिया के नंबर 1 ऑलराउंडर बन गये हैं। टी20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 राउंड की शुरुआत से पहले स्टोइनिस ने अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर ये मुकाम हासिल किया।

### मार्कस स्टोइनिस का कमाल

ग्रुप राउंड में स्टोइनिस ने गेंद और बल्ले दोनों से बेहतरीन प्रदर्शन किया है। स्टोइनिस ने ग्रुप राउंड में ओमान के खिलाफ नाबाद 67 रन बनाए और साथ ही तीन विकेट भी झटके। इंग्लैंड के खिलाफ उन्होंने 30 रन बनाए और एक विकेट झटका। नामीबिया के खिलाफ स्टोइनिस ने केवल 9 रन देकर दो विकेट अपने नाम किए। वहीं, स्कॉटलैंड के अहम समय पर 59 रन की पारी खेली और अपनी टीम को बड़े उलटफेर से बचाया।

स्टोइनिस ने अफगानिस्तान के ऑलाराउंडर मोहम्मद नबी को पछाड़कर पहला स्थान हासिल किया। स्टोइनिस अब 213 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पिछड़ गए हैं। श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा दूसरे और बांग्लादेश के शाकिब अल हसन तीसरे स्थान पर पहुंचे गए हैं। वहीं जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा चौथे से पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। जबकि भारत के हार्दिक पंड्या भी आठवें से सातवें स्थान पर खिसक गए हैं।

### अकील हुसैन की बड़ी छलांग

गेंदबाजों की बात करें तो आदिल रशीद पहले स्थान पर काबिज हैं। हालांकि, वेस्टइंडीज के अकील हुसैन ने 6 स्थानों की छलांग लगाकर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। हुसैन ने ग्रुप राउंड के चार मैचों में 9 विकेट झटके हैं। श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा दूसरे स्थान से तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। अफगानिस्तान के राशिद खान, साउथ अफ्रीका एनरिक नॉर्खिया भी एक स्थान नीचे आ गए हैं।



# पानी चोरी रोकने के लिये पंजाब अधिकारियों की टीम करेगी नियमित निरीक्षण

**» बैठक में प्रदूषित पानी, नहरी पानी चोरी रोकने और अवैध पाईपें हटाने पर बनी सहमति**

तेज | रिपोर्टर श्रीगंगानगर




गंगनहर में निर्धारित शेयर के बावजूद सिंचाई पानी नहीं मिलने पर जिला कलक्टर लोकबंधु ने बुधवार को पंजाब पहुंचकर फाजिल्का डीसी (जिला कलक्टर) सेनू दुग्गल और पंजाब-राजस्थान सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ फाजिल्का डीसी कार्यालय में बैठक की। बैठक के दौरान जिला कलक्टर ने बीकानेर कैनाल में निर्धारित मात्रा में पानी उपलब्ध करवाने, नहरी पानी की चोरी रोकने और अवैध पाईपें हटाने का आग्रह किया। इस पर डीसी दुग्गल ने अपेक्षित कार्यवाही और हर संभव सहयोग का आश्वासन देते हुए बीकानेर कैनाल में पानी चोरी रोकने के लिये फाजिल्का जिला प्रशासन और पुलिस की टीम द्वारा नियमित रूप से प्रभावी निरीक्षण करने पर सहमति जताई। बैठक में लोकबंधु द्वारा अवगत करवाया गया कि फिरोजपुर फीडर में पानी में उतार-चढ़ाव बना रहता है। पंजाब द्वारा अपनी नहरों में पूरा पानी प्रवाहित किया जाता है, लेकिन बीबीएमबी द्वारा बीकानेर कैनाल के निर्धारित शेयर का ध्यान नहीं रखा जाता है। पानी कम मिलने से किसानों की फसलें प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने पंजाब भाग में स्थित इस्लामेवाला, कमालवाला, आजमवाला क्षेत्र में पानी चोरी पर अंकुश लगाने, निर्धारित शेयर के अनुसार पानी छोड़ने, गंगनहर में प्रदूषित पानी प्रवाहित न किये जाने और बीकानेर कैनाल पर नियमित गश्त करने की आवश्यकता जताते हुए कहा कि पंजाब क्षेत्र में अवैध पाईपों को हटाया जाये। उन्होंने कहा कि पानी चोरी होने और निर्धारित मात्रा के अनुसार सिंचाई पानी नहीं मिलने से गंगनहर के किसान परेशान हैं। सिंचाई पानी नहीं मिलने से फसलें सूख रही हैं। तुरन्त प्रभाव से स्थानीय जिला प्रशासन द्वारा नहरी पानी की चोरी पर रोक लगाई जाये और पानी चोरी करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाते हुए कानूनी कार्यवाही की जाये। बैठक के दौरान बीकानेर कैनाल में पानी चोरी रोकने के लिये पंजाब जिला प्रशासन, पुलिस और सिंचाई अधिकारियों की टीम द्वारा नियमित रूप से निरीक्षण करने पर सहमति जताई गई। निरीक्षण के दौरान अवैध पाईपें लगाकर पानी चोरी करने वालों पर कार्यवाही के लिये पर्याप्त पुलिस जाब्ता उपलब्ध करवाने, राजस्थान क्षेत्र की जमीन पर सिंचाई पानी लेने वाले ट्यूबवैलों को हटाने के लिये चिन्हित करने और नहर के पटड़ों की सफाई करवाने भी सहमति बनी। इस दौरान जिला कलक्टर लोकबंधु ने गंगनहर में दूषित पानी और मृत मुर्गियां आने का जिक्र करते हुए कहा ऐसी घटनाओं पर भी सख्ती से रोक लगाई जाये। इसके पश्चात जिला कलक्टर लोकबंधु ने फाजिल्का एक्सईन से कहा कि नहरी पानी चोरी रोकने के लिये प्रभावी निगरानी पर ध्यान देने की आवश्यकता है। नहरी पानी चोरी करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी, तभी नहरी पानी की चोरी पर अंकुश सम्भव होगा। जल संसाधन विभाग श्रीगंगानगर द्वारा समय-समय पर बीकानेर कैनाल की गश्त कर पटड़ों पर पाईप के माध्यम से पानी चोरी होने और नहर के समानान्तर भूमि पर अवैध ट्यूबवैल तथा पक्के निर्माण की रिपोर्ट पंजाब सिंचाई अधिकारियों को सौंपी गई है। इन पर प्रभावी कार्यवाही की जाये। बैठक के दौरान डीसी दुग्गल और एसएसपी प्रज्ञा जैन ने जिला कलक्टर को अपेक्षित कार्यवाही का आश्वासन देते हुए कहा कि नहरी पानी की चोरी रोकने के लिये नियमित रूप से फाजिल्का जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा प्रभावी निरीक्षण किया जायेगा। पूर्व में भी लोकबंधु द्वारा अवगत करवाने पर मृत मुर्गियों के प्रकरण में फाजिल्का प्रशासन ने जांच की थी। इस अवसर पर जल संसाधन विभाग के एसई धीरज चावला, एक्सईन अजीत घासल, विनोद कुमार, पंजाब सिंचाई विभाग के एक्सईन विनोद सुथार, एईएन और जेईएन सहित अन्य मौजूद रहे।

## उत्कृष्ट कार्य से मजबूत होती है साख : सत्यानी

**जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पा सत्यानी ने डाक मत पत्र प्रकोष्ठ में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों का किया सम्मान**



तेज | जगदीश सोनी. चूरू

जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पा सत्यानी ने बुधवार को जिला परिषद सभागार में लोकसभा आम चुनाव-2024 के दौरान डाक मतपत्र प्रकोष्ठ, ईडीसी एवं ईटीपीबीएस प्रकोष्ठ में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को प्रशस्ति-पत्र भेंट कर सम्मानित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी सत्यानी ने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों की हर जगह साख मजबूत होती है। कर्तव्यनिष्ठा व सेवाभावना के साथ राजकीय दायित्वों का निर्वहन करने वाले कार्मिकों को प्रत्येक जगह सम्मान मिलता है। उन्होंने कार्मिकों को प्रशस्ति -पत्र भेंट कर शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पा सत्यानी, डाक मतपत्र प्रकोष्ठ नोडल अधिकारी सीईओ मोहनलाल खटनावलिया एवं अतिरिक्त नोडल अधिकारी प्रोफेसर डॉ मूल चन्द ने राजलदेसर तहसीलदार कालूराम, चूरू तहसीलदार सुरेंद्र पाल, नायब तहसीलदार जयप्रकाश शर्मा, महेंद्र डूडी, नायब तहसीलदार रमेश कुमार शर्मा, महेश कुमार शर्मा, सुनील कुमार शर्मा, भंवरलाल बुडानिया, मोहम्मद फारूक, राजकुमार सारण, संदीप न्योल, लालचंद प्रजापत, रामकिशन, ब्रजमोहन मीणा, अमित कुमार, पंकज कानखेड़िया, मनोज कुमार, असलम खान, राकेश कुमार, रामलाल, भारत भूषण पूनिया, विकास कुमार, शार्दुल सिंह कस्वां, रूपेश कुमार डीगवाल, कमल कुमार शर्मा, निरंजन कुमार, जितेंद्र कुमार, जयकरण सैनी, खिराज सिंह भाकर, रामस्वरूप, जय सिंह शेखावत सहित कार्मिकों को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति-पत्र भेंट किया।

## राजस्थान वित्त निगम द्वारा गैर निष्पादित खातों के लिये एक मुश्त निपटारा योजना शुरू

**तेज रिपोर्टर. श्रीगंगानगर।** राजस्थान वित्त निगम प्रशासन द्वारा गैर निष्पादित खातों के लिये एक मुश्त निपटारा योजना 2023-24 शुरू की गई है। योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए शाखा कार्यालय बीकानेर के प्रबंधक रिछपाल पावड़िया ने बताया कि योजना के अंतर्गत 31 मार्च 2023 को डेफिसिट, डिक्रीटल, अपलिखित व गैर निष्पादित श्रेणी में वर्गीकृत खाते, जिनमें किसी भी प्रकार की कोई सम्पति नहीं है, उनको ब्याज में शत-प्रतिशत छूट के साथ-साथ मूलधन राशि में भी 15 प्रतिशत से 70 प्रतिशत तक छूट प्रदान करते हुए खातों का निपटारा किया जायेगा तथा ऐसे खाते जिनमें सम्पति है, उनको समस्त बकाया राशि में 10 प्रतिशत से 40 प्रतिशत तक छूट प्रदान करते हुए खातों का निपटारा किया जायेगा। उन्होंने बताया कि योग्य खाताधारक योजना का लाभ लेने हेतु रूपये 2000 मय 18 प्रतिशत जीएसटी एवं मूलधन राशि का 5 प्रतिशत बतौर अपफ्रंट राशि जमा करवाकर पंजीकरण करवा सकते हैं। सेटलमेंट राशि का भुगतान 45 दिवस में करना होगा व जो खाताधारक 45 दिवस में भुगतान करने में सक्षम नहीं है, वे 12 मासिक किस्तों में 10 प्रतिशत साधारण ब्याज के साथ भुगतान करने का विकल्प ले सकते हैं। योजना 30 सितम्बर 2024 तक प्रभावी रहेगी। शाखा कार्यालय हनुमानगढ़ व श्रीगंगानगर का बीकानेर में विलय हो जाने के कारण इन तीनों शाखाओं के योग्य धारकों को योजना का लाभ लेने हेतु शाखा बीकानेर में पंजीकरण करवाना होगा। योजना की विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय समय में चौपड़ा कटला रानी बाजार बीकानेर स्थित शाखा में संपर्क किया जा सकता है।

## योग दिवस पर अधिक से अधिक हो सहभागिता

**चूरू।** रतनगढ तहसील के ग्राम भूखरेड़ी के राजकीय आयुर्वेद औषधालय की आरोग्य समिति की बैठक में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर होने वाले आयोजन को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी लीलाधर शर्मा ने कहा कि योग पूरी दुनिया को भारत की अनूठी देन है। योग एक जीवन शैली है, जिसे अपनाकर हम अपने तन-मन को स्वस्थ्य बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय में अपना स्वास्थ्य बनाए रखना एक चुनौती हो गया है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में योग को अपनाना चाहिए। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि 21 जून को होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाएं। समिति के सदस्य सचिव आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी सुभाष महला आय-व्यय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा विभाग की विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया। उन्होंने आगामी 21 जून को आयुष मंत्रालय द्वारा जारी प्रोटोकॉल अनुसार ग्राम पंचायत भूखरेड़ी स्तर पर होने वाले आयोजनों में सहभागिता एवं जनमानस को योग दिवस के दिन निकटतम योग स्थल पर सम्मिलित होने हेतु प्रेरित करने का प्रस्ताव रखा, जिस पर सबने अपनी सहमति दी। इस दौरान सरपंच सावित्री देवी, जवाहर सिंह भामू आदि उपस्थित रहे। कम्पाउंडर विजय पाल ने बैठक की कार्यवाही का संचालन किया।

## राहुल गांधी अब इस देश का भविष्य: चौहान

**चूरू।** जिला मुख्यालय स्थित मदीना मुसाफिर खाना में ऑल इंडिया कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के जन्मदिन पर पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर चूरू जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जमील चौहान ने कहा कि राहुल गांधी की छवि खराब करने के लिए विरोधियों ने करोड़ों रुपए खर्च कर दिए, लेकिन राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के जरिए उन्होंने करोड़ों भारतीयों का दिल जीत लिया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी एक विजनरी नेता है, जिन्होंने अनेक बार भावी चुनौतियों को लेकर देश को सतर्क करने का काम किया है। भारतीय जनता पार्टी को सबसे बड़ा खतरा उन्हीं से नजर आता है। इसलिए उनकी छवि खराब करने के लिए अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज देश का युवा राहुल गांधी की तरफ उम्मीद भरी निगाहों से देख रहा है, राहुल गांधी देश का भविष्य हैं। इस मौके पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।इस अवसर पर पूर्व पार्षद ताराचन्द बांठिया, डूंगरमल सैनी, आरिफ़ पिथिसर, पूर्व पार्षद सत्यनारायण बाकोलिया, सिराज जोईया, मुबारक़ भाटी, काज़ी अब्बास, शरीफ खान,बजरंग बजाड़, चंदनमल मेघवाल, नासिर अली, जाकिर अली, नदीम गौरी, अकरम खान, विमल ओझा, हरीओम गहलोत,आदि उपस्थित ने मिठाई खिलाकर खुशी का इज़हार किया।

## रावतसर में पेयजल की भारी किल्लत आक्रोशित नागरिकों ने किया प्रदर्शन



तेज | सिगची. रावतसर

कस्बे में पानी की भारी किल्लत झेल रहे शहरवासियों ने आज संघर्ष समिति के अध्यक्ष मनोज सोनी के नेतृत्व में जलदाय विभाग के आगे प्रदर्शन किया। मनोज सोनी ने बताया कि पेयजल संकट दूर करने के लिए कई बार जलदाय विभाग के अधिकारियों से गुहार लगाई गई, लेकिन इसका कोई समाधान नहीं निकला इससे आक्रोशित होकर शहरवासियों ने प्रदर्शन करके विरोध किया। मनोज सोनी ने बताया कि लंबे समय से पानी की समस्या को लेकर प्रशासन को कई बार अवगत करवा दिया 10 दिन पूर्व ही जलदाय विभाग के अधिकारियों ने पानी की समस्याओं के निवारण की बात कही इसके बावजूद अभी तक कोई समाधान नहीं किया गया। आखिरकार आक्रोशित होकर शहर वासियों ने वाटरवर्क्स के अंदर प्रदर्शन किया तत्पश्चात जलदाय विभाग के अधिकारी एक्सईएन विक्रांत डूहान व एईएन राजकुमार मौके पर पहुंचे और अन्य अधिकारियों के मौजूदगी में आगामी 7 दिनों में शहर की पानी सप्लाई को सुधार करने और पानी सप्लाई में आ रही कोई अन्य समस्याओं का समाधान भी जल्द करने का आश्वासन दिया तब जाकर शहर वासी संतुष्ट हुए। इस दौरान संजीव भादू, जगदीप सिंह, राम सिंह ख्यालिया, रोहतास धानका, ओम प्रकाश, पार्षद रघुवीर तरड़, पार्षद भगवती प्रसाद आर्य, संजय वर्मा, रुस्तम खान, जगदीश प्रसाद, महावीर सुड्डा पार्षद, सीताराम सोनी, प्रकाश , देवीलाल मटोरिया, रामचंद्र धानका, बिट्टू वर्मा, संदीप कुमार, अमर सिंह, सुभाष स्वामी, संतोष देवी, पार्वती, सरोज, रामप्यारी, साहिबा देवी व सैंकड़ों शहरवासी उपस्थित रहे।

## प्रदूषण करने वाली इकाईयों का सर्वे कर कार्यवाही करें राज्य प्रदूषण बोर्ड

**» विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र की बैठक में कलक्टर ने दिये निर्देश**



तेज | रिपोर्टर श्रीगंगानगर

विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक बुधवार को जिला कलक्टर लोकबंधु की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। विभिन्न प्रकरणों में चर्चा के पश्चात जिला कलक्टर ने कहा कि राजस्थान राज्य प्रदूषण बोर्ड द्वारा प्रदूषण करने वाली इकाईयों का सर्वे कर आवश्यक कार्यवाही की जाये। बैठक में जिला कलक्टर द्वारा औद्योगिक क्षेत्र सूरतगढ़ के नामांतरण के संबंध में कमेटी गठित करने, प्रदूषण करने वाली इकाईयों का सर्वे कर कार्यवाही करने, विद्युत कनेक्शन के लम्बित प्रकरणों में जल्द कार्यवाही करने, रिको क्षेत्र में विद्युत कटौती समस्या निस्तारण के लिये कटौती कारणों का विश्लेषण करने, विद्युत कटौती से पूर्व सूचित करने, एमओयू के अंतर्गत अक्कावाली में विद्युत सब स्टेशन की स्थापना के लिये भूमि का सर्वे कर प्रस्ताव तैयार करने, श्रीगंगानगर इंडस्ट्रीयल एरिया फर्स्ट और सैकेण्ड में डीएलसी रेट कम करने के लिये सब रजिस्ट्रार से चर्चा करने और रिको क्षेत्र में साफ-सफाई के लिये प्रभावी कार्य योजना तैयार करने के लिये निदेश दिये गये। जिला कलक्टर ने रिको क्षेत्र में स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था सही करवाने, अवैध रूप से संचालित बूचड़खानों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही करने, सघन पौधारोपण अभियान के तहत अन्यत्र स्थानों पर पौधारोपण के लिये जगह चिन्हित करने, रिको पुलिस चौकी को पुलिस थाने में क्रमोन्नत करने के लिये रिपोर्ट भिजवाने के निर्देश देते हुए कहा कि मानसून से पूर्व नाले और नालियों की समुचित सफाई करवाई जायें। ठोस कचरा निस्तारण के लिये भी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित हों ताकि उद्यमियों को परेशानी न आये। इस अवसर पर कार्यवाहक एडीएम प्रशासन एवं नगर विकास न्यास सचिव कैलाशचंद्र शर्मा, जिला परिषद सीईओ मृदुल सिंह, नगर परिषद आयुक्त यशपाल आहूजा, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक हरीश मित्तल, डिस्कॉम एसई एलएस मान, अरविन्द्र सिंह, मनोज कुमार, हंसराज गुजर, मनीषा चौधरी, सुशील अग्रवाल, एमसी मीणा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सचिन पायलट विदेशों में भी युवाओं के दिल में बसे हुए हैं: महनसरियाा

तेज | जगदीश सोनी. चूरू



नगरपरिषद के पूर्व सभापति गोविंद मह सरिया ने आज चूरू नई सड़क पर कांग्रेसजनों की एक बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री सचिन पायलट की जमकर तारीख करते हुए कहा कि हमें इस बात की बहुत खुशी है कि हमारे अपने नेता सचिन पायलट को राजस्थान व भारत के अलावा अंतरराष्ट्रीय पर भी करोडों युवा सुनना व देखना चाहते हैं व दिल से सम्मान व प्यार करते हैं। महनसरिया ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हमारे नेता सचिन पायलट ने ब्रिटेन इंग्लैंड की ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में बलवंत नीक गवर्नमेंट स्कूल व ऑनलाइन कार्यक्रम में भाग लेकर भारतीय चुनाव और मतदाताओं की उम्मीदो पर प्रकाश डाला व कांग्रेस के घोषणा पत्र के उन मुदो को संबोधित किया जो व्यापक रूप से सभी प्रकार से आम जन को प्रभावित कर रहे थे व राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा जन जन से जुडी पर चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस व उसके गठबंधन के साथी संसद के भीतर व बाहर दोनों जगह विपक्ष की जिम्मेदार भूमिका निभाएंगे। महन सरिया ने कहा कि पायलट भारत के अलावा विदेशों में भी युवाओं के दिलों में बसे हुए हैं इस पर खुशी जताते हुए उपस्थित सभी कांग्रेस जनों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई वह आतिशबाजी कर खुशी बताई इस अवसर पर पार्षद हाजी अली मोहम्मद भाटी, पार्षद सम्मीउलागोरी, किसान नेता अमर सिंह दनेवा, कायमखानी समाज के जिला अध्यक्ष मुंशी खा, हाजी युसफ लुहार, पार्षद प्रत्याशी कालूराम महर्षि , अजय दाधीच, पूर्व सरपंच परसाराम निमेल, पार्षद प्रत्याशी मोहन ट्रेलर पूर्व जिला परिषद सदस्य किसना राम बाबल, मनोज महनसरिया एडवोकेट, परमेश्वर रेगर, सहित अनेक जन उपस्थित थे।

## जिला सतर्कता समिति की बैठक आज

**श्रीगंगानगर।** मुख्य सचिव द्वारा जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं, समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिये जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा। जिला स्तर पर आमजन की परिवेदनाओं के संबंध में जनसुनवाई और जिला सतर्कता समिति की बैठक जिला कलक्टर लोकबंधु की अध्यक्षता में 20 जून गुरूवार को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट श्रीगंगानगर के वीसी कक्ष में रखी गई है।

## मनरेगा में व्यापक भ्रष्टाचार की शिकायत पर सीईओ ने बिठाई जांच

तेज | कैलाश सोनी. सूरतगढ़

जिले में मनरेगा के कार्यों में पारदर्शिता लाने एवं प्राप्त शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये त्वरित कार्यवाही की प्रक्रिया जिला स्तर से निरंतर जारी है। मनरेगा में पारदर्शिता लाने की प्रक्रिया के तहत सूरतगढ़ पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत राजियासर में मनरेगा भृष्टाचार की शिकायत को लेकर सीईओ मृदुल सिंह ने जांच कमेटी गठित कर पांच दिवस में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये है। सूरतगढ पंचायत समिति अन्तर्गत ग्राम पंचायत राजियासर में उपसरपंच के बेटे पर मनरेगा मेंट नियोजन के दौरान मनचाहे लोगों को रोजगार उपलब्ध करवाते हुये घर बैठे मजदूरी लाखां रूपये भुगतान देने के आरोप को जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी की संज्ञान में प्रकरण आने पर गम्भीरता से लेते हुये जिला स्तर से चार सदस्यों की कमेटी गठित कर पांच दिनों में उनके यहां रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश जारी कर दिये हैं। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मृदूल सिंह के अनुसार पंचायत समिति सूरतगढ क्षेत्र की दूर दराज ग्राम पचायत में मनरेगा अन्तर्गत बिना कार्य के चलते ही लाखों रूपये की मजदूरी उठाना जैस प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुये जिला स्तर से प्रकरण की जांच हेतु एक्सएन, जिला परिषद, सहायक प्रशासनिक अधिकारी एवं सूरतगढ विकास अधिकारी के साथ-साथ रायसिहनगर पंचायत समिति के सहायक अभियंता को कमेटी में शामिल किया गया हैं। प्रकरण में पंचायत समिति स्तर से आवश्यक निरीक्षण का तथा भुगतान प्रक्रिया में किस स्तर पर चूक हुई है, इसकी जांच उपरांत प्रकरण की सही वस्तु स्थिति की जानकारी मिलेगी। सीईओ ने अवगत करवाया कि प्रकरण में दोषी पाये जाने वाले हर स्तर के अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।



### "योग"

भारत की पहचान योग है।
संस्कृति का गुणगान योग है।।
अनुपम संतत विश्व हितैषी।
वैदिक अनुसंधान योग है।।
सुख सागर आनंद सरोवर।
सांसों की लयतान योग है।।
परम तत्व की पावन पूजा।
शास्त्रों का सम्मान योग है।।
कार्यकुशलता वर्धक विद्या।
सहस गुणों की खान योग है।।
शक्तिप्रवर्धक स्फूर्तिप्रवर्तक।
अमृत पूरित प्राण योग है।।
धर्म अर्थ अरु काम मोक्ष की।
प्राप्ति हेतु सुविधान योग है।।
मन को स्थिर औ तन को सक्रिय।
रखने का अभियान योग है।।
प्रज्ञापूरक स्मृति विस्तारक।
संशय का अवसान योग है।।
जीव ब्रह्म सन्निधि में सक्षम।
ऋषियों का वरदान योग है।।
पंचतत्व से रचित देह में।
समता का प्रतिमान योग है।।
कर्मशील स्थितप्रज्ञ बनाता।
गीता का व्याख्यान योग है।।
अंतस प्रमुदित हर्षित जीवन।
आत्मा का परिधान योग है।।

- वैद्य बालकृष्ण गोस्वामी, रतनगढ़

## ''योग स्वयं और समाज के लिये'' थीम के साथ मनाया जायेगा योग दिवस

**» 21 जून को नेहरू पार्क में प्रातः 7 से 8 बजे तक आयोजित होगा योग कार्यक्रम**

**श्रीगंगानगर।** ''योग स्वयं और समाज के लिये'' थीम के साथ 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम 21 जून को समारोहपूर्वक मनाया जायेगा। आयोजन तैयारियों को लेकर बुधवार को जिला कलक्टर लोकबंधु की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। बैठक में जिला कलक्टर ने कहा कि 21 जून को प्रातः 7 बजे नेहरू पार्क में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। सभी विभागों की सहभागिता आयोजन में सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन को योग के प्रति जागरूक करने के लिये आवश्यक व्यवस्थाएं की जायें। समस्त अधिकारी और कार्मिक भी आयोजन में सहभागिता करेंगे। उन्होंने आयोजन स्थल पर स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ-साथ आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि उपखण्ड से लेकर ग्राम स्तर तक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। उपखण्ड स्तर पर सभी व्यवस्थाएं उपखण्ड अधिकारी द्वारा की जायेगी। आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ. राजकुमार पारीक ने आयोजन की रूपरेखा से अवगत करवाते हुए बताया कि योग प्रशिक्षक के माध्यम से उपस्थितजनों को योगाभ्यास करवाया जायेगा। इस अवसर पर कार्यवाहक एडीएम प्रशासन एवं नगर विकास न्यास सचिव कैलाशचंद्र शर्मा, जिला परिषद सीईओ मृदुल सिंह, एडीएम सतर्कता नरेन्द्र पाल सिंह, नगर परिषद आयुक्त यशपाल आहूजा, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक हरीश मित्तल, सुमित्रा बिश्नोई, धीरज चावला, आशीष गुप्ता, डॉ. नरेश गुप्ता, डॉ. करण आर्य सहित अन्य मौजूद रहे।



# एसटीजी नहर में निर्धारित कृषि जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग, आंदोलन की चेतावनी

तेज. रिपोर्टर | पीलीबंगा



एसटीजी नहर में निर्धारित कृषि जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की है।जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता इस समस्या से अवगत करवाते हुए बुधवार को इस क्षेत्र के काश्तकारो ने ज्ञापन भी भेजा है। अमरपुरा जीएसएसएस अध्यक्ष कुलवंत सिंह चहल एवम काश्तकार सुदेश कड़वासरा, वीरेंद्र मांझु, कुबेर भादू, कीमत चहल, गुरतेज सिंह सरा, मोहन खीचड़, रमेश सिंह चहल, सुभाष कुमार, प्रताप सिंह सिद्धू, नरेश कुमार बेनीवाल, राकेश कुमार सिद्धू,फकीर सिंह,तनुज कुमार आदि ने बताया कि एसटीजी नहर में चक 24 एसटीजी से लेकर टेल तक पानी की मात्रा केवल मात्र तीन फीट 2 इंच ही प्रवाहित हो रही है,जिससे इसका लेवल ही पूर्ण नही हो रहा है। वर्तमान में लगभग डेढ़ फीट पानी और कम चलने से निर्धारित मात्रा पूर्ण नहीं हो रही है,जिससे इस क्षेत्र की कृषि भूमि को सिंचाई पानी से वंचित रहना पड़ रहा है। फसल बिजाई एवम धान रोपाई के सीजन को देखते हुए फसलों के लिए निर्धारित पानी नहीं मिलने से इस क्षेत्र के काश्तकार रोषित है।विभाग को बार-बार लिखित एवम मौखिक में अवगत करवाने के बावजूद अभी तक कोई सुनवाई नहीं होने से किसानों को मजबूरन आंदोलन करने की पीड़ा से भी चेताया है। वही मौके पर मौजूद किसानों ने बताया कि एसटीजी नहर में पानी की कमी के चलते कृषि बारिया पिट रही हैं। कृषि बिजाई सीजन होने के कारण खेतों में पानी की बेहद आवश्यकता है। वही काश्तकारों ने बताया की इस नहर के पक्का निर्माण के समय इसके लेवल में लापरवाही के कारण एक एसटीजी से आठ एसजी तक 5 से 6 इंची पाइप लगी हुई है, जिससे आगे के किसानों को पानी नहीं मिल पा रहा है।एक अन्य करना विभाग द्वारा निर्धारित लेवल से कम पानी छोड़ना भी समस्या है। इसलिए इस क्षेत्र के किसानों ने मांग की है कि चक 24 एसटीजी से टेल तक नहर के लेवल की जांच करवरकर पीछे लगी हुई पाइपो व कड़ी हटवाने एवं पूर्ण पानी दिलाया जाए। इस संबंध में विभाग के अधीक्षण अभियंता सुनील निवाद ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा उन्हें इस संबंध में क्षेत्र के किसानों ने अपनी पीड़ा से अवगत करवाया गया है शीघ्र ही उनकी समस्या पर कार्रवाई करते हुए इसका उचित नियमानुसार निराकरण किया जाएगा साथ ही अन्य बिंदुओं पर भी जांच कर उनका भी निस्त्राण होगा,किसी भी कार्य में कोई कोताही नही बरती जाएगी।

# ट्रॉमा सेंटर में पंजीकरण खिड़की का शुभारंभ

**- चिकित्सालय प्रभारी ने मरीजों को राहत देने के लिए किया नवाचारः डॉ अजय सिंगला**

तेज | रिपोर्टर सूरतगढ़



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ट्रोमा सेंटर में आज प्रातः 9.15 बजे पंजीकरण खिड़की का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर अजय सिंगला, खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज अग्रवाल और चिकित्सालय के चिकित्सा अधिकारी एवं प्रभारी डॉ नीरज सुखीजा के करकमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर अजय सिंगला ने कहा कि ट्रॉमा सेंटर में पंजीकरण खिड़की नया नवाचार है जो चिकित्सा अधिकारी और प्रभारी नीरज सुखीजा द्वारा मरीज को हो रही परेशानी को देखते हुए किया गया है। इससे भविष्य में मरीजों को फायदा मिलेगा। खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मनोज अग्रवाल ने बताया कि ट्रॉमा सेंटर में पंजीकरण खिड़की शुरू होने से मरीज को लंबी कतार में नहीं लगना पड़ेगा और इस भयंकर गर्मी से भी राहत मिलेगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी एवं प्रभारी डॉक्टर नीरज सुखीजा ने कहा कि पूर्व में पंजीकरण खिड़की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ही थी जिससे मरीज को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था अब सीनियर सिटीजन और एमरजैंसी के मरीज को राहत देने के लिए एक और पंजीकरण खिड़की का शुभारंभ ट्रॉमा सेंटर में किया गया है। जिससे चिकित्सालय की पंजीकरण खिड़की पर होने वाली मरीजों की भीड़ कम हो जाएगी। इस अवसर पर डॉक्टर भारत भूषण, डॉ पंकज सोनी, डॉ रमेश सोखल, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर सुरेंद्र पारीक, नर्सिंग ऑफिसर विक्रम सिंह, लाजपत राय, मुखदेव, लक्ष्मी, राकेश बिश्नोई, राजेश कुमार, लालचंद ओझा, एनसीडी काउंसलर दीपक शर्मा आदि मौजूद थे।

## जन्मदिन की शुभकामनाएं



**तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा।** दैनिक तेज सहयोगी एड. मनीष आहूजा को उनके जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं। उनकी माता आशा रानी, बड़े भाई एड.संजीव आहूजा, भाभी संगीता आहूजा, छोटे भाई एड.महावीर अरोड़ा, बहन एड. अनुराधा शर्मा, भतीजी अनुराधा, जिया, लावण्या, सोनिका शर्मा, कृष्ण जोशी, अर्चना जोशी, शारदा जोशी, संतोष जोशी मित्र मनोज स्वामी, विकास स्वामी दैनिक तेज परिवार की तरफ से हार्दिक बधाई।

# राजाराम स्वामी की स्मृति में आयोजित शिविर में 54 यूनिट रक्त संग्रहित, भेंट किए पौधे

तेज. रिपोर्टर | टिब्बी



क्षेत्र के गांव श्योदानपुरा में बुधवार को राजाराम स्वामी की स्मृति में उनके परिजनों ने ग्रामीणों के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित किया। शिविर में 54 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। रक्तदान करने वाले युवाओं को स्मृति चिन्ह के साथ पौधे भेंटकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद ऑल इण्डिया सरपंच एसोसिएशन की उपाध्यक्ष रमनदीप कौर ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश ड़ाला तथा युवाओं से अधिकाधिक रक्तदान करने का आग्रह किया। इस मौके पर ब्लडमैन अमर सिंह नायक व ब्लड वुमैन बिमला कस्वां ने रक्तदान को अपने जीवन का अंग बनाकर नियमित तौर पर रक्तदान करने का आग्रह किया। उन्होने कहा कि रक्त से किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है जिसके कारण रक्तदान से बड़ा ओर कोई दान नही माना जाता। इस मौके पर आयोजक चंदूराम स्वामी, मदनलाल स्वामी, तिलोक चंद स्वामी, विनोद कुमार स्वामी, आत्माराम स्वामी, सुरेन्द्र स्वामी, अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी राहुल स्वामी, सरपंच काशीराम नायक, पूर्व सरपंच कनीराम सिरावता व छोटूराम कासनियां, रामकुमार देहडू, कृष्ण सियाग, गोपीराम शर्मा, ओम कडवासरा, ओम नायक, फरसाराम सियाग, महावीर ढाका, रायसिंह सिरावता, प्रभू सियाग, ओम बसीर, महेन्द्र बसीर, दलीप नाई, उदमीराम नायक सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे। इस दौरान बोर्ड कक्षाओं में अव्वल रहे विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। आयोजन समिति के विनोद स्वामी व सुरेन्द्र स्वामी ने सभी का आभार जताया।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत प्रीमियम भुगतान की अंतिम तिथि 31 जुलाई

तेज. ऐलनाबाद | रमेश भार्गव

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत जिला में एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी को खरीफ 2024 के लिए बीमा को लेकर हरियाणा सरकार की अधिसूचना के अनुसार अधिकृत किया गया है, जिसमें खरीफ फसलों के लिए धान, कपास, बाजरा, मूंग व मक्का को लिया गया है। इसमें किसान को बीमा करवाने के लिए प्रति हेक्टेयर निर्धारित राशि वहन करनी होगी। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. सुखदेव सिंह ने बताया कि खरीफ 2024 की फसलों की प्रीमियम राशि धान फसल के लिए 2023.8/- रुपये, कपास के लिए 5176.25/- रुपये, बाजरा के लिए 975.58/- रुपये, मक्का के लिए 1037.84/- रुपये व मूंग के लिए 908.1/-रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से किसान द्वारा बीमा करवाने के लिए वहन करना होगा तथा बीमा करवाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 तक है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना ऋणी किसानों के लिए वैकल्पिक है तथा फसल बदलने वाले किसान अंतिम तिथि से कम से कम 2 दिन पूर्व (29 जुलाई 2024) तक बैंक में फसल बदलवा सकते है, यदि ऋणी किसान फसल बीमा नहीं करवाना चाहते है तो वे संबंधित बैंक को लिखित में अंतिम तिथि के 7 दिन पूर्व (24 जुलाई 2024) सूचित करें। इसके अतिरिक्त गैर-ऋणी किसान यदि फसल बीमा करवाना चाहते हैं तो वे अपनी जमीन की फर्द, जमीन की खेवट नंबर, बैंक पासबुक के प्रथम पेज की फोटो प्रति, आधार कार्ड, फसली गांव, फसल बिजाई सर्टिफिकेट व मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पंजीकरण करवाने उपरांत सीएससी से संपर्क करें। उन्होंने सीएससी सेंटर के इंचार्ज से कहा है कि वे किसान की फसल बीमित करते समय सभी आवश्यक दस्तावेजों को पोर्टल पर जरूर अपलोड करें तथा किसान का स्वयं का मोबाइल नंबर व ई-मेल पोर्टल पर पंजीकरण करें ताकि बीमा संबंधित पत्राचार बीमा कम्पनी सीधे किसान से कर सके। उन्होंने जिला के किसानों से अपील की है कि वे अपनी फसलों का बीमा करवाएं ताकि इस योजना का लाभ उठा सकें। अधिक जानकारी के लिए किसान खंड कृषि अधिकारी/एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी से भी संपर्क कर सकते हैं।

# प्रतिभा सम्मान समारोह 'उड़ान' में छात्राओं का किया सम्मान





तेज. रिपोर्टर | श्रीगंगानगर

बालिकाओं को उच्च शिक्षा हेतु प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह 'उड़ान-2024' व निशुल्क कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन श्री आत्म वल्लभ जैन कन्या महाविद्यालय तथा आईएमए श्रीगंगानगर के संयुक्त तत्वावधान में हनुमानगढ़ रोड स्थित महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित किया गया, जिसमें आरएएस योजना श्योराण, आरपीएस राजीव जाखड़, एडगुरू राजकुमार जैन व सौरभ मीडिया के एमडी यूथ आइकॉन सौरभ जैन मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में न्यास अध्यक्ष अमरचंद बोरड़, सचिव नरेश जैन, महाविद्यालय निदेशक डॉ. संजय अरोड़ा, प्राचार्य डॉ. पंकजलता, निकिता शर्मा, सुरजीत सिंह आदि अनेकों गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कक्षा 12वीं राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड एवं सीबीएसई में 60 प्रतिशत व इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाली 632 छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं डॉक्यूमेंट सुरक्षित रखने के लिए मल्टीपर्पज फाईल फोल्डर भेंट कर सम्मानित किया गया।

# पंचायत की गौशाला में लगाया वाटर कूलर

तेज. रिपोर्टर | पीलीबंगा



पंचायत डबली वास पेमा की गौशाला में दानदाता डा.रणजीत रिणवां ने आमजन व गौसेवकों के लिए शीतल जल का वाटरकुलर लगवाया है।गौशाला अध्यक्ष लालचंद भाम्भू ने बताया कि गांव की गौशाला में इससे पहले एक दानदाता कासनियां परिवार द्वारा वाटरकुलर लगाया गया है। इस गौशाला के अलावा तीन बीघा भूमि में एक ओर गौशाला संचालित है जहां पीने के पानी की समस्या थी। रिणवां परिवार द्वारा लगाए गए इस वाटर कूलर से आमजन व गौशाला में आने वाले गौभक्तों को शीतल जल मिलेगा। इस मौके पर डा.रणजीत रिणवां, बलराम रिणवां, गौशाला अध्यक्ष लालचंद भाम्भू, पूर्व अध्यक्ष मन्शाराम बेनीवाल, सरपंच राजेन्द्र भाम्भू, पूर्व सरपंच बालचंद ज्याणी, पं. अनिल शास्त्री, गौभक्त प्रेम भाम्भू, मिस्त्री दयाराम सुथार, अशोक सुथार, गौशाला समिति के सदस्य, दानदाता परिवार के सदस्य व ग्रामीण मौजूद थे। पंचायत प्रशासन एवम गौशाला समिति ने दानदाता परिवार को सम्मान प्रतीक देकर आभार व्यक्त किया।

# जांच एवं उपचार के साथ-साथ मरीजों को उचित खानपान की भी मिल रही है जानकारी

**- प्रशासनिक कार्यों के साथ डॉक्टर्स कर रहे ग्रामीण पीएचसी में किया मरीजों का इलाज**

तेज. रिपोर्टर | हनुमानगढ़

जिला एवं खण्ड स्तर के प्रशासनिक कार्यों के साथ-साथ अधिकारी ग्रामीण पीएचसी पर 9 से 11 बजे तक मरीजों की स्वास्थ्य जांच भी कर रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को भी जिला एवं खण्ड स्तरीय अधिकारियों ने ग्रामीण पीएचसी पर मरीजों का उपचार किया। इस दौरान सभी अधिकारियों से पीएचसी का निरीक्षण किया एवं स्टाफ को दिशा-निर्देश प्रदान किए। गौरतलब है कि चिकित्सक अलग-अलग पीएचसी पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं ताकि मरीजों के साथ-साथ चिकित्सकीय स्टाफ को भी चिकित्सा संस्थान की व्यवस्थाओं के बारे में दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि आरसीएचओ डॉ. विक्रमसिंह ने 19 जून को पीएचसी लखूवाली, डीपीसी डॉ. प्रीतमोहिन्दर सिंह ने पीएचसी दीनगढ़, एसीएमएचओ डॉ. ज्योति धींगड़ा ने पीएचसी मुण्डा, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. सुनील विद्यार्थी ने पीएचसी डबलीबास मिढारोही, पीलीबंगा बीसीएमओ डॉ. मनोज अरोड़ा ने पीएचसी धोलीपाल, संगरिया बीसीएमओ डॉ. रवि खीचड़ ने पीएचसी हरीपुरा, रावतसर बीसीएमओ डॉ. मनिन्द्र सिंह ने पीएचसी खोड़ा तथा नोहर बीसीएमओ डॉ. प्रदीप कड़वासरा ने पीएचसी दीपलाना में सेवाएं दीं। समस्त चिकित्सकों ने पीएचसी पर आने वाले मरीजों का उपचार कर जांच व दवाइयां वितरित की। उन्होंने मरीजों को बीमारी को देखते हुए उचित खानपान के बारे में भी बताया। दवाइयों के साथ-साथ उचित खानपान की जानकारी मिलने से मरीज भी प्रसन्नचित्त नजर आए। इस दौरान अधिकारियों ने समस्त चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण किया एवं स्टाफ को व्यवस्थाएं, साफ-सफाई एवं सुधार हेतु दिशा-निर्देश प्रदान किए। डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि गुरुवार 20 जून को आरसीएचओ डॉ. विक्रमसिंह पीएचसी सिलवालाखुर्द में मरीजों को चिकित्सकीय लाभ देंगे। इसी प्रकार, डीपीसी डॉ. प्रीतमोहिन्दर सिंह 20 को पीएचसी मुण्डा, एसीएमएचओ डॉ. ज्योति धींगड़ा पीएचसी मक्कासर, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. सुनील विद्यार्थी पीएचसी लखूवाली, पीलीबंगा बीसीएमओ डॉ. मनोज अरोड़ा पीएचसी बड़ोपल, संगरिया बीसीएमओ डॉ. रवि खीचड़ पीएचसी दीनगढ़, रावतसर बीसीएमओ डॉ. मनिन्द्र सिंह पीएचसी मोटेर एवं नोहर बीसीएमओ डॉ. प्रदीप कड़वासरा 20 को पीएचसी धानसिया में सेवाएं देंगे।

# सांसद राहुल गांधी के जन्मदिवस पर अस्पताल में फल बांटे





तेज. रिपोर्टर | पीलीबंगा

कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन सीएचसी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फल बाँटकर मनाया। मरीजों को फलाहार खिलाते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी की मजबूती एवं प्रत्येक कार्यकर्ता को साथ लेकर चलने की उनकी कार्यशैली उन्हें और दिग्गज बनाती है।इस मौके पर मौजूद ओबीसी ज़िला उपाध्यक्ष आशीष बिश्नोई, जिला परिषद सदस्य अमनदीप कंग, प्रवीण कटारिया,मोहित सिगड़ सहित मौजूद कार्यकर्ताओ ने कांग्रेस पार्टी की रीति नीतियों से अवगत करवाते हुए हमेशा राष्टहित में कार्य करने वाली पार्टी बताया।

# हिन्दी माध्यम विद्यालय को बहाल करने की मांग

तेज. रिपोर्टर | पीलीबंगा



**तेज. टिब्बी।** बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने उपखण्ड अधिकारी के मार्फत शिक्षा मंत्री राजस्थान सरकार को भोला सिंह बाजीगर पूर्व प्रदेश महासचिव बहुजन समाज पार्टी के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा जिसमें बताया की नगरपालिका टिब्बी में कई वर्षों से चल रहा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टिब्बी को वर्ष 2020 में राज्य की कांग्रेस सरकार ने उसे बन्द कर अंग्रेजी माध्यम में तब्दील कर दिया। शहर का एक मात्र विधालय था जिसमें कक्षा 9 से 12 तक के बच्चे हिंदी माध्यम में शिक्षा ले सके। अब गरीब परिवार के बच्चों को हिन्दी माध्यम की शिक्षा लेने के लिए नगरपालिका टिब्बी क्षेत्र को छोड़कर दुसरी जाना पड़ रहा है या मजबूरन बिच में पढ़ाई छोड़नी पड़ रही है। अतः बहुजन समाज पार्टी यह मांग करती है की काफी सालों से चल रहे हिन्दी माध्यम विधालय को वापिस बहाल करे। इस मौके पर राम सिंह पार्षद, राजकुमार चांवरिया, भूपेंद्र बाल्मिक, दिलीप कुमार बिरट, शंकर लाल नायक, अजीत सिंह धालीवाल, नथा सिंह बावरी, संतलाल, अर्जुन लाल, गौरी, मांगीलाल मेघवाल, सुरेंद्र मेघवाल, सुरेंद्र कुम्हार ,गुरदीप सिंह ,सुरजीत सिंह ,गुरमीत सिंह, सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## निशिता शिवराण को स्वर्ण पदक भेंट



**तेज. नोहर।** निशिता शिवराण को राजस्थान विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल कलराज मिश्र द्वारा स्वर्ण पदक भेंट कर सम्मानित किया गया। निशिता शिवराण को एमएसएसी (मनोविज्ञान) में विश्वविद्यालय टॉप करने पर स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया है। विदित्त रहे कि निशिता वाणिज्य कर विभाग के अतिरिक्त आयुक्त बलवंतसिह की पुत्री है। निशिता वर्तमान में डीआरडीओ में वैज्ञानिक पद पर कार्यरत है। निशिता को गोल्ड मैडल मिलने पर मिशन सौ बेड के संयोजक एडवोकेट केएल मित्रुका, संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष संजय मोदी सहित अनेक संगठनों ने खुशी जाहिर की है।

# समय पर सेवानिवृति परिलाभ का भुगतान करने की मांग

तेज. रिपोर्टर | पीलीबंगा

राशि संघ शेखावत ने सेवानिवृति परिलाभ का भुगतान समय पर करने की मांग राज्य सरकार से की है। संघ के जिलाध्यक्ष मनोहर लाल बंसल द्वारा राज्य सरकार व पेंशन विभाग को भेजे ज्ञापन के अनुसार सेवानिवृति के दिवस ही सेवा निवृत्त होने वाले कार्मिक को समस्त भुगतान किया जाना होता है,फिर भी सरकार व पेंशन विभाग के दावों के विपरीत रिटायरमेंट के दो से तीन माह तक कार्मिक को भुगतान के लिए लटकना पड़ता है।इसी प्रकार बहुत से रिटायर कार्मिको का जीपीएफ व एसआई का पूर्ण भुगतान भी नहीं किया जा रहा है।वही कुछ कार्मिकों की पास बुक्स व बीमा प्रावधायी विभाग के लेजर का मिलान भी नहीं हो रहा है।जिला शाखा प्रतिनिधि मंडल ने कई बार उप निदेशक बीमा व प्रावधायी विभाग से मिलकर कार्मिक को पूर्ण भुगतान करवाने के आग्रह ज्ञापन दिये है, फिर भी व्यवस्था में सुधार नहीं होने से कार्मिकों में रोष है। बंसल ने बताया कि शीघ्र ही इस सम्बन्ध मे उपनिदेशक से मिलकर वार्ता की जायेगी । साथ ही संगठन ने अधिशेष शिक्षको को विकल्प लेकर निकटतम स्थान पर पदस्थापन्न करने व उन्हे हर माह समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित करने की भी मांग की है।

# समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं का हो रहा निदान

**- फैमली आईडी में इनकम ज्यादा होने से योजनाओं का नहीं मिल रहा था लाभ, समाधान शिविर में मोके पर तुरंत हुआ समाधान**

तेज. ऐलनाबाद | रमेश भार्गव

प्रदेश सरकार की जिला व मंडल स्तर पर चलाई गई समाधान शिविर की पहल आमजन को राहत देने का काम रही है। समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं का निदान हो रहा है। उपायुक्त आर.सिंह प्रभावी रूप से समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं को एक-एक कर बड़े ही ध्यान से सुनकर उनका समाधान कर रहे हैं। बुधवार को समाधान शिविर के दसवें दिन 112 शिकायत उपायुक्त आर.के सिंह के समक्ष पहुंची। इन शिकायतों में से कुछेक का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, शेष के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश कर रिपोर्ट देने को कहा गया।

**फोन कर प्रार्थी से ली जा रही समस्या के समाधान की जानकारीः** समाधान शिविर में न केवल मोके पर समाधान हो रहा है बल्कि जिन समस्याओं का बाद में समाधान हो जाता है, उसकी सुनिश्चित के लिए संबंधित प्रार्थी से फोन कर समाधान की जानकारी ली जाती है। इसके लिए बाकायदा उपायुक्त पहले ही सभी को अपनी समस्या एप्लिकेशन पर अपना फोन नंबर अवश्य अंकित करने की हिदायत देते रहते हैं।

**फैमली आईडी में इनकम नहीं हो रही थी कम, समाधान शिविर में मौके पर हुआ निदानः** गांव पंजुआना निवासी मंगत राम समाधान शिविर में फैमली आईडी में इनकम अधिक होने की समस्या को लेकर पहुंचा। उनका कहना था कि उनकी अधिक इनकम शो होने की वजह से सरकार की योजनाओं का लाभ मिलने में परेशानी आ रही थी। उपायुक्त ने मौके पर एडीसी को समाधान के निर्देश दिए। मौके पर ही फैमली आईडी में उसकी इनकम को सही कर दिया गया। समस्या का समाधान होने पर मंगत राम खुश नजर आए और सरकार के समाधान शिविर की पहल की सराहना की।

**समाधान शिविर के दसवें दिन पहुंची 112 शिकायतः** जिला में समाधान शिविर के दसवें दिन 112 शिकायतें विभिन्न समस्याओं को लेकर उपायुक्त के समक्ष रखी गई। इनमें से कुछेक का मौके पर ही निदान कर दिया गया शेष पर अधिकारियों को समाधान कर रिपोर्ट देने को कहा। बुधवार को सबसे अधिक 32 शिकायतें फैमली आईडी से सम्बंधित रही। इसके अन्य शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित थी।

**लोगों की समस्याओं का समाधान प्रशासन की प्राथमिकताः** उपायुक्त आर के सिंह ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान करना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसी के अनुरूप समाधान शिविर में आ रही समस्याओं को एक एक कर सुना जा रहा है और उनका समाधान किया जा रहा है।

### राजस्व अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन, कलक्टर ने दिए निर्देश

# आगामी 10 दिन में हीटवेव के आसार, अधिकारी नियमित करें पानी सप्लाई का निरीक्षण

## एसडीएम, तहसीलदार सप्ताह में दो बार रात्रि चौपाल अवश्य करें

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



जिला कलक्टर काना राम ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व कार्यों व जल संरक्षण, ई-फाइल, राजस्थान सम्पर्क कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने राजस्व, भू-रूपांतरण, भू-आवंटन, कोर्ट केस निस्तारण, लम्बित पीडी/एफडी कार्यों का शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय और राज्य सरकार स्तर पर लंबित प्रकरणों पर निगरानी रखी जा रही है। इसलिए कार्यों में कौताही नहीं बरतें। जिला कलक्टर कानाराम ने कहा कि जिन प्रकरणों में प्राथमिक डिग्री जारी हो चुकी है, उनका निस्तारण इसी सप्ताह किया जाना सुनिश्चित करें। जिला कलेक्टर ने कहा कि जो नामांतरण ऑटो लॉक हो रहे है, उन नामांतरणों की समीक्षा अवश्य कर ले। सीमा ज्ञान से संबंधित सभी प्रकरण फसल बुवाई तथा मानसून के आने से पहले निस्तारित कर दे। जहां, भू प्रबंध विभाग की सहायता की आवश्यकता हो, उनके लिए भू प्रबंध विभाग को चिट्ठी लिखे। जिला कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी समयबद्ध रिपोर्ट भेजे और सीएम सेल से संबंधित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर उम्मेदी लाल मीना, हनुमानगढ़ एसडीएम डॉ. दिव्या चौधरी सहित सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। वहीं, अन्य उपखंड अधिकारी और तहसीलदार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े।

**आगामी 10 दिन में हीटवेव के आसार, अधिकारी नियमित करें पानी सप्लाई का निरीक्षण:** आगामी 10 दिन तक हीटवेव चलने के असर है, इसलिए नियमित घरों में पानी सप्लाई का निरीक्षण अवश्य करें, हॉस्पिटल निरीक्षण के बाद रिपोर्ट तुरंत भेजे। भूमि रूपांतरण से संबंधित फाइलों को 90 दिन से कम समय में निस्तारित किया जाना सुनिश्चित करें। रास्ते तथा तरमीम से संबंधित बकाया प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए । उपखंड में कानून व्यवस्था से संबंधित में ऐसी कोई घटना हो, जिसे राज्य सरकार के ध्यान में लाया जाना आवश्यक हो, तो उसे तुरंत संज्ञान में लाए।

**सप्ताह में 2 बार रात्रि चौपाल जरूरी :** जिला कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा अनुसार रात्रि चौपाल में आमजन के बीच पहुंचकर उनकी परिवेदनाओं को सुनते हुए राहत प्रदान करें। राज्य सरकार रात्रि चौपाल को गंभीरता से ले रही है। इसलिए एसडीएम और तहसीलदार अपने संबंधित अधिकारियों के साथ सप्ताह में 2 बार चौपाल अवश्य करें। उनके बीच ही विश्राम करना सुनिश्चित किया जाए, तभी सामूहिक समस्याओं का समाधान हो सकेगा। उन्होंने कहा कि आपके अच्छे कार्यों को मीडिया के जरिए आमजन तक पहुंचाएं।

# लाखों रुपए के जेवरात बनवाए, रुपए मांगे तो बलात्कार के मुकदमे में फंसाने की दी धमकी

## ज्वैलर्स ने मां-बेटे के खिलाफ दर्ज करवाया मुकदमा

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

ज्वैलर्स की दुकान से लाखों रुपए के जेवरात बनवाकर रुपए देने से इन्कार करने व रुपए मांगने पर बलात्कार के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस संबंध में एक व्यक्ति ने मां-बेटे के खिलाफ सदर पुलिस थाना में मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार सतीश कुमार (50) पुत्र हरीचन्द सोनी निवासी वार्ड 18, डबलीराठान ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि वह डबलीराठान के पुराने मुख्य बाजार में सोने-चांदी के आभूषण बनाने का कार्य करता है। उसकी दुकान पर जंक्शन के सुरेशिया निवासी महिला गोरू उर्फ सुलोचना राजपूत व उसका पुत्र करण घरेलू आभूषण बनवाने के लिए आते-जाते रहते थे। इसलिए उसका सुलोचना व उसके पुत्र पर विश्वास हो चुका था। 31 दिसम्बर 2022 को उसकी ज्वैलर्स की दुकान पर सुलोचना व उसका पुत्र करण आए। इन्होंने दो लेडिज अंगूठी बनवाने की बात कही। सुलोचना ने उसी दिन साई पेटे दस हजार रुपए दे दिए। उसने दोनों अंगूठी बनाकर सुलोचना को दे दी। इनकी कुल कीमत 33920 रुपए बनी। सुलोचना शेष रुपयों की उधार करवा गई। 4 अप्रेल 2023 को करण उसकी दुकान पर आया और 5 रुपए इस विश्वास के साथ और उधार ले गया कि कुछ दिन पश्चात वे अंगूठियों की बकाया राशि व उक्त 5 हजार रुपए सहित सम्पूर्ण हिसाब चुकता कर देंगे। 12 मई 2023 को सुलोचना व उसका पुत्र करण उसकी दुकान पर आए और 20 हजार रुपए नकद जमा करवा दिए। इस प्रकार 8920 रुपए सुलोचना की ओर शेष रह गए। यह रुपए भी वह कुछ दिन बाद देकर जाने का आश्वासन देकर चली गई। उसके बाद 29 मई 2023 को सुलोचना ने कुछ और आभूषण बनाने के लिए दो लाख रुपए साई पेटे जमा करवा दिए। इस पर उसने कुल 8 लाख 10 हजार 950 रुपए के आभूषण बना कर सुलोचना को सुपुर्द कर दिए। शेष 6 लाख 19 हजार 850 रुपए की उधार सुलोचना यह कह कर करवा कर गई कि उक्टूबर 2023 में फसल आने पर सारा हिसाब समेत ब्याज चुकता कर दूंगी। 7 अगस्त 2023 को सुलोचना ने उसे कहा कि 8 लाख 50 हजार रुपए उसे उधार चाहिए। वह ब्याज सहित यह रुपए अक्टूबर में फसल आने पर वापस कर देगी। इस पर उसने उसी दिन 8 लाख 50 हजार रुपए अपने मित्र अरविन्द कुमार पुत्र मनोहर लाल अग्रवाल निवासी डबलीराठान से 1.50 रुपए की दर से ब्याज पर सुलोचना को दिलवा दिए। उसके बाद वह लगातार सुलोचना व उसके पुत्र करण से रुपयों का तकाजा करता आ रहा लेकिन मां-बेटा आजकल-आजकल कह कर टालते रहे। इसके बाद सुलोचना व उसका बेटा उसके पास अलग-अलग तरह से समाचार भिजवाने लगे कि वह उनसे जो करीब 15 लाख रुपए मांग रहा है वह रकम खाता चुकता कर ले नहीं तो उसे बलात्कार के मुकदमा में फंसा कर जिन्दगी बर्बाद कर देंगे व समाज में मुंह दिखाने लायक नहीं छोड़ेंगे। सुलोचना ने करीब पांच-छह दिन पहले उसे अरविन्द की किरयाना की दुकान जो डबलीराठान में है पर बुलाया और धमकी दी कि जो खाता बही लेनदारी उसकी तरफ है उसे जमा दिखा दे नहीं तो उसके खिलाफ बलात्कार का मुकदमा दर्ज करवा दूंगी। यह बातें दुकान मालिक अरविन्द के सामने हुई थी। 12 जून 2024 को किसी ने अपने आपको पुलिस में होना बताते हुए मोबाइल नम्बर 96674-30426 से फोन किया कि उस पर सुलोचना ने महिला थाना में बलात्कार का मुकदमा करवाया है। तूने इसे शादी का झांसा दे रखा है और इसके साथ तेरे नाजायज संबंध हैं। जब उसने इस संबंध में जांच-पड़ताल की तो पता चला कि इस प्रकार का कोई मुकदमा नहीं है। उसी दिन से वह मानसिक तनाव में आ गया। सतीश कुमार के अनुसार सुलोचना, उसके पुत्र करण व अन्य षड्यंत्र रचकर उसके रुपयों को खुर्द-बुर्द करने की गर्ज से उस पर झूठा मुकदमा करवाने की फिराक में हैं। पुलिस ने रंगदारी मांगने के आरोप संबंधी धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच एएसआई विजयसिंह को सौंपी है।

# अब आधार केन्द्र सांय 7 बजे तक खुले रहेंगे 16 जुलाई तक प्रभावी रहेगा नया समय

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत आने वाले राशनकार्ड धारकों के समस्त सदस्यों को राशन प्राप्त करने हेतु पोश मशीन पर फिंगर प्रिन्ट देते हुए ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य कर दिया गया है। ई-केवाईसी के अभाव में उस सदस्य का गेंहू नहीं मिलेगा एवं राशन कार्ड से उस सदस्य का नाम भी कट जाएगा। जिन बच्चों का 5 वर्ष की आयु से पहले आधार नामांकन हो गया था, तथा उनके फिंगर प्रिंट आधार में अपडेट नहीं हुए थे। खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत गेंहू लेने के लिए उनके आधार में बायोमैट्रिक अपडेट करवाने के लिए आधार सेन्टर पर लोगो की भीड़ एकत्र हो रही है।

इसी सिलसिले में आधार सेन्टर पर लोगो को बेहतर सुविधा देने के लिए भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण नई दिल्ली ने सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के अन्तर्गत जिले में संचालित कुल 45 आधार केन्द्रों के समय अवधि को बढ़ाते हुए आमजन को राहत दी है। अब जिले में संचालित आधार केन्द्रों पर 16 जुलाई, 2024 तक प्रातः 9.30 बजे से सांय 7.00 बजे तक आधार नामांकन व आधार अपडेट का कार्य करवाया जा सकेगा।

### यहां संचालित है आधार केन्द्र

जिले के संगरिया में 7 आधार केन्द्र लीलावाली, मानकसर, ढ़ाबां, मालारामपुरा, पंचायत समिति, जलदाय विभाग एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में संचालित है। हनुमानगढ़ में 5 आधार केन्द्र रोड़ावाली, मैनावाली, कलक्ट्रेट, पुरानी कलक्ट्रेट एवं पीआरओ कार्यालय या सूचना केन्द्र में संचालित है। पीलीबंगा में 11 आधार केन्द्र निहालपुरा, खोथावाली, डबलीबास मौलवी, लिखमीसर, सरावावाला, हरदयालपुरा, बड़ोपल, तहसील, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जलदाय विभाग एवं पंचायत समिति में संचालित है। नोहर ब्लॉक में 3 आधार केन्द्र रामगढ़, मेघाना एवं जलदाय विभाग में संचालित है। भादरा में 5 आधार केन्द्र भिरानी, उतरादाबास, छानीबड़ी, डूंगराना एवं करनपुरा में संचालित है। रावतसर में 8 आधार केन्द्र 99आरडी, 10केडब्ल्यूडी, 29डीडब्ल्यूडी, पल्लू, खोडा, मोधूनगर, तहसील एवं सीडीपीओ कार्यालय में संचालित है। टिब्बी में 6 आधार केन्द्र 8 जीजीआर, सलेमगढ़ मसानी, पीरकामडिया, मसीतावाली, सूरेवाला एवं उपखण्ड कार्यालय में संचालित है।

# भैंगेपन के इलाज का उत्तम केंद्र बना जन सेवा हॉस्पिटल

तेज | रिपोर्टर. श्रीगंगानगर



भैंगापन अक्सर लोगों के लिए हीनभावना का कारण बन जाता है। इस वजह से कई बार युवक-युवतियों के रिश्ते तक नहीं हो पाते हैं। अब एक छोटे से ऑप्रेशन के जरिए इसका इलाज संभव है। हनुमानगढ मार्ग स्थित डॉ. एस.एस. टांटिया मेडिकल कॉलेज, हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (जन सेवा हॉस्पिटल) पिछले कुछ समय में भैंगापन दूर करने के लिए इलाज का एक उत्तम केंद्र बनकर उभरा है। यहां चिकित्सकों ने अनेक युवक-युवतियों का भैंगापन दूर करके उनमें एक आत्मविश्वास का संचार किया है। हॉस्पिटल के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रो. बलजीतसिंह कुलड़िया ने बताया कि जन सेवा हॉस्पिटल के नेत्र रोग विभाग में भैंगेपन के इलाज के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं उपलब्ध हैं। नेत्र रोग विभाग के अध्यक्ष डॉ. अरुण सी. पवार स्वयं ऑप्रेशन करते हैं। पिछले कुछ समय में ऐसे अनेक सफल ऑप्रेशन किए गए हैं। हाल ही रावला तहसील के एक गांव में रहने वाली 17 वर्षीय लड़की की आंख का ऑप्रेशन किया। इससे उसका भैंगापन दूर हो गया और वह सामान्य लोगों की तरह देखने लगी। इससे उसके आत्मविश्वास में एकाएक बहुत बढ़ोत्तरी हुई है। डॉ. अरुण सी पवार ने बताया कि एक मेल नर्सिंग कर्मी को भी इसी तरह की समस्या थी। इस कारण अक्सर उसे बहुत हीनभावना महसूस होती थी और कई बार अपमान का सामना करना पड़ता था। अब ऑप्रेशन के बाद वह भी स्वस्थ है। दोनों ऑप्रेशन मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में पूर्णतः निशुल्क किए गए हैं।

## सरकारी अस्पताल में खड़ी बोलेरो गाड़ी चोरी

**हनुमानगढ़।** नोहर के सरकारी अस्पताल में खड़ी बोलेरो गाड़ी दिनदहाड़े चोरी हो गई। बोलेरो गाड़ी मालिक की ओर से नोहर पुलिस थाना में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पुलिस के अनुसार ओमप्रकाश (48) पुत्र धन्नाराम छिम्पा निवासी चक 34 आरडब्ल्यूडी गंधेली पीएस रावतसर ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि वह दस जून को सुबह 8 बजे नोहर के राजकीय चिकित्सालय में बोलेरो गाड़ी नम्बर एचआर 09 सी 3171 लेकर आया था। तब से बोलेरो गाड़ी चिकित्सालय में ही खड़ी थी। 14 जून को दोपहर में करीब 12 बजे कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी बोलेरो गाड़ी चोरी कर ले गया। गाड़ी की आरसी, बीमा, प्रदूषण कार्ड, अन्य कागजात व घरेलू कीमती-उपयोगी सामान भी साथ ही चोरी हो गया। उन्होंने गाड़ी की काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश हैड कांस्टेबल दुनीराम को सौंपी है।

# विवादों के निपटारे का वैकल्पिक माध्यम है राष्ट्रीय लोक अदालत

## डोर-स्टेप काउंसलिंग के माध्यम से किया राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़




13 जुलाई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर की ओर से प्रेषित स्टेट एक्शन प्लान की पालना एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) तनवीर चौधरी के निर्देशानुसार बुधवार को जिला न्यायालय प्रांगण स्थित एडीआर भवन में डोर-स्टेप काउंसलिंग कम मेगा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) शिवचरण मीना ने डोर स्टेप काउंसलिंग व राष्ट्रीय लोक अदालत में रखे जाने वाले प्रकरणों की प्रकृति आदि के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लोक अदालतों का सबसे बड़ा गुण निःशुल्क तथा त्वरित न्याय है। ये विवादों के निपटारे का वैकल्पिक माध्यम है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि देश का कोई भी नागरिक आर्थिक या किसी अन्य अक्षमता के कारण न्याय पाने से वंचित न रह जाए। लोक अदालत में मामले को बातचीत के जरिए सफाई से हल कर लिया जाता है। मुआवजा और हर्जाना तुरन्त मिल जाता है। मामले का निपटारा तुरन्त हो जाता है। उन्होंने बताया कि डोर स्टेप काउंसलिंग में न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों को चिन्हित कर पक्षकारों के मध्य समझाइश करवाई जाती है। लोक अदालत त्वरित और सस्ते न्याय के लिए वैकल्पिक समाधान या युक्ति प्रदान करती है। राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने प्रकरणों का निस्तारण करवाने से पक्षकारों को सस्ता व सुलभ न्याय प्राप्त होता है। डोर स्टेप काउंसलिंग में मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारियों की ओर से विभिन्न योजनाओं के तहत लाभों का वितरण मौके पर करवाया गया। डोर स्टेप काउंसलिंग में पैनल अधिवक्ता अलंकार सिंह व नरेन्द्र वर्मा ने राष्ट्रीय लोक अदालत में उनके विभागों के न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों को राजीनामा से निस्तारित करवाने व राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने की अपील की।

# कारपेट सड़क के निर्माण कार्य का शिलान्यास



तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

नगर परिषद सभापति सुमित रणवां व विधायक प्रतिनिधि व वार्ड पार्षद संतोष बंसल ने बुधवार को जंक्शन के वार्ड एक में पेवर कारपेट सड़क के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। करीब 68 लाख रुपए की लागत से बनने वाली इस कारपेट सड़क का निर्माण पटेल पार्क से लेकर बाइपास से सुरेशिया की तरफ आने वाली सड़क तक होगा। सभापति ने तकनीकी अधिकारियों की टीम को सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। सभापति सुमित रणवां ने बताया कि पूर्व में इस सड़क की चौड़ाई कम थी। अब इसकी चौड़ाई 10 से 12 तक बढ़ाकर निर्माण करवाया जा रहा है। इस सड़क के बनने से सुरेशिया से लेकर पटेल पार्क, एडीएम की कोठी से होते हुए ताराचंद वाटिका तक आवागमन सुचारू होगा। सड़क के दोनों तरफ इंटरलॉकिंग का कार्य करवाया जाएगा। साथ ही पौधारोपण किया जाएगा। इस मौके पर लविका बंसल, एक्सईएन कर्मचंद अरोड़ा, जेईएन प्रेमदास, धीरज कुमार, आनंद कुमार, जेटीओ रघुवीर मीणा, सतीश सिंगला, रमेश दरगन, विद्याधर भादू, राकेश कुमार, सुभाष कड़वासरा, महेश जैन, महेन्द्र शर्मा आदि मौजूद रहे।



# स्वास्थ्य विभाग के जिम्मे ट्रेनिंग से लेकर स्क्रीनिंग और इलाज तक का कार्य

- » ब्लॉक स्तर पर ट्रेनिंग देंगे प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर
- » अगले सप्ताह होगा नशा मुक्त हनुमानगढ़ को लेकर शुरू की गई पहल का आगाज

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

जिला कलक्टर कानाराम की ओर से नशा मुक्त हनुमानगढ़ को लेकर शुरू की गई पहल को अमलीजामा पहनाने की दिशा में प्रशासन की ओर से कार्य शुरू कर दिया गया है। इस अभियान के तहत सभी विभागों को अलग-अलग टास्क दिए गए हैं। संबंधित विभाग उन्हें सौंपे गए कार्यों को पूरा करने की तैयारियों में जुट गए हैं। इस कड़ी में स्वास्थ्य विभाग को ट्रेनिंग से लेकर स्क्रीनिंग और इलाज तक का कार्य सौंपा गया है। इसके तहत पूरे जिले में सर्वप्रथम 10-11 मास्टर ट्रेनर चयनित किए जाएंगे। वह मास्टर ट्रेनर ब्लॉक स्तर पर ट्रेनिंग देंगे। कोई भी विभाग अपने कार्मिकों की ट्रेनिंग करवाने के लिए इन मास्टर ट्रेनर्स को कॉल कर सकता है। विभाग अपने स्तर पर भी ट्रेनिंग दिलवा सकते हैं। इसके बाद ब्लॉक स्तर से लेकर एएनएम-आशा तक को ट्रेंड किया जाएगा। उन्हें फॉरमेट दिए जाएंगे। उस फॉरमेट से रूट वर्कर स्क्रीनिंग करेंगी। स्क्रीनिंग में नशा करने वाले व्यक्तियों को चयनित किया जाएगा। इसके बाद आयोजित होने वाले कैंपों में मनोरोग विशेषज्ञ इन चयनित व्यक्तियों का इलाज शुरू करेंगे। आवश्यकता होने पर संबंधित व्यक्ति को जिला स्तर पर भर्ती भी किया जाएगा। इलाज ले रहे व्यक्तियों का फॉलोअप भी होगा। स्वास्थ्य विभाग की ओर से फॉलोअप के लिए भी एएनएम को फॉरमेट उपलब्ध करवाया है। इसमें प्रशासन का भी सहयोग रहेगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग तैयारियों में जुटा हुआ है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि जिला कलक्टर की ओर से नशा मुक्त हनुमानगढ़ को लेकर पहल की जा रही है। इसके तहत पूर्व में दो-तीन मीटिंग हो चुकी है। जिला कलक्टर की ओर से स्वास्थ्य विभाग को भी अलग टास्क दिया गया है। उन्होंने बताया कि यह अभियान अगले सप्ताह से शुरू होगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम में इस अभियान का आगाज होगा। उससे पहले स्वास्थ्य विभाग की ओर से मास्टर ट्रेनर की ट्रेनिंग करवाई जाएगी। उम्मीद है कि जिला कलक्टर की पहल के अच्छे परिणाम सामने आएंगे।

## सरकारी नशा मुक्ति केन्द्र खोलने की दिशा में चल रहा कार्य

सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने बताया कि अस्थाई नशा मुक्ति केन्द्र के लिए जगह चिह्नित करने के निर्देश मिले थे। जंक्शन की कैनाल कॉलोनी में वर्तमान में चल रहे हॉस्पिटल की जगह को नशा मुक्ति केन्द्र के लिए चिह्नित किया गया है परंतु बजट घोषणा के तहत खुंजा में स्थाई सरकारी नशा मुक्ति केन्द्र के लिए जगह चिह्नित कर ली गई है। दोनों में से जिस जगह पहले काम शुरू होगा वहां नशा मुक्ति केन्द्र शुरू कर दिया जाएगा। लेकिन प्रशासन की प्राथमिकता यही है कि नशा मुक्ति की तरफ जल्द से जल्द काम शुरू किया जाए। उन्होंने बताया कि अगर कैनाल कॉलोनी में अस्थाई नशा मुक्ति केन्द्र शुरू किया जाता है तो शुरुआत में 10 से 15 मरीजों को भर्ती करने की व्यवस्था की जाएगी। योजना बढ़ती है तो सरकारी नशा मुक्ति केन्द्रों को सुदृढ़ीकृत करते हुए वहां मरीजों को भर्ती करने की व्यवस्था की जाएगी।

# एक जुलाई से बदल जाएगा देश का आपराधिक कानून



## पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को किया जा रहा प्रशिक्षित

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

डेढ़ सौ साल पुरानी दण्ड आधारित न्याय प्रणाली के लिए पुराने आपराधिक कानूनों की जगह अब तीन नए आपराधिक कानून लागू होने जा रहे हैं। यह तीन नए कानून 1 जुलाई से पूरे देश में लागू होने जा रहे हैं। इन नए आपराधिक कानूनों को समझने के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में बुधवार को थाना एसएचओ व आईओ को पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान की मौजूदगी में ट्रेनिंग दी गई। ट्रेनिंग में जिले के सभी थानों के एसएचओ व आईओ ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। एसपी विकास सांगवान ने बताया कि एक जुलाई से नागरिक सुरक्षा संहिता की ओर से पुराने सीआरपीसी व आईपीसी कानूनों में बदलाव किया जा रहा है। नए कानून में कई प्रोसेस को इलेक्ट्रॉनिक एवीडेंस के जरिए मान्यता दी गई है। इसी के तहत सम्मन व वारंट की प्रक्रिया को भी धीरे-धीरे ऑनलाइन किया जाएगा। शुरुआती तौर पर चार जिलों हनुमानगढ़, जैसलमेर, सिरोही व सवाई माधोपुर में ऑनलाइन सम्मन-वारंट भिजवाए जाएंगे और ऑनलाइन की उनकी तामिली कर वापस कोर्ट भिजवाए जाएंगे। इसी के संबंध में पुलिस मुख्यालय और राज्य सरकार की ओर से कई सारे ट्रेनिंग मॉड्यूलस लॉन्च किए गए हैं। इसमें पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों को ट्रेंड किया जा रहा है। एक जुलाई से पूरी प्रक्रिया लागू हो जाएगी।

स्वामी दैनिक तेज के लिए प्रकाशक व मुद्रक देवेन्द्र शर्मा द्वारा नजदीक भगत सिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन से प्रकाशित एवं शर्मा प्रिन्टिंग प्रेस नजदीक भगत सिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन (राजस्थान) से मुद्रित। सम्पादक देवेन्द्र शर्मा। आरएनआई रजि. नं. 23549/71, पोस्टल रजि. नं.गंगानगर/29/2024-2026, पोस्ट बॉक्स नं-26 फोन : 269443, 9414095543, फैक्स : 01552-268442